


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 100 | शनिवार, 23 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल सप्तमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया




## एक नजर

### एवरेस्ट शिखर से उतरते समय दो भारतीयों की मौत

काठमांडू। माउंट एवरेस्ट से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। एवरेस्ट से उतरते समय दो भारतीयों की मौत हो गई है। गाइड ने बचाने की कोशिश की लेकिन वह उन्होंने बचा नहीं सके। माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले दो भारतीय पर्वतारोहियों की उतरते समय मौत हो गई। यह जानकारी शुक्रवार को एक अधिकारी ने दी। नेपाल अभियान संचालक संघ के महासचिव ऋषि भंडारी ने बताया कि अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे नामक पर्वतारोही शिखर से नीचे आते समय बुरी तरह थक गए थे। उनके गाइडों के प्रयासों के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। भंडारी ने पीटीआई को बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि संदीप अरे ने बुधवार को शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। वहीं, अरुण तिवारी ने गुरुवार को शाम लगभग 5.30 बजे शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि गाइडों ने बहुत मेहनत की लेकिन वह उन्हें बचाने में सक्षम नहीं हो सके। संदीप अरे का निधन गुरुवार को हुआ। वहीं, अरुण तिवारी का निधन कब हुआ, यह स्पष्ट नहीं है।

### ओडिशा में बस और ऑटो की भिड़ंत में छह लोगों की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा के गंजम जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां एक बस और ऑटो रिक्शा के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की जान चली गई और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी है। मृतकों में दो नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। सभी मृतक और घायल एक ही गांव के बताए जा रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाडकापल्ली चौराहे के पास हुई। तेज रफ्तार बस ने तीन पहिया ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, तीन अन्य लोगों की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई।

## कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने दी अपनी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर ' कॉकरोच जनता पार्टी ' हैंडल ने जो सनसनी मचाई है, उसपर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसकी तुलना प्रेशर-कूकर के वॉल्व से की है और कहा है कि लोकतंत्र में इसे दबाना मूर्खता है।

इंस्टाग्राम पर जिस रफ्तार से 'कॉकरोच जनता पार्टी' नाम के हैंडल के फॉलोअरों की संख्या बढ़ी है, उसने दुनिया भर में एक मिसाल कायम की है। भारत में तो यह सिसासी गलियारों में तो यह सोशल मीडिया पार्टी चर्चा का विषय बनी हुई है और इसके समर्थन और विरोध दोनों में ही तरह-तरह की दलीलें दी जा रही हैं। इसी कड़ी में केरल




के तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी आगे आए हैं। उन्होंने एक्स पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट किया है, जिसकी शुरुआत में उनका कहना है, 'बहुत सारे यूजर्स ने इसे पाकिस्तान-निर्मित साजिश बताकर खारिज किया है, लेकिन वह बहुत ज्यादा सरल है, अभिजीज दीपके ने इसके विरोध में दावा किया है कि उनके 94% फॉलोअर्स भारत में हैं।' सच जो भी हो (और शायद इंस्टाग्राम को इसका सही रिकॉर्ड देना चाहिए), मेरा कहना है कि लोकतंत्र में इसे दबाना मूर्खता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता ये है कि यह जन भावनाओं, कुंठा और शिकायतों के लिए एक मंच प्रदान करता है। इन्हें किसी व्यंगात्मक साइट पर प्रसारित होने देना राष्ट्रहित में है। थरूर ने आगे लिखा है कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापकों की सोच जो भी रही हो, लेकिन 'इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि उन्होंने देश के युवाओं में राष्ट्रीय भावना की एक महत्वपूर्ण धारा को जगाया है।' देश के 'लोकतंत्र के संरक्षक होने के नाते सरकार और विपक्ष दोनों को ही सावधानी से इनकी बातें सुननी चाहिए। इनका जो भी असंतोष है उसका समाधान करना चाहिए।'

## पीएम मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति की हुई मुलाकात

नई दिल्ली। भारत और साइप्रस के बीच रिश्तों को नई मजबूती देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस की मुलाकात हुई। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों समेत कई अहम विषयों पर चर्चा होगी।

भारत और साइप्रस के रिश्तों को नई मजबूती देने की दिशा में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस की नई दिल्ली में मुलाकात हुई। दोनों नेता व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय मुद्दों समेत कई अहम विषयों पर चर्चा करेंगे। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस गुरुवार को नई



दिल्ली पहुंचे, जहां केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय (MEA) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रपति को औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मंत्रालय ने इस यात्रा को भारत-साइप्रस साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा जून 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक साइप्रस यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े सहयोग को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से हो रही है। दोनों देशों ने रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता जताई है। नई दिल्ली में राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू उनके सम्मान में आधिकारिक भोज का आयोजन करेंगी। वहीं विदेश मंत्री एस. जयशंकर शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस से मुलाकात करेंगे, जिसके बाद उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता होगी। राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने भारत यात्रा को बेहद महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि यह दौरा भारत और साइप्रस के बीच पहले से मजबूत संबंधों को और आगे बढ़ाने में निर्णायक साबित होगा।

# ईरान ने अमेरिका को दिया एक अरब डालर का झटका! 24 रीपर ड्रोन किए तबाह

वॉशिंगटन। ईरान ने 28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत के बाद से अमेरिकी सेना के दो दर्जन से अधिक MQ-9 रीपर ड्रोन नष्ट कर दिए हैं। इससे अमेरिका को कम के कम 1 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं, ईरान की इस कार्रवाई से अमेरिका के पास युद्ध से पहले मौजूद MQ-9 रीपर ड्रोन के स्टॉक का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा खत्म हो गया है। इसे भारत के लिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि उसने अमेरिका से 3.5 अरब डॉलर में 31 एमक्यू-9बी (MQ-9B) प्रीडेटर आर्म्ड ड्रोन (एमक्यू-9 रीपर) ड्रोन की डील की है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस संघर्ष के दौरान कम से कम 24 MQ-9 रीपर — और संभवतः 30 तक — नष्ट हो गए हैं। इस आंकड़े में वे ड्रोन शामिल हैं जिन्हें ऑपरेशन के दौरान मार गिराया गया, मिसाइल हमलों में नष्ट कर दिया गया, या नुकसान पहुंचने के बाद बेकार घोषित कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से कई ड्रोन ईरान



के एयर डिफेंस सिस्टमों के जरिए तब मार गिराए गए जब वे दुश्मन के इलाके के ऊपर उड़ान भर रहे थे। अन्य ड्रोन मिसाइल हमलों के दौरान जमीन पर ही नष्ट हो गए या ऑपरेशन के दौरान हुई दुर्घटनाओं में खो गए। जनरल एटॉमिक्स द्वारा निर्मित MQ-9 रीपर का उपयोग अमेरिकी सेना द्वारा पूरे संघर्ष के दौरान निगरानी और सटीक हमलों के लिए बड़े पैमाने पर किया गया है। ये ड्रोन उन्नत सेंसर और कैमरों से लैस हैं, और ये हेलफायर मिसाइलें तथा JDAM-गाइडेड बम ले जाने में सक्षम हैं। प्रत्येक MQ-9 की कीमत लगभग $30 मिलियन है, जिससे हुआ कुल नुकसान पेंटागन के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अब अमेरिकी सेना के लिए इन ड्रोनों का उत्पादन नहीं किया जा रहा है, जिससे नष्ट हुए विमानों की भरपाई करने के प्रयास और भी जटिल हो गए हैं। नए जेट-संचालित एवेंजर स्ट्राइक ड्रोन की केवल लगभग 10 इकाइयाँ ही कभी बनाई गई थीं, जिससे अमेरिका के पास विकल्प बहुत सीमित रह गए हैं। इस महीने की शुरुआत में, कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की एक रिपोर्ट ने भी इस संघर्ष के दौरान कम से कम 24 रीपर ड्रोनों के नष्ट होने की पुष्टि की थी। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की जिन संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है या जो नष्ट हो गई हैं, उनमें चार F-15E स्ट्राइक ईगल, एक F-35A लाइटनिंग II, एक A-10 थंडरबोल्ट II, सात KC-135 स्ट्रैटोटैंकर, एक E-3 सेंट्री AWACS विमान, दो MC-130J कमांडो II विमान, एक HH-60W जॉली ग्रीन II हेलीकॉप्टर, 24 MQ-9 रीपर और एक MQ-4C ट्राइटन ड्रोन शामिल हैं। इस संघर्ष में बड़ी संख्या में महंगे हथियार भी इस्तेमाल हुए हैं। जिनमें टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें और JASSM-ER लंबी दूरी की मिसाइलें शामिल हैं।

## चीन पर शिकंजा कसने की तैयारी: अमेरिका में नया बिल पेश, ड्रैगन के सैन्य नेटवर्क पर लगाना चाहता है प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका में दो रिपब्लिकन सांसदों ने सीसीपी सैंक्शंस शॉट क्लॉक एक्ट नामक विधेयक पेश किया है। इसके तहत राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानी जाने वाली चीनी कंपनियों और व्यक्तियों पर एक साल के भीतर प्रतिबंध लगाना अनिवार्य होगा।

अमेरिका में चीन के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। दो वरिष्ठ रिपब्लिकन सांसदों ने चीन के सैन्य-औद्योगिक नेटवर्क से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं पर तेजी से प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से नया विधेयक पेश किया है। सांसदों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानी जाने वाली चीनी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई में अब और देरी नहीं की जा सकती।

रिपब्लिकन सीनेटर रिक स्कॉट और प्रतिनिधि एलिस स्टेफानिक ने 'सीसीपी सैंक्शंस शॉट क्लॉक एक्ट' नाम का विधेयक पेश किया है। इस प्रस्तावित कानून के तहत अमेरिकी ट्रेजरी विभाग को उन चीनी व्यक्तियों और कंपनियों के खिलाफ एक साल के भीतर कार्रवाई करनी होगी, जिन्हें अमेरिकी सरकार सुरक्षा के लिए खतरा मानती है। विधेयक का उद्देश्य वित्त वर्ष 2026 के राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम में संशोधन करना



है। इसके तहत एक निश्चित समय सीमा तय की जाएगी, जिसके भीतर संदिग्ध चीनी संस्थाओं को ट्रेजरी विभाग की 'नॉन-एसडीएन चीनी सैन्य-औद्योगिक कॉम्प्लेक्स कंपनियों की सूची' में शामिल करना अनिवार्य होगा। मौजूदा कानून के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति हर दो साल में ऐसी रिपोर्ट पेश करते हैं, जिसमें उन चीनी व्यक्तियों और संस्थाओं की पहचान की जाती है, जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम माना जाता है। हालांकि, अभी ट्रेजरी विभाग के लिए इन संस्थाओं पर कार्रवाई या सूची अपडेट करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। नया विधेयक इसी व्यवस्था को बदलने का प्रयास करता है। प्रस्तावित कानून के मुताबिक, राष्ट्रपति की रिपोर्ट पेश होने के एक साल के भीतर ट्रेजरी सचिव को संबंधित विदेशी नागरिकों और संस्थाओं को प्रतिबंध सूची में शामिल करना होगा और संशोधित सूची को फेडरल रजिस्टर में प्रकाशित करना होगा। सीनेटर रिक स्कॉट ने कहा कि जैसे ही किसी संस्था की पहचान अमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में होती है, उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सैन्य हितों के लिए काम करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को अमेरिका में कारोबार करने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। कम्युनिस्ट चीन हमारा दुश्मन है और अब उसी के अनुरूप सख्त कदम उठाने का समय आ गया है। वहीं, एलिस स्टेफानिक ने कहा कि यह विधेयक चीन के सैन्य विस्तार से जुड़ी कंपनियों पर अमेरिका की आर्थिक निर्भरता कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

## इजरायल पर अमेरिका ने लुटा दिए अपने हथियार, ट्रंप अब कंगाल

नई दिल्ली। ईरान से लड़ाई में इजरायल का बचाव करते-करते अब अमेरिका खुद परेशानी में फंसता दिख रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि दुनिया की सबसे ताकतवर सेना के मिसाइल भंडार पर सवाल उठने लगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल को बचाने के लिए अमेरिका ने इतनी ज्यादा इंटरसेप्टर मिसाइलें दाग दीं कि उसके अपना स्टॉक आधा रह गया है। अब जापान और दक्षिण कोरिया जैसे अमेरिकी सहयोगी भी चिंता में हैं। डर इस बात का है कि अगर अचानक चीन, नॉर्थ कोरिया या फिर ईरान के साथ नया तनाव बढ़ा, तो क्या अमेरिका के पास खुद को और अपने दोस्तों को बचाने के लिए पर्याप्त मिसाइलें बची हैं?

अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में ईरान के साथ हुए संघर्ष के दौरान इजरायल की हवाई सुरक्षा का बड़ा हिस्सा संभालने की वजह से अमेरिका के एडवांस मिसाइल डिफेंस इंटरसेप्टर का



बड़ा स्टॉक खत्म हो गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी अधिकारियों ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि इस असंतुलन ने चिंता बढ़ा दी है कि क्या अमेरिका दुनिया भर में अपनी सुरक्षा जिम्मेदारियों को निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने इजरायल की रक्षा के लिए 200 से ज्यादा टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस यानी THAAD इंटरसेप्टर मिसाइलें दागीं। इसके अलावा पूर्वी भूमध्य सागर में मौजूद अपने नौसैनिक जहाजों से 100 से ज्यादा स्टैंडर्ड मिसाइल-3 और स्टैंडर्ड मिसाइल-6 इंटरसेप्टर भी लॉन्च किए गए। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि इससे अमेरिका के मिसाइल भंडार का लगभग आधा हिस्सा खत्म हो गया है। वहीं दूसरी तरफ, इजरायल ने 100 से कम एरो इंटरसेप्टर और करीब 90 डेविड्स स्लिंग इंटरसेप्टर इस्तेमाल किए। इनमें से कुछ का इस्तेमाल यमन और लेबनान में ईरान समर्थित समूहों द्वारा दागे गए कम ताकत वाले प्रोजेक्टाइल को रोकने

## यूपी-बंगाल के बाद दिल्ली में बकरीद पर खुले में कुर्बानी बैन

नई दिल्ली। यूपी और पश्चिम बंगाल के बाद दिल्ली की बीजेपी सरकार ने भी बकरीद पर गाइलाइन जारी की है। दिल्ली में भी सड़कों और गलियों में कुर्बानी पर रोक लगाई है। कुर्बानी केवल वैध जगहों पर ही की जा सकती है। इसके अलावा बकरीद पर गौवंश, गाय, बछड़ा, ऊंट और अन्य प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने बकरीद पर दिल्ली सरकार की गाइडलाइन्स जारी की। उन्होंने बताया कि बकरीद पर गौवंश, गाय, बछड़ा, ऊंट व अन्य प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी पूरी तरह गैरकानूनी है, ऐसा करने वालों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों गली, सड़कों पर कुर्बानी की अनुमति नहीं है, ऐसा करने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने आगे बताया कि बकरीद पर कुर्बानी के बाद सीवर और नाली या सार्वजनिक स्थलों पर कचरा डालना पूरी तरह प्रतिबंधित है , कुर्बानी सिर्फ वैध स्थलों



पर ही की जा सकती है। इन गाइडलाइंस का उल्लंघन होने पर पुलिस व दिल्ली सरकार के विकास मंत्रालय को सूचित कर सकते हैं। दिल्ली सरकार ने बकरीद के मद्देनजर अधिकारियों को राजधानी में अवैध पशु वध, अनधिकृत पशु व्यापार और पशुओं के प्रति क्रूरता के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया। दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने एक समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि पशुओं के गैर-कानूनी परिवहन, अवैध वध और पशुओं के प्रति क्रूरता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 'ईद-उल-अजहा के दौरान पशु कल्याण और सार्वजनिक स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए, कुर्बानी की अनुमति केवल अधिकृत और निर्धारित स्थानों पर ही दी जानी चाहिए।

## कॉकरोच जनता पार्टी ने इंस्टा पर दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी को पछाड़ा

नई दिल्ली। दरअसल, 15 मई को भारत के सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था, "समाज में पहले से ही ऐसे परजीवी मौजूद हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं। क्या आप भी उनके साथ जुड़ना चाहते हैं? कुछ युवा ऐसे हैं, जो रोज़गार नहीं मिलने और पेशे में जगह न बना पाने के कारण कॉकरोच की तरह हर जगह फैल जाते हैं। जस्टिस सूर्यकांत की इस टिप्पणी की बहुत आलोचना हुई। हालांकि इस आलोचना के बाद जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण दिया और कहा कि उनकी टिप्पणी को ग़लत तरीक़े से पेश किया गया है।

उन्होंने कहा, "मुझे यह देखकर दुख हुआ कि मीडिया के एक वर्ग ने कल (15 मई को) एक निरर्थक मामले की सुनवाई के दौरान की गई मेरी मौखिक टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया। मैंने विशेष रूप से उन लोगों की आलोचना की थी, जिन्होंने फर्ज़ी और नकली डिग्रियों की




मदद से बार (कानूनी पेशे) जैसे क्षेत्रों में प्रवेश किया है। ऐसे ही लोग मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य सम्मानित पेशों में भी घुस आए हैं, इसलिए वे परजीवियों की तरह हैं। लेकिन तब तक कॉकरोच भारत की राजनीतिक बहस में शामिल हो चुका था. 16 मई को 30 साल के अभिजीत दीपके ने एक्स पर एक गूगल फॉर्म पोस्ट किया, जिसमें लोगों को कॉकरोच जनता पार्टी में रजिस्ट्रेशन के लिए आमंत्रित किया। इमेज कैप्शन,सीजेपी के एक्स अकाउंट को भारत में बैन करने के बाद कॉकरोच इज़ बैक नाम से अकाउंट बनाया गया है। कुछ ही घंटों में अभिजीत को 5,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन मिल गए और इंटरनेट पर शुरू हुआ एक मज़ाक धीरे-धीरे सार्वजनिक असंतोष, हास्य और राजनीतिक हताशा को अभिव्यक्त करने वाले एक अनौपचारिक संगठन में बदल गया। देखते ही देखते भारत में सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी के फॉलोवर्स लाखों में हो गए।

## भारत के लिए खोले गए तेल और गैस के कुएं: अमेरिकी विदेश मंत्री

वॉशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। इस यात्रा से पहले मार्को रुबियो ने एक बड़ा ऐलान किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत जितना ऊर्जा खरीदना चाहे हम उन्हें देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का 'महान' साझेदार है। हम भारत के साथ पहले ही और ज्यादा ऊर्जा बेचने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि भारत के कुल पोर्टफोलियो में ज्यादा हिस्सा हासिल करें। इसी दौरान मार्को रुबियो ने यह भी खुलासा कर दिया कि वेनेजुएला के अंतरिम राष्ट्रपति भारत के दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरे का अभी तक भारत की ओर से ऐलान नहीं किया गया था। आइए समझते हैं कि अमेरिकी विदेश मंत्री एक तीर से कई शिकार करने की कोशिश कर रहे हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि हम अमेरिकी उत्पादन के ऐतिहासिक स्तर पर हैं। अमेरिका भारत को तेल और एलपीजी का अभी निर्यात कर रहा है।



होर्मुज संकट की वजह से भारत का यह आयात काफी बढ़ गया है। हाल के वर्षों में अमेरिका ने अपना उत्पादन काफी बढ़ा दिया है और चाहता है कि भारत जैसा बड़ा खरीददार उससे तेल और गैस खरीदे। भारत भी चाहता है कि वह होर्मुज संकट को देखते हुए अपने ऊर्जा सप्लायरों की लिस्ट में वविधिता लाए। एक्सपर्ट का मानना है कि अमेरिका के इस ऐलान में एक बड़ा पेच है। अमेरिका जिस तेल को बेचता है, वह दुनिया में काफी महंगा है। वहीं भारत रूस और खाड़ी के अन्य देशों से सस्ता तेल खरीदता है।

**आरक्षण** | आरक्षण लाभ से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए की क्रीमी लेयर पर सुप्रीम टिप्पणी

## 'माता-पिता आईएएस हैं तो आरक्षण क्यों?', कोर्ट ने कहा- संतुलन जरूरी

दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने क्रीमी लेयर और आरक्षण को लेकर सुनवाई के दौरान कहा कि अगर माता-पिता शिक्षा और आर्थिक रूप से मजबूत स्थिति में पहुंच चुके हैं, खासकर दोनों आईएएस अधिकारी हैं, तो उनके बच्चों को आरक्षण की जरूरत पर सवाल उठता है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आरक्षण और सामाजिक गतिशीलता के मुद्दे पर महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं। पिछड़े वर्गों में क्रीमी लेयर को मिलने वाले आरक्षण लाभ से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सवाल उठाया कि जिन परिवारों ने शिक्षा और आर्थिक रूप से प्रगति कर ली है, क्या उनके बच्चों को भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर दोनों माता-पिता आईएएस अधिकारी हैं तो फिर उनके बच्चों को आरक्षण क्यों मिलना चाहिए?



### कोर्ट ने कहा- संतुलन बनाए रखना जरूरी

सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि इस मुद्दे में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन अपनी जगह है, लेकिन जब माता-पिता आरक्षण का लाभ लेकर एक निश्चित स्तर तक पहुंच चुके हैं और दोनों आईएएस अधिकारी या सरकारी सेवा में अच्छी स्थिति में हैं, तो सामाजिक गतिशीलता स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ऐसे लोगों को आरक्षण से बाहर रखने के आदेशों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता शशांक रतनू ने कहा कि लोगों को उनकी सैलरी की वजह से नहीं, बल्कि उनके सामाजिक दर्जे के आधार पर बाहर किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रुप-ए कर्मचारियों को बाहर किया गया है और ग्रुप-बी कर्मचारियों को भी बाहर किया जाता है। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सामाजिक गतिशीलता आती है। ऐसे में अगर अगली पीढ़ी भी आरक्षण मांगती रहेगी तो समाज कभी इससे बाहर नहीं निकल पाएगा। उन्होंने कहा कि यह भी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। जस्टिस नागरत्ना ने आगे कहा कि छात्रों के माता-पिता अच्छी नौकरियों में हैं, अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उनके बच्चे फिर भी आरक्षण चाहते हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि उन्हें अब आरक्षण से बाहर निकलना चाहिए। अधिवक्ता रतनू ने अदालत से कहा कि इस मुद्दे पर गहराई से विचार किए जाने की जरूरत है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) व क्रीमी लेयर के बीच अंतर होना चाहिए। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि ईडब्ल्यूएस में सामाजिक पिछड़ापन नहीं होता, बल्कि केवल आर्थिक पिछड़ापन होता है। रतनू ने कहा कि इसी वजह से क्रीमी लेयर के मानदंड ईडब्ल्यूएस की तुलना में अधिक उदार होने चाहिए। अगर दोनों को एक समान मान लिया जाएगा, तो दोनों के बीच कोई अंतर नहीं रह जाएगा।

## अमित शाह ने 'स्मार्ट बॉर्डर' परियोजना की घोषणा की

दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा पार घुसपैठ पर शून्य-सहिष्णुता नीति की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार इस वर्ष 'स्मार्ट बॉर्डर' परियोजना शुरू करेगी। 6,000 किमी सीमा पर सुरक्षा ग्रिड, ड्रोन रडार और उन्नत कैमरे लगाए जाएंगे। शाह ने अवैध प्रवासन को जनसांख्यिकीय बदलाव की साजिश बताते हुए सभी घुसपैठियों की पहचान कर निर्वासन का संकल्प दोहराया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज घोषणा की कि सरकार सीमा पार घुसपैठ के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाएगी। उन्होंने बताया कि देश की सीमाओं को सील करने और सभी अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए एक व्यापक स्मार्ट बॉर्डर परियोजना इस वर्ष शुरू की जाएगी। शाह ने कहा कि अवैध प्रवासन जनसांख्यिकीय बदलाव लाने की एक सोची-समझी साजिश है, और सरकार हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे निर्वासित करेगी। विज्ञान भवन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पदग्रहण



समारोह 2026 को संबोधित करते हुए शाह ने यह बात कही। गृह मंत्रालय देश की 6,000 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर एक अभेद्य सुरक्षा ग्रिड लागू करेगा। उन्होंने घोषणा की कि अगले एक वर्ष के भीतर, स्मार्ट बॉर्डर अवधारणा के तहत, बीएसएफ को ड्रोन रडार और उन्नत कैमरों सहित आधुनिक तकनीक से लैस किया जाएगा। गृह मंत्री ने बीएसएफ से आग्रह किया कि वह घुसपैठ और पशु तस्करी के मार्गों की पहचान करने और उन्हें बंद करने के लिए राज्य पुलिस, जिला कलेक्टरों और ग्राम पटवारियों के साथ सीधे समन्वय करके अपने खुफिया नेटवर्क का विस्तार करे।

## एक नजर

### नगर के एक व्यक्ति का शव रोशनपुर रेलवे फाटक पर मिला



**टांडा।** थाना भगतपुर क्षेत्र के अंतर्गत रोशनपुर रेलवे फाटक के पास शुक्रवार शाम करीब चार बजे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को बेहोशी की हालत में भोजपुर सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नगर के मोहल्ला बरगद निवासी मोहम्मद शरीफ (35) पुत्र यासीन के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, शरीफ गुरुवार को ट्रेन से उत्तराखंड के रामनगर अपनी बहन के घर गया था। शुक्रवार को वह ट्रेन से वापस लौट रहा था, लेकिन शाम तक घर नहीं पहुंचा। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन से गिरने या किसी अन्य हादसे के कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है। मृतक अपने पीछे दो मासूम बेटियों को छोड़ गया है।

# राज बनकर कय्यूम ने की शादी, एसएसपी से शिकायत

## धर्म बदलने से मना किया तो दी फ्रिज वाली धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 23 वर्षीय युवती ने खुद को लव जिहाद का शिकार बताते हुए एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। युवती का आरोप है कि एक मुस्लिम युवक ने हिंदू नाम और पहचान अपनाकर उसे प्रेमजाल में फंसाया, दुष्कर्म किया और बाद में शादी के बाद धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।पीड़िता के मुताबिक वह वर्ष 2023 में गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात एक युवक से मंदिर में हुई। युवक ने अपना नाम राज गुप्ता बताया और खुद को इंजीनियर बताया। युवती



का कहना है कि आरोपी माथे पर तिलक लगाता था, हाथ में कलावा पहनता था और मंदिर में पूजा-पाठ भी करता था, जिससे उसे उस पर भरोसा हो गया। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और मुलाकातें बढ़ने लगीं। कुछ समय बाद युवती की नौकरी छूट गई और वह बरेली लौट आई। आरोप है कि इसके बाद युवक लगातार संपर्क में रहा और शादी का भरोसा देकर मार्च 2024 में बरेली आया।

### होटल में दुष्कर्म, गर्भवती होने पर मंदिर में शादी

युवती का आरोप है कि आरोपी उसे रामपुर हाईवे स्थित एक होटल में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद वह गर्भवती हो गई। जब उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी उसे गुरुग्राम ले गया और गर्भपात कराने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने गुरुग्राम के एक मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से उससे शादी कर ली। शादी में युवती के परिजन भी शामिल हुए थे और शादी के वीडियो सोशल मीडिया पर भी साझा किए गए।

### बेटी के जन्म के बाद धर्म परिवर्तन का दबाव

पीड़िता के मुताबिक, फरवरी 2025 में उसने एक बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि बच्ची के जन्म के बाद आरोपी और उसके परिवार वालों ने मुस्लिम धर्म अपनाने की शर्त रखी। मना करने पर उसे छोड़ दिया गया। युवती फिलहाल सीबीगंज क्षेत्र में किराये के कमरे में रह रही है। उसका आरोप है कि आरोपी कई बार उसके कमरे पर आया, मारपीट की और जबरन संबंध बनाए। दूसरी बार गर्भवती होने पर आरोपी ने धोखे से गर्भपात की दवा खिला दी।

### टुकड़े कर फ्रिज और सूटकेस में भरने की धमकी

युवती ने आरोप लगाया कि आरोपी लगातार धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। विरोध करने पर उसे छोटे-छोटे टुकड़े करके फ्रिज और सूटकेस में भरकर फेंक देने की धमकी दी गई। पीड़िता का कहना है कि पहले पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद शुक्रवार को उसने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।

# एमजेपीआरयू में मनाया नो व्हीकल डे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पेट्रोल-डीजल के बढ़ते संकट और ऊर्जा संरक्षण के संदेश के बीच महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शुक्रवार को नो व्हीकल डे मनाया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में निजी वाहनों की एंट्री पूरी तरह बंद रही। कैंपस के भीतर केवल ई-कार्ट, ई-रिक्शा और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों को ही चलने की अनुमति दी गई।आमतौर पर अपनी कारों से विभाग तक पहुंचने वाले प्रोफेसर और अधिकारी इस बार पैदल चलते नजर आए। कई कर्मचारियों ने ई-रिक्शा और इलेक्ट्रिक वाहनों का सहारा लिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पहल को ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

विश्वविद्यालय पहुंचने वाले छात्र, अभिभावक और पुरातन छात्रों के निजी वाहनों को मुख्य गेट पर ही रोक दिया गया। वाहनों को स्टैंड में खड़ा कराया गया, जबकि लोगों को ई-रिक्शा के जरिए कैंपस के भीतर भेजा गया। पूरे दिन परिसर में अलग माहौल देखने को मिला और लोग इस पहल की चर्चा करते रहे। कुलसचिव हरीश चंद, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर रविंद्र सिंह और सुरक्षा प्रभारी सुधांशु कुमार ने भी अपने निजी वाहनों का उपयोग नहीं किया। अधिकारी लगातार लोगों से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और ईंधन बचाने की अपील करते रहे।

### यह केवल प्रयोग नहीं, आने वाली पीढ़ियों के लिए संकल्प

कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह ने कहा कि यह केवल एक दिन का प्रयोग नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बड़ा संकल्प है। उन्होंने कहा कि नो व्हीकल डे ने साबित कर दिया कि यदि समाज और विश्वविद्यालय परिवार मिलकर संकल्प लें तो ऊर्जा बचत, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला और आत्मनिर्भर भारत का सपना आसान हो सकता है। उन्होंने लोगों से सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन, कार-पूलिंग, रेल यात्रा और पैदल चलने को अपनाने की अपील की। साथ ही स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने और घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने का भी आह्वान किया। कुलपति ने कहा कि छोटी-छोटी कोशिशें ही भविष्य में बड़े बदलाव की नींव बनती हैं।

## जनगणना-2027 के प्रथम चरण में डीएम आवास का हुआ सूचीकरण

**पीलीभीत।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना" के अंतर्गत जनपद पीलीभीत में प्रत्येक मकान का विवरण दर्ज करने का कार्य प्रारम्भ हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रगणक सुनीता देवी एवं सुपरवाइजर हरीश कुमार ने जिलाधिकारी आवास पहुंचकर सूचीकरण कार्य संपन्न किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रगणक एवं सुपरवाइजर का स्वागत करते हुए उन्हें जनगणना कार्य पूरी जिम्मेदारी और मनोयोग से संपन्न करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने जनगणना-2027 के महत्व एवं उसके व्यवहारिक लाभों की जानकारी भी दी।

# मंत्री के पत्र से बिजली विभाग हिला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** लगातार गहराते बिजली संकट को लेकर यूपी सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार के एक पत्र ने ऊर्जा विभाग में खलबली मचा दी है। बरेली शहर विधायक डॉ. अरुण कुमार ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर जिले में बदहाल बिजली व्यवस्था, लगातार हो रही कटौती और अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। मंत्री की शिकायत के बाद ऊर्जा विभाग ने बरेली में तैनात तीन अधिशासी अभियंताओं को हटाकर लखनऊ भेज दिया।

डॉ. अरुण कुमार ने अपने पत्र में लिखा कि जिले में भीषण गर्मी के बीच जबरदस्त बिजली कटौती की जा रही है। थोड़ी-थोड़ी देर में बिजली जाने से आमजन परेशान हैं। उन्होंने कहा कि लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते। चाहे कितनी भी कॉल कर ली जाए, जवाब नहीं मिलता। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।वन मंत्री ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि आंधी-तूफान के बाद कई इलाकों में बिजली के तार टूटे पड़े हैं और बड़ी संख्या में ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। कई जगह पानी में करंट उतरने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिनमें इंसानों के साथ पशुओं की मौतें तक हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि फाल्ट ठीक न होने के कारण कई मोहल्लों में घंटों, जबकि कुछ जगह पूरे दिन बिजली गुल रहती है।

### स्टाफ की कमी का हवाला दे रहे अधिकारी

डॉ. अरुण कुमार ने ऊर्जा मंत्री का ध्यान खींचते हुए कहा कि जब उन्होंने विभागीय अधिकारियों से बिजली संकट को लेकर सवाल किया तो अधिकारियों ने स्टाफ की कमी का हवाला दिया। मंत्री ने कहा कि हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं और यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनता का गुस्सा और बढ़ सकता है।

### बरेली समेत मंडल के चार जिलों में कार्रवाई

वन मंत्री की शिकायत के बाद ऊर्जा विभाग ने कार्रवाई करते हुए बरेली में तैनात अधिशासी अभियंता अवनीश कुमार यादव, अनिल कुमार चौहान और संजीव कुमार को हटाकर लखनऊ भेज दिया। इसके अलावा मंडल के अन्य जिलों पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर से भी अधिशासी अभियंताओं के तबादले किए गए हैं। विभागीय कार्रवाई के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

# प्लाट बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से हड़पे 9 लाख रुपये

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के इज्जतनगर निवासी पृथ्वी सिंह के साथ प्लॉट बेचने के नाम पर नौ लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पैसे हड़पने के बाद वही प्लॉट किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने मुख्य आरोपी मुनीर अहमद समेत 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परेशान पीड़ित ने अब मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।पीड़ित पृथ्वी सिंह के अनुसार, मुनीर अहमद और उसके साथियों ने उन्हें एक प्लॉट दिखाया था। सौदा तय होने पर पीड़ित ने आरोपियों को नौ लाख रुपये दे दिए। कुछ समय बाद आरोपियों ने जालसाजी करते हुए उस प्लॉट का बैनामा किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दिया। जानकारी होने पर जब पीड़ित ने विरोध किया और अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद इज्जतनगर पुलिस ने मुनीर अहमद, जहीर अहमद, मुनीशा बेगम, मोहम्मद हारुन, सैयद खुर्शीद, अहमद अब्दुल्ला, खुर्शीदा बानो, तरन्नुम, नूरसबा और मुवशिरा के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है, जिसके कारण उन्हें न्याय के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल की शरण लेनी पड़ी।

# जिलाधिकारी ने किया जनगणना निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अमरिया।** जनपद में चल रहे जनगणना कार्यक्रम की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को ग्राम हरदासपुर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनगणना कार्य में लगी टीमों द्वारा किए जा रहे मकान गणना कार्य का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय प्रगणक मोहम्मद जीशान एवं अमरजीत सिंह द्वारा घर-घर जाकर मकान गणना का कार्य किया जा रहा था। जिलाधिकारी ने गणना कार्य की प्रगति, अभिलेखों के रख-रखाव तथा मौके पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए, ताकि प्रत्येक परिवार और व्यक्ति का सही विवरण दर्ज हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके आंकड़ों के आधार पर विभिन्न सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाती है। इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान उप जिलाधिकारी अमरिया एवं तहसीलदार अमरिया भी मौके पर उपस्थित रहे।



अमरिया के हरदासपुर में जनगणना करने का निरीक्षण करते डीएम।

# मोती पार्क में आधी रात सजी जुए की महफिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के बीचोंबीच मोती पार्क में देर रात जुए की महफिल सजाकर बैठे कारोबारी और व्यापारी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। हार-जीत की बाजी पर हजारों रुपये उड़ाए जा रहे थे।कोई पान का गुलाम मांग रहा था तो कोई इक्का आने पर जीत का ऐलान कर रहा था। तभी अचानक पुलिस ने घेराबंदी कर दी और पूरी महफिल मौके पर ही धर ली। पुलिस ने छह जुआरियों को गिरफ्तार कर करीब 29 हजार रुपये नगद, 52 ताश के पत्ते और जुए की फड़ बरामद की है।

कोतवाली पुलिस बुधवार रात गश्त और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मोती पार्क में कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर खुलेआम जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पार्क के पास छिपकर निगरानी शुरू कर दी। पुलिस ने देखा कि कपड़े की फड़ बिछाकर ताश के पत्तों पर हजारों रुपये लगाए जा रहे थे। इसी बीच एक जुआरी के मेरे गुलाम का इक्का आ गया, मैं जीत गया बोलते ही पुलिस ने दबिश दे दी।

अचानक हुई कार्रवाई से जुआरियों में भगदड़ मच गई, लेकिन पुलिस ने छह लोगों को मौके पर ही दबोच लिया।पकड़े गए आरोपियों में बड़ी बमनपुरी निवासी हर्षित रस्तौगी, गढ़िया निवासी श्रवण कुमार, सीताराम कूचा बड़ा बाजार निवासी अंकित मेहरा, दर्जी चौक बड़ा बाजार निवासी अनुराग कपूर, बड़ी बमनपुरी निवासी अनिकेत देवल और नितीश सिंघल शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि इनमें कई लोग कारोबारी पृष्ठभूमि से जुड़े हैं और देर रात पार्क में जुए की फड़ जमाकर मोटी रकम दांव पर लगा रहे थे।

### फड़ से मिले 22,800 रुपये, जेबों से बरामद हुई नकदी

इंस्पेक्टर कोतवाली धनंजय पांडे ने बताया कि पुलिस ने जुए की फड़ से 22,800 रुपये नगद बरामद किए। वहीं आरोपियों की तलाशी में अलग-अलग रकम भी मिली। कुल मिलाकर 28,900 रुपये बरामद हुए। इसके अलावा 52 ताश के पत्ते और कई मोबाइल फोन भी मिले। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत कार्रवाई की।

### रातभर चर्चा में रही मोती पार्क की जुए वाली महफिल

शहर के बीच पार्क में इस तरह जुए की महफिल पकड़े जाने के बाद इलाके में देर रात तक चर्चा होती रही। लोगों का कहना था कि मोती पार्क में लंबे समय से देर रात संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं, लेकिन पहली बार इतनी बड़ी कार्रवाई सामने आई है।

### इन पुलिसकर्मियों ने किया खुलासा

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अनूप सिंह, उपनिरीक्षक वैभव गुप्ता, उपनिरीक्षक विक्रांत तोमर, हेड कांस्टेबल तस्वीरुल हसन, हेड कांस्टेबल सोमदत्त शर्मा, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार, कांस्टेबल अश्वनी कुमार और कांस्टेबल विजिल मलिक शामिल रहे।

# ओरछी में 111-कुण्डीय महायज्ञ की धूम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के क़स्बा ओरछी चौराहा आसफपुर चंदौसी मार्ग पर आयोजित हो रहे भव्य 111-कुण्डीय महायज्ञ के दूसरे दिन भी भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। महायज्ञ में आहुति देने और पुण्य लाभ कमाने के लिए सुबह से ही आसपास के तमाम गांवों से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंत्रोच्चारण और जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा है इस विशाल महायज्ञ का सफल संचालन श्री श्री 1008 श्रद्धेय केशवानंद गिरी आचार्य जी के पावन सानिध्य में किया जा रहा है उनके मुखारविंद से हो रहे वेदोच्चार ने वातावरण को पूरी तरह से आध्यात्मिक बना दिया है, कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में मुख्य सेवादार रामकिशोर शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद हैं नारी शक्ति का दिखा अद्भुत उत्साह महायज्ञ के दूसरे दिन विशेष रूप से महिलाओं और युवतियों में भारी उत्साह देखने को मिला पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने न केवल महायज्ञ में बैठकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, बल्कि धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा भी लिया। श्रद्धालुओं का कहना है कि ऐसे आयोजनों से न केवल पर्यावरण शुद्ध होता है, बल्कि समाज में सुख-समृद्धि और आपसी भाईचारे की भावना सुदृढ़ होती है। महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही और पूरा ओरछी क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। इस दौरान अनोखे लाल शर्मा, रामकिशोर शर्मा, राधेश्याम शर्मा, अनिकेत शर्मा, पिंटू गौर, श्याम पाल, आचार्य कैलाश गिरी, राजेश शर्मा तथा कमल शर्मा व अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

# स्व-गणना चरण सम्पन्न

## 43,813 स्व-गणनाएं पूर्ण की गईं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना का चरण सात मई से प्रारम्भ होकर 21 मई की मध्यरात्रि तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। इस निर्धारित अवधि में जिले के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 43,813 स्व-गणनाएं पूर्ण की गईं, जो जन-जागरूकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।

अब जनगणना के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं आवास गणना' के तहत वास्तविक फील्ड कार्य 22 मई से शुरू होकर 20 जून तक संचालित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य को समय से पूरा करने के लिए जिले में कुल 6,082 प्रगणकों की तैनाती की गई है। प्रत्येक प्रगणक औसतन लगभग 150 मकानों का विस्तृत सर्वेक्षण करेगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिवार संबंधी आवश्यक विवरण दर्ज करेंगे।जिलाधिकारी अवनीश राय ने जनपद वासियों से अपील की है कि वे प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों ने पहले ही स्व-गणना कर ली है, उन्हें प्रगणक को अपनी 11 अंकों की एसईआईडी (स्व-गणना आईडी) बतानी होगी, जिससे प्रगणक डेटा का सत्यापन कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को त्रुटिरहित कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

# चोरी करते-करते गर्मी से बेहाल हुए चोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रेमनगर क्षेत्र के शास्त्रीनगर में चोरों ने ऐसी वारदात को अंजाम दिया, जिसने पुलिस के साथ मोहल्ले वालों को भी हैरान कर दिया। शिक्षिका के सूने मकान में लाखों रुपये के जेवर और नकदी समेटने के बाद बदमाशों ने जल्दबाजी नहीं दिखाई। भीषण गर्मी से बेहाल चोर कमरे में एसी चलाकर आराम से सोए और फिर तसल्ली से फरार हो गए। घर के भीतर का नजारा देखकर हर कोई यही कहता नजर आया कि चोर चोरी करने नहीं, मानो आराम फरमाने आए थे।शास्त्रीनगर में किराये पर रहने वाली आकांक्षा मैसी सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षिका हैं। बताया गया कि

## टीचर के घर एसी चलाकर सोए, फिर लाखों के जेवर समेटकर फरार



19 मई को उनके पति और सास रिश्तेदारी में मुरादाबाद होते हुए सिरसा (हरियाणा) चले गए थे। घर में अकेली होने के कारण आकांक्षा रात में संत नगर एयरफोर्स गेट स्थित अपने मायके चली जाती थीं। 20 मई की शाम भी वह स्कूल से लौटने के बाद कुछ देर घर पर रहीं और फिर मायके चली गईं।

### दोपहर में लौटीं तो टूटा मिला ताला, अंदर बिखरा पड़ा था सामान

बृहस्पतिवार दोपहर करीब 2 :35 बजे जब आकांक्षा घर पहुंचीं तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना पर उनके पिता जितेंद्र मैसी भी मौके पर पहुंच गए। घर के अंदर पहुंचते ही परिवार सन्न रह गया। कमरे अस्त-व्यस्त पड़े थे और लोहे का लॉकर टूटा हुआ था।पीड़िता के मुताबिक लॉकर में रखे चार सोने के कड़े, पेंडल सहित सोने की चेन, सोने की अंगूठियां, हीरे की अंगूठी, नथनी, बाली और तीन जोड़ी चांदी की पायल समेत हजारों रुपये की नकदी गायब थी। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

### एसी ऑन मिला, बेड की हालत देख पुलिस भी चौंकी

घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि चोर वारदात के बाद भागे नहीं। कमरे में एसी चलता मिला और बेड की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि बदमाश काफी देर तक वहीं रुके रहे। माना जा रहा है कि भीषण गर्मी से परेशान चोरों ने पहले चोरी का माल समेटा, फिर एसी की ठंडी हवा में आराम किया और उसके बाद फरार हो गए।सूचना मिलते ही प्रेमनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पड़ोसियों और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# रामपुर के पिता पुत्र की आरा में ट्रेन से गिरकर मौत, कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दढ़ियाल।** बिहार के दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर स्थित आरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से पिता-पुत्र नीचे गिर गए।

इस हादसे में चार वर्षीय मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पिता ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान मुरादाबाद के मोहल्ला पड़ाव निवासी 35 वर्षीय अजीम और उनके बेटे दानियाल के रूप में हुई है। अजीम अपनी पत्नी नाजिया परवीन और दो बेटों के साथ गुरुवार को मुरादाबाद से पटना जा रहे थे। शुक्रवार सुबह आरा जंक्शन पर ट्रेन रुकने पर अजीम कुछ सामान लेने बेटे के साथ नीचे उतरे थे। अचानक ट्रेन चलने पर दोनों दौड़कर चढ़ने का प्रयास करने लगे और संतुलन खोकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों और जीआरपी की मदद से अजीम को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हृदयविदारक घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।



मृतक अजीम।



मृतक दानियाल।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242


## एक नजर

### कूड़े में लगी आग

**शाहबाद।** शुक्रवार को शाहबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। भीषण गर्मी के कारण आग ने भयावह रूप ले लिया। जिसके कारण आसपास के लोगों ने हड़कंप मच गया। आग की लपटों से सड़क पर चल रहे राहगीरों को दिक्कत होने लगी। भीषण गर्मी को लोग रोड से बचकर निकलना शुरू हो गए। तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

# बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी, महिला की मौत

## बीमार बेटी को दवाई दिलाने जाते वक्त हुआ हादसा, मौत की खबर सुनते ही परिजनों में मचा कोहराम, रो-रो कर बुरा हाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के जयतौली गांव से मदारपुर को जाने वाले रास्ते पर बाइक के सामने डंपर आने की वजह से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई।जिसके चलते बेटे के साथ बाइक पर मौजूद मां की मौत हो गई। परिजन उनको शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद थाना क्षेत्र के मड़ैयान बदे गांव के रहने वाले सियाराम की बेटी बीमार थी। जिसको दवाई दिलवाने के लिए भाई और मां रामपुर लेकर जा रहे थे। एक बाइक पर बीमार बेटी सवार थी, जबकि दूसरी बाइक पर बेटे बबलू के साथ मां सोमवती (50) बैठी हुई थी, जैसे ही उनकी बाइक मड़ैयान बदे-पटवाई के बीच में पहुंची, अचानक बाइक के सामने डंपर आ गया। जिसके कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी, जिसके चलते पचास वर्षीय सोमवती की मौत हो गई। परिजन उनको सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने सोमवती को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही महिला की मौत की खबर घर पहुंची, परिजनों में मातम छा गया। कोतवाल प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के महिला का अंतिम संस्कार करने की बात लिखित में दी है।


महिला की मौत पर रोते बिलखते परिजन व इनसेट में मृतका सोमवती का फाइल फोटो। –जागरण मोर्चा

# बैरुआ गांव में किशोर की नदी में डूब कर मौत

- 15 घंटे की मशक्कत के बाद 7 किलोमीटर दूर रायपुर के पास नदी में किशोर का शव मिला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के बैरुआ गांव में नदी में नहाने गए किशोर की डूब कर मौत हो गई। करीब 15 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोर का शव 7 किलोमीटर दूर रायपुर के पास नदी में मिला। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

गुरुवार बैरुआ गांव निवासी फरहान (12) पुत्र अरकान दोपहर के समय गांव के ही समीप बह रही नदी में नहाने गया था।देर शाम तक घर वापस न नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों और ग्रामीणों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। जहाँ के कुछ लोगों ने उसे दोपहर में नदी में नहाते हुए भी देखा था। इसी दौरान नदी किनारे फरहान की चप्पलें मिलने से नदी में डूबने की आशंका जताई गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से तलाश शुरू कराई अंधेरा होने के कारण रातभर जनरेटर की रोशनी में नदी और आसपास के इलाकों में तलाश अभियान जारी रहा। शुक्रवार सुबह भी स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से तलाश के दौरान करीब 11:30 बजे 7 किलोमीटर दूर गांव रायपुर के पास नदी में किशोर का शव मिला। शव मिलने की सूचना पर मौके पर भारी भीड़ जुट गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


फरहान का फाइल फोटो।

# नाज हॉस्पिटल में किशोरी के प्रसव की सूचना से मचा हड़कंप

- पुलिस ने मां-बेटी को लिया हिरासत में, अस्पताल सील

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**स्वार।** नगर स्थित नाज हॉस्पिटल में एक अविवाहित किशोरी के प्रसव कराने की सूचना मिलने पर शुक्रवार को हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस किशोरी और उसकी मां को अपने साथ कोतवाली ले गई, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने हॉस्पिटल को सील कर दिया। पूरे मामले में मेडिकल परीक्षण और अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की मां उसे लेकर नगर स्थित नाज हॉस्पिटल पहुंची थी। इसी दौरान शुक्रवार को किसी शिकायतकर्ता ने पुलिस को सूचना दी कि अस्पताल में किशोरी का गर्भपात कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। उधर सूचना पर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. देवेश चौधरी भी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। बताया गया कि जब टीम हॉस्पिटल पहुंची तो वहां कोई स्टाफ मौजूद नहीं मिला और अस्पताल के गेट बंद थे। मामले को संदिग्ध मानते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हॉस्पिटल को सील कर दिया। पुलिस ने किशोरी और उसकी मां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं हॉस्पिटल संचालिका को भी कोतवाली बुलाया गया। संचालिका का कहना है कि किशोरी को केवल बुखार की दवा दी गई थी और प्रसव अथवा गर्भपात जैसी कोई कार्रवाई अस्पताल में नहीं हुई है। पुलिस अब किशोरी को मेडिकल परीक्षण और अल्ट्रासाउंड के लिए जिला चिकित्सालय भेजने की तैयारी कर रही है। मामले को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं, जबकि पुलिस और स्वास्थ्य विभाग पूरे प्रकरण की जांच में जुटे हुए हैं। कोतवाल अनुपम शर्मा का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि किशोरी गर्भवती थी या नहीं और अस्पताल में वास्तव में क्या हुआ था।


नगर स्थित नाज हॉस्पिटल में जानकारी लेते पुलिस कर्मी। –जागरण मोर्चा

### सील होने के आधे घंटे बाद ही खुला हॉस्पिटल

नगर स्थित नाज हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील किए जाने के बाद नया मोड़ सामने आया है। बताया जा रहा है कि हॉस्पिटल को सील करने के करीब आधे घंटे बाद ही सील तोड़कर दोबारा संचालन शुरू कर दिया गया। मामले को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। मौके पर अस्पताल बंद मिला था और कोई स्टाफ भी मौजूद नहीं था। इसी बीच हॉस्पिटल के पंजीकरण धारक डॉ. ईश्वर प्रसाद सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि नाज हॉस्पिटल उनके नाम से पंजीकृत है और वह उस समय नगर के ही दूसरे हॉस्पिटल में गए हुए थे। उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को पहले नोटिस जारी करना चाहिए था। बिना नोटिस सीधे हॉस्पिटल सील करना उचित नहीं था। डॉ. ईश्वर प्रसाद ने यह भी कहा कि हॉस्पिटल को सील करने का कोई औचित्य नहीं था। वहीं दूसरी ओर सील तोड़कर अस्पताल का संचालन दोबारा शुरू किए जाने की चर्चा से स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर भी सवाल उठने लगे है। नोडल अधिकारी डॉ. देवेश चौधरी ने बताया कि नाज हॉस्पिटल को सील किया गया था। अगर सील तोड़कर संचालन किया गया है तो वह अपराध की श्रेणी में आता है। नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

### दूसरे जिलों और उत्तराखंड के डॉक्टरों के नाम पर चल रहे नर्सिंग होम

नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित निजी नर्सिंग होमों की व्यवस्था सवालों के घेरे में है। आरोप है कि अधिकांश प्राइवेट नर्सिंग होम दूसरे जिलों और यहां तक कि उत्तराखंड के चिकित्सकों के नाम से पंजीकृत कराए गए हैं, जबकि मौके पर डिग्रीधारी डॉक्टर कभी मौजूद ही नहीं रहते। आसपास के ग्रामीण इलाकों में दर्जनों निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। इन अस्पतालों का पंजीकरण तो विशेषज्ञ चिकित्सकों के नाम पर कराया गया है, लेकिन वास्तविकता में वहां मरीजों का उपचार स्टाफ नर्स और झोलाछापों के भरोसे किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई नर्सिंग होमों में गंभीर मरीजों का इलाज, प्रसव और अन्य चिकित्सीय प्रक्रियाएं बिना योग्य डॉक्टर की मौजूदगी के की जाती हैं। इससे मरीजों की जान को खतरा बना रहता है। आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते यह खेल लंबे समय से चल रहा है। सूत्रों की मानें तो कई अस्पतालों में पंजीकरण कराने वाले चिकित्सक दूसरे शहरों अथवा उत्तराखंड में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और स्वार क्षेत्र के अस्पतालों में कभी-कभार ही दिखाई देते हैं। इसके बावजूद अस्पतालों का संचालन लगातार जारी है। क्षेत्रीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से ऐसे नर्सिंग होमों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# भूसी के आठ बोंगो में लगी आग

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के रठौंडा रोड स्थित भूसा व्यापारी के भूसी के बोंगो में आग लग गई। इस दौरान व्यापारी का लाखों रुपये का नुकसान हो गया।घटना थाना क्षेत्र के धमोरा स्थित राठौड़ा रोड पर शुक्रवार दोपहर की है। धमोरा निवासी भूसा व्यापारी महेंद्र पाल गुप्ता जो कि पेशे से भूसा व्यापारी है। इन दिनों उनके रठौंडा रोड स्थित फड़ पर कुछ भूसी बोंगे लगे हुए थे। इस दौरान पड़ रही भीषण गर्मी के चलते किसी तरह प्राल से बंधे भूसी के बोंगो ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया। प्लांट में लगे अन्य बोंगे एक दूसरे की चपेट में आ गए। जिसके बाद सूचना पर भूसा व्यापारी और अन्य सहयोगी भी मौके पर पहुंचे। धमोरा चौकी पुलिस व थाना प्रभारी कुलदीप राणा भी अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद आग बुझाने के लिए दमकल की तीन गाड़ियां आनन फानन में पहुंच गई। आग बुझाना शुरू कर दिया। इस दौरान घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक लाखों रुपए की भूसी जलकर राख हो चुकी थी।


आग को बुझाते फायर कर्मी।

### दमकल की तीन गाड़ियों ने दो घंटे में पाया आग पर काबू

धमोरा में भूसा व्यापारी के भूसी के आठ बोंगो में लगी को बुझाने के लिए अग्निशमन की तीन गाड़ियों की टीम को लगाना पड़ा। इस दौरान दमकल की तीनों गाड़ियों की टीम को आग पर काबू करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जिसके चलते दमकल की तीन गाड़ियों ने तीन बार अपने अपने पानी के टैंकों को भरकर लगभग एक लाख लीटर पानी से भूसी में लगी आग पर तकरीबन दो घंटे में काबू पाया। जिसके चलते दमकल के सभी अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। जिसके चलते ग्रामीणों ने भी दमकल अधिकारियों की मदद में सहयोग करते नजर आए।

# बढ़ा बिजली लोड, बढ़ेगी उपकरणों की क्षमता

- अचानक लोड बढ़ने से कई ट्रांसफार्मर देने लगे जवाब

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में हाल ही में बदले गए बिजली उपकरणों की क्षमता भी इस बार भीषण गर्मी के आगे कम पड़ती नजर आ रही है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों द्वारा एसी, कूलर और पंखों के बढ़ते उपयोग के कारण बिजली लोड अचानक बढ़ गया है। इसके चलते कई क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरण जवाब देने लगे हैं। बार-बार फाल्ट की समस्या सामने आ रही है।

एसडीओ तकनीकी एमवी सिंह ने बताया कि बिजली निगम ने उपभोक्ताओं को पर्याप्त और सुचारू बिजली आपूर्ति देने के लिए अब उपकरणों की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार घनी आबादी वाले मोहल्लों में एक ही ट्रांसफार्मर पर अत्याधिक लोड है। वहां अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इससे पहले से लगे ट्रांसफार्मर का लोड दो हिस्सों में बंट जाएगा।



ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बढ़ती गर्मी के दौरान उपकरणों से लगातार हो रहे फॉल्ट को कम करने के उद्देश्य से ट्रांसफार्मरों और अन्य बिजली उपकरणों को संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही संवदेनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाने और खराब उपकरणों की तत्काल बदलने की तैयारी की जा रही है। ताकि उपभोक्ताओं को बिजली कटौती से राहत मिल सके।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**रामपुर।** शुक्रवार सुबह सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बढ़पुरा शर्की अंडरपास के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हालांकि उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि युवक चलती ट्रेन से गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की।थाना सिविल लाइन प्रभारी ओंकार सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# आइसकैंडी, धनिया-जूस समेत लिए 20 नमूने

- मिलावट की रोकथाम को जिलाधिकारी के निर्देश पर चला अभियान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मिलावट खोरों पर शिकंजा लगाए जाने को लेकर खाद्य विभाग के अधिकारी सक्रिय हो गए है। सहायक आयुक्त के निर्देश पर जनपद में खाद्य सुरक्षा अधिकारी छापेमारी को सड़कों पर उतर। उन्होंने अलग-अलग प्रतिष्ठानों से दूध के 20 नमूने लिए है। विभागीय अधिकारियों की छापेमारी से मिलावटखोरों पर खलबली मची रही।

अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए गए। गांव सिमरिया, तहसील मिलक स्थित मैसर्स बाला आईसक्रीम से आइसकैंडी घोल का नमूना लिया गया। शाहबाद रोड स्थित अजीतपुर पुलिस चौकी के निकट विभिन्न दूध विक्रेताओं से दूध के नमूने संग्रहित किए गए। स्वार स्थित प्रतिष्ठान से अरहर दाल एवं साबुत धनिया के नमूने लिए गए। भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के निकट स्थित प्रतिष्ठान से मिक्स जूस का नमूना लिया गया। मिलक क्षेत्र स्थित किराना स्टोर से पैक्ड चाय का नमूना भी जांच के लिए एकत्र किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लालपुर, टांडा, मुरादाबाद रोड, विक्रमपुर रोड, मिलक तथा अन्य क्षेत्रों में भी अभियान चलाते हुए दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। विभिन्न स्थानों पर जूस, डेयरी उत्पाद एवं दूध की गुणवत्ता की जांच के लिए विधिक नमूने लिए गए। सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान 20 विधिक नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। छापेमारी के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, देवकान्त, शहाबुद्दीन दोस्त, धर्मपाल सिंह एवं अज़रा बी मोहम्मद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


शाहबाद रोड स्थित दूध का नमूना लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। –जागरण मोर्चा






शिलान्यास | शहर विधायक ने रनिंग ट्रेक का किया शिलान्यास

# बमनपुरी में बनेगा आधुनिक रनिंग ट्रेक: आकाश


बमनपुरी स्टेडियम में पूजन करते विधायक।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बमनपुरी स्थित शहीद-ए-आजम स्पोर्टस स्टेडियम में खिलाड़ियों के दौड़ने के लिए आधुनिक रनिंग ट्रेक बनाया जाएगा। करीब 15 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाला यह रनिंग ट्रेक 400 मीटर का होगा। शुक्रवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने रनिंग ट्रेक का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ट्रेक के बनने के बाद यहां रामपुर के अलावा देश प्रदेश के दूसरे जिलों के खिलाड़ी भी प्रैक्टिस कर सकेंगे।

रामपुर में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन संसधनों के अभाव में खिलाड़ियों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जिस कारण खेल प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पातीं। सिर्फ दौड़ की ही प्रैक्टिस के लिए रामपुर में कोई रनिंग ट्रेक नहीं था, जिस कारण खिलाड़ियों को दिल्ली, लखनऊ जैसे बड़े-बड़े शहरों में जाना पड़ता था। ऐसे में खेल विभाग की ओर से शहीद-ए-आजम स्पोर्टस स्टेडियम में रनिंग ट्रेक बनवाने का प्रस्ताव भेजा गया था। शासन ने रनिंग ट्रेक को मंजूरी दे दी है। जिसके बाद शुक्रवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने रनिंग ट्रेक का शिलान्यास किया। यह रनिंग ट्रेक 400 मीटर का बनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि ट्रेक अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। खेल सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और यह परियोजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब तक रामपुर के खिलाड़ियों को बेहतर ट्रैक की सुविधा के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन इस ट्रैक के निर्माण के बाद स्थानीय स्तर पर ही उच्च गुणवत्ता वाली सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस ट्रैक का लाभ न केवल रामपुर बल्कि आसपास के जिलों और प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों को भी मिलेगा, जो यहां आकर अभ्यास कर सकेंगे। आधुनिक सिंथेटिक ट्रैक बनने से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण वातावरण मिलेगा। इससे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होने की संभावना भी बढ़ेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाबचंद्र भी उपस्थित रहे।

### तेजी से होगा निर्माण कार्य

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान जिला क्रीड़ाधिकारी संतोष ने बताया कि ट्रेक का निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा कर ट्रैक खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस पर करीब 15 करोड़ रूपये की लागत आएगी।

# कुर्बानी इस्लामी फरीजा है इबादत समझकर करें: मौलवी रेहान

- शहर की मस्जिदों में कराई गई बारिश के लिए दुआ

जागरण मोर्चा, कार्यालय


जामा मस्जिद में नमाज के दुआ करते नमाजी।


जामा मस्जिद में लगे शिविर में शर्बत देते लोग। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जामा मस्जिद इमाम मौलवी मोहम्मद रेहान खां ने जुमे के कुतबे में कहा है कि कुर्बानी करना इस्लामी फरीजा है इसलिए इसे इबादत समझकर करें। उन्होंने कहा है कुर्बानी पर साफ-सफाई का ध्यान रखें। बल्कि कुर्बानी ऐसे करें कि किसकी दिल को तकलीफ न हो।

उन्होंने हुजूर के हवाले देते हुए कहा कि कुर्बानी के जानवर को जिबा करने से पहले पानी जरूर पिलाएं। उसके बाद ही अल्लाह की राह में कुर्बानी करें। बकरा-बकरी और काले जानवर की कुर्बानी करें। साथ ही जानवरों को सड़कों पर न बांधे। उसके बाद जुमे कर नमाज अदा कराई। बेतहाशा गर्मी को लेकर जामा मस्जिद सहित शहर के मस्जिदों में बारिश के लिए दुआ कराई गई। इसके अलावा जामा मस्जिद, शुतरखाना, हाथीखाना, मदीना मस्जिद, थाना टीन आदि चौराहों पर लोगों को शर्बत किया गया।

## कुर्बानी सवाब की नियत से करें: मुफ्ती मोहम्मद वसीम



टांडा। जामा मस्जिद के खतीब मुफ्ती मोहम्मद वसीम ने शुक्रवार को जुमे की नमाज़ से पहले जिल-हिज्जा के दस मुबारक दिनों की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि इस मुबारक अशरे ज़िल-हिज्जा से दो बड़ी यादें जुड़ी हुई हैं। एक हज की और दूसरी कुर्बानी की। अशरे ज़िल-हिज्जा की खास फजीलत मुफ्ती वसीम ने बयान करते हुए कहा कि इन दस दिनों में रोज़ा रखना एक साल के रोज़ों के बराबर है। इनकी एक रात की इबादत शब-ए-क़द्र की इबादत के बराबर है। 9 ज़िल-हिज्जा यौमे अरफ़ा से तकबीर-ए-तशरीक शुरू होती है, जो 13 ज़िल-हिज्जा की असर तक जारी रहती है। उन्होंने कहा कि यह पूरा अशरा हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की यादों और उनकी कुर्बानी की निशानियों से जुड़ा हुआ है। मुफ्ती साहब ने कुर्बानी के बारे में खास तौर पर जोर देते हुए कहा कि कुर्बानी सवाब की नीयत से और अल्लाह की रज़ा हासिल करने के लिए की जानी चाहिए। हर शरीक की नीयत यही होनी चाहिए। कुर्बानी में बहुत ज़्यादा सफाई का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि सफाई इस्लाम का एक बड़ा पहलू और मुसलमानों की खासियत है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि आज मुसलमानों में ही सबसे ज़्यादा गंदगी पाई जाती है। इसलिए हमें ज़्यादा से ज़्यादा सफाई का इंतज़ाम करना चाहिए।

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त

### सभासदों ने जिलाधिकारी को गुलदस्ता भेंट कर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया, विद्युत आपूर्ति सुधार की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी को गुलदस्ता देते सभासद। –जागरण मोर्चा

**टांडा।** भीषण गर्मी के बीच नगर में लगातार हो रही बिजली की अघोषित कटौती और ओवरलोडिंग से आम जनता बेहाल है। इस समस्या को लेकर नगर पालिका के सभासदों ने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

सभासदों ने जिलाधिकारी को गुलदस्ता भेंट कर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पड़ रही प्रचंड गर्मी में बिजली की अनियमित आपूर्ति से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं समेत पूरे नगरवासियों का जीना मुहाल हो गया है। सभासदों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि नगर में विद्युत आपूर्ति को बेहतर रूप से दिलाई जाए। अघोषित कटौती पर तुरंत रोक लगाई जाए। जिलाधिकारी ने सभासदों को आश्वासन दिया कि नगर की बिजली समस्या को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही इसका समाधान करा दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वाले सभासद तसलीम अहमद, रोहित सैनी, मेराजुल इस्लाम उर्फ भूरा, मोहम्मद जकी, मोहम्मद मतीन कुरैशी, सभासद पति मोहम्मद वसीम अंसारी, सभासद प्रतिनिधि साकिब मजीद व मोहम्मद अकील उर्फ बिट्टू आदि शामिल रहे।

## फाल्ट के नाम पर हो रही शहर में धड़ल्ले से कटौती

- दो दिन पहले हुई कलेक्ट्रेट सभागार में बिजली अधिकारियों की बैठक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में फॉल्ट के नाम पर हो अंधाधुंध कटौती हो रही है। कटौती होने से उपभोक्ताओं में काफी रोष व्याप्त है। जबकि दो दिन पहले ही जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में बिजली निगम के अधिकारियों को बैठक में निर्देशित किया था कि उपभोक्ताओं को आपूर्ति शेडयूल के हिसाब से दी जाए। लाइन में हुए फाल्ट को जल्द ही सही कराया जाए। जिससे कि उपभोक्ताओं को परेशानी न हो।

शाहबाद गेट बिजलीघर से आ रही मजार टाट शाह मियां, बेलदरान, बारादरी महमूद खां, घेर आजम खां समेत अन्य मोहल्लों में रात दो से सुबह 5 बजे तक बिजली की आने-जाने का सिलसिला लगातार जारी रहा। बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को रात भर जागकर गुजारी रही। तो वहीं सीयूजी नंबर से फोन किया तो वह लगातार बिजी और नाट रिचबल पाया गया। बिजली निगम के अधिकारी उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से दिए जाने से दावे कर रहे हैं। लेकिन हकीकत में आपूर्ति उपभोक्ताओं को ऊंट के मुंह में जीरा के सामान मिल रही है।

## बटालियन एनसीसी का हुआ सत्र शुभारंभ


कन्या इंटर कालेज में खड़ी प्रधानाचार्य, एनसीसी कैडेट। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** 9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी का कन्या इंटर कालेज खारी कुआं में सत्र शुभारंभ हुआ। कालेज के एनसीसी कैडट ने पहली बार 13 से 21 तक टीएमयू मुरादाबाद में चल रहे।

कैंप में हीराकली के मार्गदर्शन और निर्देशन में प्रतिभाग किया। सभी कैडेट ने कैम्प में बहुत कुछ सीखा। सभी छात्राएं अत्यधिक प्रेरित होकर घर लौटी और उन्हें अनेक मूल्यवान अनुभव प्राप्त हुए। समापन पर सभी कैडेट की बहुत सराहना की। विद्यालय पहुंचने पर कैडेट और हीरा कली का माला पहनाकर स्वागत किया। सभी कैडेट को विद्यालय की प्रधानाचार्या लक्ष्मी यादव ने बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह सौभाग्य की बात है कि रामपुर में किसी एडिट विद्यालय में पहली बार एनसीसी की शुरुआत हुई। इससे छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का बहुत अच्छा मौका मिलेगा।

## नगर में निकाली गई श्री श्याम ध्वज यात्रा, रामलीला मैदान में हुआ समापन

**मिलक।** नगर में श्रद्धा और भक्ति का संगम देखने को मिला जब श्री श्याम ध्वज यात्रा शाम 5 बजे होली रोड स्थित नगर के प्राचीन शिव मंदिर, से प्रारंभ हुई।ध्वज यात्रा मिलक के मुख्य मार्गों से होते हुए भव्य रूप से निकाली गई। भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते हुए श्रद्धालु बाबा श्याम के जयकारे लगाते चल रहे थे।

मार्ग भर भक्तों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा का समापन उत्सव स्थल रामलीला मैदान मिलक में हुआ। वहां श्रद्धालुओं ने ध्वज चढ़ाकर बाबा श्याम की पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रिंस गुप्ता ,जलज गुप्ता, गौरव गुप्ता, परख गुप्ता, वंशज गुप्ता, प्रभात गुप्ता, स्पर्श गुप्ता, अनिल गुप्ता, किंग गुप्ता, शुभम गुप्ता, भुवनेश भार्गव, गोपाल रस्तोगी, शोभित जैन, माणिक जैन, प्रमोद महाजन, संजय माहेश्वरी, जितेंद्र गोस्वामी, सुमित शर्मा, वैभव गुप्ता, आशीष कश्यप सहित सभी खाटू श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

## हाथापाई प्रकरण: केएनओ से मांगी सभासद पति ने माफी


राधा रोड स्थित वर्कशाप में खड़े सभासद पति, संघ के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

- वर्कशाप में हुई वार्ता, दोनों पक्षों की बीच हुआ समझौता

जागरण मोर्चा, कार्यालय



सभासद पति द्वारा भेजा गया व्हाटसएप पर मैसेज।

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के कर निर्धारण अधिकारी से सभासद पति ने माफी मांग ली है साथ ही राधा रोड स्थित पहुंचकर कर निर्धारण अधिकारी से मौखिक रूप से कहा कि सर मेरे द्वारा जो आपके मान-सम्मान को ठेस पहुंची है उसके लिए मैं माफी चाहूंगा। मेरी मंशा ऐसी नहीं थी कि मैं आपके साथ कोई अभद्र व्यवहार करूं। लेकिन जो भी हुआ उसके लिए मैं पुनः आपसे माफी चाहता हूं। भविष्य में जब तक आप रामपुर में रहे, मेरे लायक कोई सेवा हो मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूं।

माफी मांगने के बाद उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने भी केएनओ के पक्ष में हुए आंदोलन को स्थगित कर दिया है। धरनास्थल पहुंचे सभासदपति ने माफी के बारे में मजदूर संघ को भी बताया। नगराध्यक्ष ने बताया कि संघ ने धरने को समाप्त कर दिया। धरनास्थल पर खुद आकर सभासद पति ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। कार्यशाला में अनिकेत प्रताप सिंह, संजीव कुमार, अविनाश कुमार, मुकेश, द्वारिकानाथ, बाबू लाल कौशल, संजय समर्पित, दिनेश कठेरिया, सगीर अहमद, दानिश और रजा आदि मौजूद रहे।

## बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़े कर्मचारी

- राज्यमंत्री ने समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय


बिजली अधिकारियों से वार्तालाप करते राज्यमंत्री बलदेव औलख। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में राज्यमंत्री कृषि बलदेव सिंह औलख ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं, उपभोक्ताओं की शिकायतों तथा विभागीय कार्यों की प्रगति पर चर्चा की।

बैठक के दौरान मंत्री औलख ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के समाधान के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जाए तथा प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाए।उन्होंने संविदा कर्मियों एवं लाइन स्टाफ की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की रिपोर्ट लें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़े। यदि कोई कर्मचारी ड्यूटी में लापरवाही करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।राज्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनता और कार्यकर्ताओं के फोन अवश्य उठाने चाहिए तथा उनका व्यवहार और भाषा शालीन एवं सम्मानजनक होनी चाहिए।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कार्यकर्ता या आम नागरिक के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने अधिकारियों को धार्मिक आयोजनों एवं त्योहारों के दौरान विद्युत व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में वर्ष 2026-27 में बिलासपुर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी भी दी गई। इसके अंतर्गत एक नए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण लगभग 5.50 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक 33/11 केवी उपकेंद्र की क्षमतावृद्धि का कार्य 138.73 लाख की लागत से किया जाएगा।वहीं 136 विद्युत वितरण उपकेंद्रों (11/0.4 केवी) की क्षमता वृद्धि के लिए 208.20 लाख खर्च किए जाएंगे।16 नए 11/0.4 केवी वितरण उपकेंद्रों का निर्माण 40.18 लाख की लागत से कराया जाएगा। राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद बिलासपुर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था और अधिक मजबूत एवं सुचारु होगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस बैठक में अधीक्षण अभियंता सतेन्द्र चौहान, अधिशासी अभियंता मिलक उमेश सिंह, उपखण्ड अधिकारी मोहन, शिवम् , अनिल अनुपम और बिलासपुर मिलक के सभी अवर अभियंता मौजूद रहे।

## बच्चों ने खेलों में दिखाया उत्साह


स्कूल में आयोजित समर कैंप का आनंद लेते बच्चे। –जागरण मोर्चा

- एसआरएम लिटिल हार्ट मिलक में हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** नगर के एसआरएम लिटिल हार्ट मिलक में समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों व प्रधानाचार्य बबिता सिंघल ने माँ शारदे के सामने के दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कैंप में नर्सरी से कक्षा 5 तक के छात्र-छात्राओं ने मैदान में विभिन्न खेलों के माध्यम से रंग बिखेरे।नर्सरी म्यूजिकल बॉटल गेम, जिसमें आन्या, मान्या, क्रिश विजेता रहे। एलकेजी बैलून रेस, जिसमें जजा, संगीता, जानवी ने जीत हासिल की। यूकेजी सर्किल बॉल, जिसमें सुनील, कपिल, हिमांशु प्रथम स्थान पर रहे। कक्षा 1 से 5 तक बॉल पासिंग, पिन द बैलून, कोन रेस, बैलून ब्लास्ट, फन एक्टिविटी, चेयर रेस जैसे मुख्य खेल कराए गए।इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक संजय सिंघल ने बच्चों को बताया कि खेल मन में भाव पैदा करते हैं और शरीर को बलिष्ठ बनाते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलना भी आवश्यक प्रबंध समिति से अक्षत सिंघल, शिखर , पंखुड़ी सिंघल व अनु सिंघल उपस्थित रहे। प्रबंधक ने बताया कि विद्यालय 23 मई से 30 जून तक ग्रीष्म वकाश के कारण बंद रहेगा। इस अवधि में छात्रों का अवकाश रहेगा, लेकिन विद्यालय का कार्यालय खुला रहेगा। समर कैंप में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बैंककर्मियों ने मोमबत्ती जलाकर जताया विरोध


स्टेट बैंक आफ इंडिया के प्रांगण में मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करते बैंककर्मी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन मांगों को लेकर पूरे भारतवर्ष में आंदोलन की राह पर है। आगामी 25, 26 मई को पूरे भारतवर्ष में भारतीय स्टेट बैंक में पूर्णता हड़ताल रहेगी।

इसी क्रम में आंदोलनात्मक कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार शाम को मोमबत्ती हाथ में लेकर विरोध प्रदर्शन किया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने बताया कि प्रदर्शन में सभी साथियों ने विरोध प्रकट किया। सचिव उत्कर्षा सिंह ने बताया कि हमारे रामपुर मुख्य शाखा के सभी सदस्यों ने मांगों के संबंध में प्रबंधन के विरुद्ध स्टेट बैंक के सदस्यों ने विरोध प्रकट किया है। विरोध प्रदर्शन में तरू राज सक्सेना, उत्कर्ष, शासन, शिवानी, अर्चना सिंह, अपूर्व जैन, यशु, निशा, वंशिका, राधिका, कम्मो, अभिषेक, सिसोदी, सीएससी शाखा के सचिव रितेश त्रिवेदी, दिनेश सिंह, गंगा दिन, अमरदेव, रामेंद्र, गोले, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

राहत | जल सारथी ऐप पर सारी जानकारी है उपलब्ध

## पानी की टंकी से घर की टोटी तक सब कुछ ऑनलाइन

### सारथी ऐप का ऐसे करें इस्तेमाल

अगर पानी सप्लाई में कोई दिक्कत आती है तो उसी ऐप के जरिए शिकायत भी दर्ज हो जाएगी। खास बात यह है कि ऐप में प्लंबर, ग्राम प्रधान और जल निगम अधिकारियों तक के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए हैं। इससे ग्रामीण सीधे संबंधित व्यक्ति से संपर्क कर अपनी समस्या बता सकते हैं। इससे लोगों का समय बचेगा और छोटी समस्याओं का समाधान भी तेजी से हो सकेगा।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** गांव-गांव तक साफ पेयजल पहुंचाने की कोशिश रंग ला रही है। जल जीवन मिशन अब पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी है। इस योजना के बारे में जल सारथी मोबाइल ऐप सारी जानकारी उपलब्ध है। यह ऐप सरकारी अधिकारियों के साथ-साथ ग्रामीणों के लिए भी बेहद काम का साबित हो रहा है। गांव के लोग अपने मोबाइल पर देख सकते हैं कि उनके इलाके में पानी की टंकी बनी या नहीं, पाइपलाइन कहां तक पहुंची और घरों में नल कनेक्शन का काम कितना पूरा हुआ।

लोगों को अब जानकारी के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सारी अपडेट मोबाइल ऐप पर मौजूद है। ग्रामीण इलाकों में अकसर पानी की समस्या को लेकर लोगों को शिकायत दर्ज कराने में काफी परेशानी होती है। कई बार सही अधिकारी तक बात पहुंचने में ही लंबा समय निकल जाता है। लेकिन जल सारथी ऐप के जरिए यह प्रक्रिया काफी आसान हो गई है. इससे शिकायतकर्ता घर बैठे ही नल कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिशासी अभियंता ग्रामीण मोहित विक्रम सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी किया जल सारथी ऐप लांच किया गया है। ग्रामीण घर बैठे से ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकता है।

## एक नजर

### फेयर एक्सपोर्ट में पशुओं के कटान को रोका जाए

**रामपुर।** राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने एसपी को पत्र दिया है जिसमें उन्होंने कहा कि पहाड़ी गेट स्थित फेयर एक्सपोर्ट मीट फैक्ट्री में नियम विरूद्ध अनाधिकृत रूप से दूध देती भैंस, भैंस के छोटे-छोटे बछड़ों का कटान हो रहा है। कहा कि इस फैक्ट्री से मीट की अलग-अलग कटैगिरियों में पैक कर अच्छे दामों में बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कटान से भैंसों की तो कमी हो रही है भैंस के दूध की अधिक कमी हो रही है। कहा कि फैक्ट्री में हो रहे कटान पर रोक लगाई जाए।

# सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉटों में सुधार हो: डीएम

- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों को दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते डीएम एसपी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिले में सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तय करने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा की उपस्थिति में की।

जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा से संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन, चिन्हित ब्लैक स्पॉटों में सुधार तथा जनजागरूकता अभियान प्रभावी रूप से संचालित किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि ब्लैक स्पॉटों पर रम्बल स्ट्रिप, संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षा उपायों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।उन्होंने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि टोल प्लाजाओं के 500 मीटर क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही दुर्घटना की स्थिति में तत्काल राहत कार्यों के लिए क्रेन सहित आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराते हुए आस-पास के क्षेत्रों में भी राहत हेतु सम्पर्क किया जाए। जिलाधिकारी ने क्योरार, धमोरा, शहजादनगर सहित चिन्हित चौराहों एवं अंडरपास पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्विस लेन पर स्पीड ब्रेकर लगाने तथा गांवों को जोड़ने वाले हाईवे मार्गों पर सीधे कट के स्थान पर स्पीड टेबलटॉप विकसित किए जाने पर भी निर्देशित किया।

बैठक के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने संबंधी राहवीर योजना पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता कर उसे समय पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने वाले नागरिकों को राहवीर योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। जिलाधिकारी ने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराने पर बल देते हुए प्रभारी अधिकारी यातायात एवं एआरटीओ को निर्देशित किया कि रांग साइड वाहन संचालन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी चालान कार्रवाई की जाए। साथ ही सड़क निर्माण कार्यों के दौरान सड़क किनारे गड्ढे न छोड़े जाने के निर्देश भी दिए।बैठक में सीओ ट्रैफिक, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, एआरटीओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाईचारे की सबसे अधिक जरूरत: मलिक

**रामपुर।** शहनाई मंडप स्थित दावा सेंटर में जमाअत ए इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष नायब अमीर मलिक मोतसिम खां ने एक दिवसीय पर देश और समाज से जुड़े विभिन्न समसामयिक के विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश को समाजिक सौहार्द, नैतिक मूल्यों की पुर्नस्थापना, शिक्षा के प्रसार, आपसी भाई की सबसे अधिक आवश्यकता है। समाज में बढ़ती वैमनस्यता, नफरत और असहिष्णुता देश की एकता एवं विकास के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने बल पर दिया कि सभी धर्मों और समुदायों के लोगों को मिलजुलकर देश की तरक्की, शांति और इंसाफ के लिए कार्य करना चाहिए। कहा कि जमाअत ए इस्लामी हिन्द हमेशा से देश से अमन, इंसाफ सदभाव, मानवीय मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करती रही है।

# बकरीद को लेकर 17 सेक्टरों में बंटा जनपद, प्रशासन सतर्क

## 28 मई को मनायी जाएगी ईद उल अजहा



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** ईद उल अजहा को 28 मई को जनपद में मनाई जाएगी। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। जिलाधिकारी ने ईद को लेकर जनपद को 17 सेक्टरों में बांटा है। एसपी ने भी ईद की नमाज को लेकर ईदगाह, जामा मस्जिद पर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए है। ईदगाह की ओर आने वाले सभी रास्तों में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस फोर्स तैनात कर दी है साथ ही चार, दुपहिया वाहन ईदगाह की ओर जाने नहीं दिया जाएगा।

ईद के दिन सभी वाहनों को नगर पालिका, शाहबाद गेट बिजलीघर, माला टाकिज, मोहल्ला खटकान स्थित ईस्ट वेस्ट स्कूल के पास रोक जाएगा। ईद उल अजहा की नमाज और कुर्बानी को लेकर कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसके मोबाइल, व्हाटस एप नंबर जारी किए गए हैं। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बकरीद पर ईदगाह समेत अन्य स्थानों पर 19 मजिस्ट्रेट तैनात किए है।

### कंट्रोल रूम में इनको किया तैनात

ईद को लेकर जिलाधिकारी कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जिसमें सिंचाई विभाग के जेई नरेश सिंह, नंबर 8445161506,9068302632, व्हाटस एप नंबर 9045299525 है।

### कहां किसकी तैनाती

- ईदगाह चौराहे पर केके चौरसिया तहसीलदार सदर,
- जामा मस्जिद बड़े गेट मानवेंद्र सिंह नायब तहसीलदार
- थाना कोतवाली में देवेंद्र पांडेय नायब तहसीलदार,
- थाना गंज में गौरव खंडायत जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी
- सिविल लाइंस में आदित्य कुमार चकबंदी अधिकारी
- थाना टांडा में निश्चय कुमार तहसीलदार टांडा
- थाना स्वार आकाश संत तहसीलदार स्वार
- थाना अजीमनगर प्रदीप चौधरी बीडीओ सैदनगर
- थाना मिलकखानम लोकेश कुमार नायब तहसीलदार स्वार
- थाना बिलासपुर शिव कुमार शर्मा तहसीलदार बिलासपुर
- थाना खजुरिया पीयूष वर्मा बीडीओ चमरौआ
- थाना केमरी अंकुर अत्तल नायब तहसीलदार बिलासपुर
- थाना भोट प्रमोद सिंह बीडीओ चमरौआ
- थाना मिलक में अंकित अवस्थी नायब तहसीलदार मिलक
- थाना शहजादगनर राजेश कुमार बीडीओ
- थाना सैफनी धीरेंद्र पाल बीडीओ शाहबाद
- थाना शाहबाद अमित कुमार सिंह, तहसीलदार शाहबाद
- थाना पटवाई हरीश चंद्र जोशी नायब तहसीलदार
- महिला थाना प्रज्ञा वाजपेयी समाज कल्याण अधिकारी।

### स्थापना दिवस को सफल बनाने की अपील

**स्वार।** रामपुर भावाधस का 62वां स्थापना दिवस 24मई 2026 को जिला पंचायत भवन मुरादाबाद मे मनाया जाएगा।शुक्रवार कोनगर पंचायत नरपतनगर मे भावाधस की बैठक आयोजित हुई। जिसमें भावाधस के नगर अध्यक्ष राजू वाल्मीकि ने वाल्मीकि समाज से भावाधस का स्थापना दिवस भारी संख्या में पहुंचकर सफल बनाने की अपील की बैठक मे अशीष कुमार, नितिन, सोनू, विशाल, मनोज, जैम्स, संजीव, अजय, दिनेश, तुषार, संजय आदि मौजूद रहे।



बैनर के साथ मौजूद पदाधिकारी।

# दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन शुरू

- पात्र दिव्यांग दम्पत्तियों को 15 हजार से 35 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि मिलेगी
- ऑनलाइन आवेदन के बाद सात दिन में हार्ड कॉपी जमा करना होगा अनिवार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ऐसे दिव्यांगजन, जिनका विवाह 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2027 के मध्य हुआ है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत ऐसे दम्पत्ति जिनमें केवल पति दिव्यांग हैं। उन्हें 15 हजार रुपये, केवल पत्नी दिव्यांग होने पर 20 हजार रुपये तथा पति एवं पत्नी दोनों दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि संयुक्त बैंक खाते में उपलब्ध कराई जाएगी।योजना के पात्र लाभार्थी दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन के सात दिवस के भीतर आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, कक्ष संख्या-21, विकास भवन, रामपुर में जमा कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि योजना के लिए आवेदन के लिए संयुक्त नवीनतम फोटो, शादी कार्ड,निकाहनामा अथवा ग्राम प्रधान द्वारा जारी विवाह प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत या उससे अधिक राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त बैंक खाता, निवास प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र तथा पति-पत्नी के आधार कार्ड की छायाप्रति आवश्यक होगी।उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए दम्पत्ति भारत के नागरिक एवं उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासी हों अथवा कम से कम पांच वर्षों से प्रदेश में निवासरत हों। विवाह के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक नहीं तथा युवती की आयु 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही दम्पत्ति का कोई सदस्य आयकरदाता नहीं होना चाहिए।जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने पात्र दिव्यांगजन दम्पत्तियों से निर्धारित समय के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# स्काउट गाइड ने मुसाफिरों को पानी पिलाकर की सेवा





रोडवेज परिसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते अतिथि। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद के तत्वावधान में निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के दूसरे दिन विभिन्न विद्यालयों के स्काउट और गाइड ने सुबह 10 बजे अपनी अपनी टोलियों को निर्धारित बेस पर लगाकर शीतल जल सेवा की। मुख्य अतिथि डॉ. विजय प्रकाश मिश्रा बिलासपुर रहे। इस सेवा भाव प्रेरित होकर स्काउट गाइड द्वारा की जा रही शीतल जल सेवा की मुसाफिरों ने बहुत सराहना की।

कार्यक्रम में स्काउट गाइड के भोजन की व्यवस्था आकांक्षा सक्सेना प्राधनाचार्य आदर्श कृषक इंटर कॉलेज किरा, शीतल जल के लिए बर्फ की व्यवस्था कपिल आर्य राष्ट्रपति स्काउट ने की। इस अवसर पर डॉ. विजय प्रकाश, जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, जिला सचिव ओमप्रकाश सैनी, कुलवंत कौर प्रबंधक, आकांक्षा सक्सेना, डॉ. रूपा अग्रवाल प्रधानाचार्य डीएवी कॉलेज, जमाल फात्मा प्रशिक्षण आयुक्त, भुजवीर सिंह जिला स्काउट मास्टर, जीतू कुमार संगठन आयुक्त नरवंत कौर, प्रेमपाल सिंह, संगीता कुमारी, रूपम कुमारी, शिव सिंह, नितिन गंगवार, वीरेश, शिवम, विक्रम शिव, अंशिका, आशी, खुशी, आस्था, अनम, अनमोल, महिमा, कहकशा उपस्थित रहे।

### कर्मियों ने घर घर जाकर जुटाई जानकारियां

**शाहबाद।** शुक्रवार से जनगणना कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत में तैनात प्रगणक सैयद मुजीब मियां और विजय कुमार ने शुक्रवार सुबह से ही नगर क्षेत्र में पहुंचकर घर-घर जाकर लोगों की जानकारी एकत्रित की। जनगणना कार्य को लेकर मोहल्ले में जागरूकता और उत्साह का माहौल देखने को मिला।प्रगणकों ने प्रत्येक घर पर पहुंचकर परिवार के सदस्यों से आवश्यक जानकारी ली तथा जिन लोगों ने पहले से अपना ऑनलाइन डाटा सबमिट कर दिया था, उनसे उनकी आईडी और संबंधित विवरण प्राप्त किए। वहीं जो लोग किसी कारणवश ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे, उनका डाटा मौके पर ही ऑनलाइन दर्ज कराया गया। इस दौरान लोगों को जनगणना के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रगणक सैयद मुजीब मियां ने बताया कि यह कार्य प्रथम वरीयता के आधार पर किया जा रहा है और उनकी पूरी कोशिश है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को परेशानी न हो, इसके लिए पूरी सावधानी और सरल प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



वाहनों का निरीक्षण करते एसपी। -जागरण मोर्चा

- पुलिस कर्मियों ने दंगा नियंत्रण ड्रिल एवं बलवा ड्रिल का किया आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चेक कर पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मिलक एवं क्षेत्राधिकारी स्वार भी मौजूद रहे।

इसके अलावा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन ग्राउंड में दंगा नियंत्रण ड्रिल एवं बलवा ड्रिल का आयोजन किया। ड्रिल में जनपद के पुलिस बल द्वारा विभिन्न टीमें गठित कर दंगा, बलवा नियंत्रण के दौरान अपनायी जाने वाली सभी विधिक कार्यवाहियों एवं टैक्टिकल उपायों का क्रमबद्ध अभ्यास किया।ड्रिल के दौरान पुलिस बल को भीड़ नियंत्रण, उपद्रवियों को नियंत्रित करने, आंसू गैस एवं अन्य दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रभावी उपयोग, बल प्रयोग की वैधानिक प्रक्रिया तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी अधिकारी,कर्मचारियों को संवेदनशील परिस्थितियों में संयम, सतर्कता एवं अनुशासन के साथ कार्य करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# विद्यार्थी लगन के साथ शिक्षा हासिल करें : परवेज अख्तर



मेधावी को सम्मानित करते एडवोकेट परवेज़ अख्तर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** रामपुर खिदमत-ए-आवाम युवा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट परवेज अख्तर ने विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि वह लगन और मेहनत के साथ शिक्षा हासिल करें। ताकि उनका जीवन बेहतर बन सके। उन्होंने यह बात नगर में मोहल्ला रसूलपुर स्थित जावेद मांटेसरी स्कूल में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के संबंध में आयोजित कार्यशाला,वार्षिक परीक्षाफल में कही। परवेज अख्तर ने कहा कि शिक्षा के साथ ही आधुनिक शिक्षा बहुत आवश्यक है। बच्चों को शिक्षा हासिल करवाना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है।

माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वह आम शिक्षा के साथ ही तकनीकी शिक्षा अपने बच्चों को दिलाएं। उन्होंने कहा कि नौजवान मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से अपनी शिक्षा को बेहतर बना सकते हैं लेकिन इसके लिए उन्हें मोबाइल का दुरुपयोग खत्म करना होगा। उन्होंने महिला शिक्षा पर भी जोर दिया।इस दौरान नगर और देहात के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इनमें अर्श, दानियाल मोहम्मद आजम, शिफा बी, फैसल, मोहम्मद असद, मोहम्मद हम्माद, आलिया, निशा फातिमा, मोहम्मद अहद, अफनान रजा, आरिश, जैनब, आफिया नूर और अनम बी आदि शामिल हैं। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक जावेद अली, परवेज़ अख्तर, मोहम्मद आसिफ, तूबा खान,मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद तारिक,इलमा अंसारी,परवेज अख्तर, मोहम्मद रेहान, मोहम्मद जुनैद अंसारी, अमरीन अंसारी, निखत जहां, मोहम्मद अनस, मोहम्मद सूफियान और परवेज आदि रहे।

# टेंपो पलटने से महिला समेत कई जख्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहबाद सीएचसी में भर्ती सड़क हादसे में घायल महिला। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** नगर के रामपुर चौराहे से आने जाने वाले टेंपो लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए है। टेंपो से आए दिन हादसे होते रहते है। शुक्रवार को भी पटवाई की तरफ से शाहबाद आ रहा टेंपो नगर के रामपुर चौराहे पर पहुंचने से कुछ दूरी पहले अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके चलते महिला सवारी समेत कई लोग जख्मी हो गए। महिला को सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया जबकि अन्य सवारियों ने मामूली चोटें होने के कारण निजी चिकित्सक से दवाई ले ली।मिली जानकारी के अनुसार चंदौसी निवासी पुष्पा अपनी बहन के घर मिलक गई हुई थी, शुक्रवार को वह टेंपो में बैठकर शाहबाद होते हुए अपने घर लौट रही थी, जैसे ही उनका टेंपो शाहबाद पहुंचने वाला था, कुछ दूरी पहले अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके चलते कई सवारियों के चोटे आई। वहीं घायल पुष्पा को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने महिल को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया।

**भक्तिमय** प्रभात फेरी प्रतिदिन नगर की विभिन्न गलियों और मोहल्लों में पहुंच रही

# गलियों में गूंज रहा जय जगन्नाथ, जय श्रीनाथ का जयघोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अधिक मास के पावन अवसर पर आयोजित होने जा रही श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव की निमंत्रण प्रभात फेरियों ने पूरे शहर को भक्तिमय बना दिया है। गौ सेवा परिवार द्वारा निकाली जा रही मधुकर यात्रा का प्रभाव अब हर गली, हर मोहल्ले और हर राह चलते व्यक्ति पर स्पष्ट दिखाई देने लगा है। प्रभात फेरी के दौरान श्रद्धालु जय जगन्नाथ, जय श्रीनाथ के उद्घोष के साथ नगर भ्रमण कर रहे हैं। स्थिति यह है कि अब राह चलता सामान्य व्यक्ति भी स्वतः ही सबसे पहले जय जगन्नाथ, जय श्रीनाथ बोल देता है। प्रभात फेरी के माध्यम से निमंत्रण देने की यह अनोखी शैली लोगों के हृदय को गहराई से स्पर्श कर रही है।



भजन गाते भक्त। -जागरण मोर्चा

शुक्रवार प्रातः 6:30 बजे निकली प्रभात फेरी बाबा साहब की समाधि से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों एवं मंदिरों से होती हुई पुनः समाधि स्थल पर विश्राम हुई। यात्रा के दौरान हर मंदिर में श्रीनाथ जी का जयघोष सुनाई दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया तथा भक्ति रस में झूमते हुए यात्रा में सम्मिलित हुए।श्रीनाथ जी रस कथा महोत्सव के निमंत्रण के लिए निकाली जा रही यह प्रभात फेरी प्रतिदिन नगर की विभिन्न गलियों और मोहल्लों में पहुंच रही है। आयोजन समिति के अनुसार 18 से 21 जुलाई 2026 तक होने वाले श्रीनाथ जी रस कथा महोत्सव में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से यह निमंत्रण यात्रा निकाली जा रही है। गौ सेवा परिवार के सदस्यों ने नगर वासियों से अपील की है कि वे अधिक संख्या में प्रभात फेरी में सम्मिलित होकर धर्म और भक्ति के इस वातावरण को और अधिक सशक्त बनाएं।

## एक नजर

### एसएम कालेज के प्राचार्य ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश दर्ज कराई रिपोर्ट

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एसएम कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर दानवीर सिंह यादव ने कोतवाली में छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। प्राचार्य का आरोप है कि कॉलेज का प्रबंधतंत्र शासन द्वारा भंग किया जा चुका है और जून में संस्थान का विशेष अंकेक्षण (ऑडिट) प्रस्तावित है।इसी बीच स्ववित्त पोषित खंड के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पंकज सिसौदिया, बृजमोहन, अंकुल, अंकुर और टिंकू बिना कार्यमुक्त हुए और बिना प्रभार सौंपे गायब हो गए। आरोप है कि ये सभी पूर्व प्रबंधतंत्र के लवकुमार व संजय कुमार से साठगांठ कर कॉलेज के महत्वपूर्ण अभिलेखों को खुर्द-बुर्द कर रहे हैं। कर्मचारियों ने सॉफ्टवेयर का डोंगल, आईडी-पासवर्ड और अलमारियों की चाबियां भी दबा रखी हैं, जिससे कॉलेज का कार्य बाधित है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राज्यमंत्री ने 2.5 किमी बनी सड़क का उद्घाटन कर जनता को सौंपी

## ग्राम आटा से खुर्जा गेट आंबेडकर पार्क तक 1.95 करोड़ रुपये में तैयार हुई है सड़क

जागरण मोर्चा कार्यालय



सड़क उद्घाटन कार्यक्रम में विचार व्यक्त करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी।

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री गुलाब देवी ने ग्राम आटा से खुर्जा गेट आंबेडकर पार्क तक 2.5 किलोमीटर लंबे संपर्क मार्ग का भूमि पूजन विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ संपन्न किया। उक्त सड़क लगभग 1.95 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह संपर्क मार्ग क्षेत्र की जनता के लिए आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित होगा।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह संपर्क मार्ग बनने से क्षेत्राधिकारियों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगा तथा ग्राम आटा एवं नगर चन्दौसी एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में काफी राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं तथा जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए आधारभूत संरचना को मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम में सैनी, मौर्य, शाक्य समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सड़क निर्माण कराने के लिए राज्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता परमेश्वर लाल सैनी, चंद्रसेन दिवाकर, रामपाल संह, हरवेश राघव, विकास वार्ष्णेय, अंकित जैन, तरुण नीरज, रोहित दिवाकर, ह्रदेश राणा, राजेंद्र मौर्य, गिरीश रतन, हरेंद्र कोहली, मनोज दिवाकर, शरद शर्मा, मनोहर सिंह, पुष्प लता पाल, सीमा शर्मा, आशा गोस्वामी, सीनू गुप्ता, राजकुमार यादव, देवेंद्र गुप्ता, रामजी तोमर, मोनू ठाकुर, संजय सैनी, शुभम अग्रवाल, यश मदान, आकाश आहूजा, आलोक शाक्य, सावन शर्मा, शीला सागर, उमा श्रीवास्तव के अललावा लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता और अवर अभियंता मौजूद रहे।

# अब सड़क हादसों में घायलों का 1.5 लाख रुपये तक कैशलेश इलाज होगा मुफ्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों के आंकड़े कम करने और घायलों को बिना किसी देरी के चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए एक बेहद अहम कैशलेस इलाज योजना लागू की जा रही है। संभल के एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 164बी के तहत स्थापित मोटर वाहन दुर्घटना कोष के जरिए अब सड़क हादसे के शिकार प्रत्येक व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मुफ्त मिलेगा। यह जीवन रक्षक सुविधा दुर्घटना के दिन से अधिकतम 7 दिनों तक लागू रहेगी। सबसे अहम बात यह है कि दुर्घटना करने वाले वाहन का बीमा हो या न हो, घायल व्यक्ति का इलाज नहीं रुकेगा। इसका पूरा खर्च सरकार और बीमा कंपनियां उठाएंगी। यह योजना मुख्य रूप से पीएमजेएवाई में सूचीबद्ध अस्पतालों में मिलेगी।

### बिना पुलिस के पहुंचने पर भी तुरंत शुरू होगा इलाज

हादसे के बाद यदि घायल व्यक्ति बिना पुलिस की मदद के सीधे अस्पताल पहुंचता है, तो भी इलाज में कोई कागजी अड़चन नहीं आएगी। जानलेवा या गंभीर चोट के मामलों में अस्पताल तुरंत पूरा इलाज शुरू कर देगा और टीएमएस पर घायल व्यक्ति की सूचना भरेगा जो स्वतः ई डार पर प्रदर्शित होगा, जिसे संबंधित थानाध्यक्ष देख सकेगा। वहीं, सामान्य चोट के मामलों में अस्पताल तुरंत स्टेबलाइजेशन (प्राथमिक) इलाज शुरू करेगा और ई-डार पर पुलिस की पुष्टि के बाद आगे का फुल ट्रीटमेंट किया जाएगा। घायल की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ई-डार पर एक विशेष विक्टिम आईडी जनरेट करेगी जिसे अस्पताल के डेटा से लिंक किया जाएगा।

### पुलिस वेरिफिकेशन के लिए 24 घंटे की डेडलाइन

इस पूरी योजना में पुलिस की भूमिका को बेहद जवाबदेह और समयबद्ध बनाया गया है। जानलेवा और गंभीर चोट के मामलों में पुलिस को महज 48 घंटे के भीतर ई-डार पोर्टल पर दुर्घटना का वेरिफिकेशन करना होगा। अन्य सामान्य मामलों में यह समयसीमा अधिकतम 24 घंटे तय की गई है। यदि संबंधित थाना या अधिकारी इस तय समय में वेरिफिकेशन नहीं करते हैं, तो सिस्टम के जरिए यह मामला स्वतः ही डीजीपी के लॉग-इन में एस्केलेट हो जाएगा। यदि ई-डार पर केस रिजेक्ट होता है, तो मरीज को योजना से बाहर कर दिया जाएगा और इलाज का खर्च उसे स्वयं उठाना होगा।

### 10 दिन में क्लेम का ऑटो-अप्रूवल और भुगतान

अस्पताल द्वारा मरीज के डिस्चार्ज होने के बाद क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया बेहद तेज होगी। स्टेट हेल्थ एजेंसी डेटा फिल्टर करके यह तय करेगी कि दुर्घटना करने वाले वाहन का बीमा है या नहीं। यदि वाहन बीमित है, तो क्लेम का भुगतान 'जनरल इंश्योरेंस काउंसिल' के जरिए किया जाएगा। यदि वाहन का बीमा नहीं है, तो भुगतान जिलाधिकारी के माध्यम होगा, जो केंद्र सरकार के बजटीय समर्थन वाले पीएफएमएस अकाउंट से होगी। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि यदि 10 दिनों के भीतर जीआई काउंसिल या जिलाधिकारी की तरफ से कोई जवाब नहीं आता है, तो सिस्टम क्लेम को 'डीम्ड अप्रूवल' (स्वतः स्वीकृत) मानकर अस्पताल को भुगतान कर देगा।

# तहसीलदार के साथ तालाब से हटवाया अतिक्रमण

जागरण मोर्चा कार्यालय


गांव पतरौआ में अतिक्रमण हटवाने पहुंची तहसील प्रशासन की टीम। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** जनपद में चक मार्गों एवं तालाबों पर से अवैध कब्जे हटाने के संबंध में समस्त एसडीएम, तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को चक मार्गों एवं सरकारी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में दो हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार करने के निर्देश दिए। एसडीएम नीतू रानी के निर्देश पर तहसीलदार रविंद्र विक्रम व उनकी टीम द्वारा ग्राम पतरौआ में गाटा संख्या 329-क, जो लगभग 32 बीघा क्षेत्रफल का तालाब है का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि तालाब के कुछ हिस्से में कूड़ा एवं घूर डाला जा रहा था। जिससे तालाब का वास्तविक रकबा प्रभावित हो रहा था। तहसीलदार द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में तालाब की पैमाइश कराते हुए संबंधित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही ग्रामवासियों को तालाबों की उपयोगिता एवं संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया।

तहसीलदार ने कहा कि तालाब जल संचयन के महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं, वर्षा ऋतु के दौरान तालाबों के संरक्षित रहने से गांवों में जलभराव की समस्या कम होगी तथा वर्षा जल का सुचारू रूप से संचयन हो सकेगा। इसके अतिरिक्त तालाबों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में तालाबों एवं चक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। तालाबों का संरक्षण जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इनके चिन्हीकरण एवं संरक्षण की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

# भीषण गर्मी में बढ़ी मिट्टी के घड़े-सुराही की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


चंदौसी में बिक्री के लिए रखें घड़े-सुराही। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी, लो वोल्टेज की समस्या और बार-बार बिजली गुल होने से लोगों का जीवन बेहाल हो गया है। तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बीच अब लोगों का भरोसा एक बार फिर पुराने पारंपरिक साधनों पर लौटता दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि इन दिनों नगर की प्रमुख व बाजारों की सड़कों के किनारे मिट्टी के घड़े, सुराही और मिट्टी की बोतलों की दुकानें सज गई हैं, जहां सुबह से देर शाम तक खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।

मई के माह में गर्मी का असर इतना अधिक है कि लोग फ्रिज के बजाय मिट्टी के घड़े का ठंडा और प्राकृतिक पानी पीना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। वहीं लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण कई इलाकों में कूलर और फ्रिज ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में मिट्टी के बर्तन लोगों के लिए राहत का बड़ा सहारा बनकर सामने आए हैं। बाजार में इस समय अलग-अलग डिजाइन और आकार के मिट्टी के घड़े उपलब्ध हैं। पानी की टोटी लगे आकर्षक घड़े 50 रुपये से लेकर 200 रुपये तक बिक रहे हैं। वहीं मिट्टी की सुराही 100 रुपये से 200 रुपये तक में लोगों को मिल रही है। इसके अलावा मिट्टी की बोतलों की भी काफी मांग बढ़ गई है, जो करीब 130 रुपये की कीमत पर बिक रही हैं। खास बात यह है कि लोग अब केवल घरों के लिए ही नहीं बल्कि आफिस और दुकानों के लिए भी मिट्टी के बर्तन खरीद रहे हैं। नगर के बदायूं रोड स्थित दुकानदार आर्जुन ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में बिक्री कई गुना बढ़ गई है। सुबह होते ही ग्राहक दुकानों पर पहुंचने लगते हैं और देर शाम तक खरीदारी जारी रहती है। नगर के अलावा यहां से गुजरने वाले बरेली, लखनऊ, बदायूं, एटा, कासगंज आदि शहरों के लोग भी मिट्टी की बोतल, सुराही, घड़े खरीदकर ले जाते है। मिट्टी के घड़े का पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है और स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है। यही कारण है कि आधुनिक दौर में भी मिट्टी के बर्तनों की उपयोगिता कम नहीं हुई है। भीषण गर्मी के इस दौर में मिट्टी के घड़े और सुराही एक बार फिर लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बनते नजर आ रहे हैं। बढ़ती मांग ने कुम्हारों और मिट्टी के बर्तन बेचने वाले दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी ला दी है।

# ड्रेस कोड के फैसले का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय


ड्रेस कोड के फैसले को लेकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी बनाते व्यापारी।

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य करने के ऐतिहासिक निर्णय पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। इसको लेकर कैथल गेट व्यापारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी जाहिर की ।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने सरकार के इस कदम को युवाओं में अनुशासन और समानता की भावना पैदा करने वाला बताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि इस नीति से कालेजों और विश्वविद्यालयों में अमीर-गरीब का भेद समाप्त होगा और सभी विद्यार्थियों में एक समान सामाजिक समरसता की भावना मजबूत होगी। मौसम गुप्ता ने कहा ड्रेस कोड लागू होने से शिक्षण संस्थानों का माहौल पूरी तरह अनुशासित, सकारात्मक और गरिमामय बनेगा। यह निर्णय न केवल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा, बल्कि विद्यार्थियों का ध्यान बाहरी दिखावे से हटकर पूरी तरह अपनी पढ़ाई और करियर पर केंद्रित हो सकेगा। प्रभात कृष्णा ने कहा व्यापार मंडल की युवा इकाई इस छात्र-हितैषी और अनुशासित कदम के लिए प्रदेश सरकार का आभार प्रकट करती है और इसे शिक्षा जगत में एक बड़ा सुधारात्मक कदम मानती है। इस दौरान मंतेश वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, भरत अग्रवाल, निशांत शर्मा, तुषार, शुभम अग्रवाल, रितिक वार्ष्णेय, गोविंद, वीरपाल राना आदि रहे।

## पुलिस ने हत्यारोपी को आलाकत्ल के साथ दबोचा

**चन्दौसी।** रजपुरा थाना पुलिस ने काफी दिनों से वांछित चल रहे हत्यारोपी को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी रामभजन निवासी चाऊपुर डांडा पर एक युवक की हत्या का आरोप था।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी और मृतक के बीच अवैध संबंध थे। घटना वाले दिन दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। मृतक द्वारा अवैध संबंधों की बात सार्वजनिक करने के डर से आरोपी रामभजन ने रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। पुलिस ने शुक्रवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धरदबोचा। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त रस्सी बरामद कर ली गई है।

# राजा राममोहन राय और शहीद आहूजा की जयंती मनाई

जागरण मोर्चा कार्यालय


राजा राममोहन राय तथा अजय आहूजा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पदाधिकारी।

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान समाज सुधारक राजा राममोहन राय तथा कारगिल युद्ध के शहीद स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की जयंती सीता रोड स्थित एक निजी हास्पिटल में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं ने दोनों चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि महान समाज सुधारक राजा राममोहन राय आधुनिक भारत के जनक तथा भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत थे। वह ब्रह्म समाज के संस्थापक,सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रणेता थे। उन्होंने भारतीय स्वंतत्रता संग्राम और पत्रकारिता दोनों क्षेत्रों को नई गति प्रदान की। मुगल सम्राट द्वारा उन्हें राजा की उपाधि दी गई और ब्रिटिश शासन द्वारा राय की उपाधि दी गई। राजा राममोहन राय ने बाल विवाह, सती प्रथा, जातिबाद, कर्मकांड, पर्दा प्रथा आदि का खुलकर विरोध किया। उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि -सती प्रथा का निवारण करना है। उनके अपने अथक प्रयासों से ब्रिटिश सरकार द्वारा सती प्रथा को 1829 में गैर कानूनी दंडनीय घोषित करवाया। जिससे आज तक करोड़ों महिलाओ का जीवन तब से अब तक बच चुका है। 27सितंबर 1833को राजा राममोहन राय ने ब्रिस्टल इंग्लैंड में अंतिम सांस ली। कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा राजस्थान के कोटा के रहने वाले थे। 14 जून 1985 को भारतीय वायु सेना में लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त हुए। भारत पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध के दौरान वह एक फोटो टोही मिशन पर थे उनके मिग - 21एम एफ फाइटर सी - 1539 को एक पाकिस्तानी कंधे से दागे जाने वाले एफ आई एम- 92स्टिंगर ने टक्कर मार दी। स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा ने एक रेडियो काल किया हरक्यूलिस मेरे विमान से कुछ टकराया है, साथी पायलट नचिकेता के मिग 27 में आग लगने पर उन्हें बचाने के लिए उनका विमान नियंत्रण रेखा पार करके पाकिस्तानी क्षेत्र में चला गया जहां उतरने पर पाकिस्तानी सेना ने पकड़ लिया और मार डाला। मरणोपरांत अजय आहूजा को वीर चक्र से सम्मानित किया गया।

**रचनात्मकता** | समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, डांस और इनडोर गेम्स में बिखेरा जलवा

# समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को पहचानना

जागरण मोर्चा कार्यालय


एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल पर समर कैंप में बच्चों को पेंटिंग सिखातीं शिक्षिकाए।

**चन्दौसी।** नगर के स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में समर कैंप चल रहा है। समर कैंप के दूसरे दिवस का उत्साह एवं उमंग के साथ आयोजन किया गया। दूसरे दिन भी बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला।

विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, रचनात्मकता एवं ऊर्जा से पूरी तरह सराबोर दिखाई दिया। बच्चों ने पूरे जोश एवं आत्मविश्वास के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल की संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को पहचानना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। शुक्रवार को बच्चों को योगा, बॉलीवुड एवं हालीवुड डांस, आर्ट एंड स्केचिंग, चेस इनडोर गेम, क्ले एवं फैब्रिक पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कैटवाक एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, हैंडराइटिंग एवं कैलिग्राफी, मेंटल मैथ्स, स्केटिंग तथा ताइक्वांडो जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। डांस गतिविधि में बच्चों ने तारे गिन गिन जैसे पंजाबी गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। योगा सत्र में बच्चों को स्वास्थ्य एवं फिटनेस से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं तथा विभिन्न योगासन कराए गए। आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को आकर्षक बर्ड एवं सजावटी वस्तुएं बनाना सिखाया गया। क्ले एवं फैब्रिक पेंटिंग में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक कला का सुंदर प्रदर्शन किया। बेस्ट आउट आफ वेस्ट गतिविधि में बच्चों ने बेकार वस्तुओं से उपयोगी पेन होल्डर एवं अन्य सजावटी सामग्री तैयार की, जिससे बच्चों को रचनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इंग्लिश हैंडराइटिंग एवं कैलिग्राफी सत्र में बच्चों को सुंदर एवं आकर्षक लेखन कला का अभ्यास कराया गया। मेंटल मैथ्स गतिविधि में जम्बल्ड टेबल्स एवं रोचक गणितीय खेलों के माध्यम से बच्चों की सोचने एवं समझने की क्षमता को विकसित किया गया। इनडोर गेम्स में बच्चों ने चेस खेलना सीखा, जिससे उनकी एकाग्रता एवं निर्णय क्षमता को बढ़ावा मिला। स्केटिंग गतिविधि बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ स्केटिंग का अभ्यास किया तथा संतुलन, गति एवं आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। ताइक्वांडो प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए। वहीं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट गतिविधि में बच्चों ने रैंप वाक कर अपने आत्मविश्वास एवं मंच प्रस्तुति का परिचय दिया। इस दौरान शालू, निशा, प्रिया, रुपाली, सोनल, नीरज, काजल, सरिता, रक्षा, अर्शी, संतोष, शिल्पा, मनप्रीत, शिल्की, अंकिता, मीनू, गौरव, अंकुश, हर्ष, कुमुद, वंशिका, हुमा, दीपा एवं दीक्षा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## विद्युत विभाग से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**चन्दौसी।** विद्युत अव्यवस्था और अधूरे पड़े विकास कार्यों से नाराज ग्राम मौलागढ़ के ग्रामीणों ने डाकघर के पास बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली आपूर्ति सुचारू कर रुके हुए कार्यों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में नए बिजली पोल तो लगा दिए गए हैं, लेकिन कई जगहों पर अब तक तार (लाइन) नहीं डाले गए हैं। जर्जर तारों और आधे-अधूरे काम के कारण क्षेत्र में लगातार बिजली संकट बना हुआ है। प्रदर्शन करने वालों में राजेंद्र कुमार, उमेश पाल, पान सिंह, सीताराम और हेमलता सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।


जायंट्स ग्रुप द्वारा आयोजित समर कैंप में शामिल पदाधिकारी व बच्चें।

# समर कैंप में आत्म रक्षा के गुर सीख खुश हुए बच्चे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां को रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के उपदेशों से जायंट्स ग्रुप संयुक्त रुप से तीन ग्रुपों द्वारा काली मंदिर पर समर कैंप चलाया जा रहा है। शुक्रवार को बच्चों को अपनी सनातन धर्म को जागरुक करते हुए मंत्रो का ज्ञान कराया गया। इसके उपरांत सभी बच्चों ने हाथों पर सुंदर-सुंदर मेहंदी लगाकर सबका मन मोह लिया और डांस में भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ताइक्वांडो के अच्छे प्रदर्शन देखने को मिले। सभी को आत्मरक्षा करने के लिए ताइक्वांडो अवश्य सीखना चाहिए। इस दौरान नीतू रस्तोगी, सुजाता शर्मा, दीक्षा अग्रवाल,शालिनी शर्मा, शोभा शर्मा, नूतन अग्रवाल, सीनू शर्मा, नंदिनी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल मौजूद रहे।










## एक नजर

### खेत में सिंचाई के विवाद को लेकर किसान पर जानलेवा हमला घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में सिंचाई के विवाद में एक किसान पर जानलेवा हमला किया गया।खेत में पानी चलाने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने किसान के सिर पर बलकटी से वार कर दिया, जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव ताहरपुर निवासी किसान वीर सिंह अपने गन्ने के खेत की सिंचाई कर रहे था। तभी पड़ोस के एक युवक ने ट्यूबवेल से उनकी पाइपलाइन हटा दी। वीर सिंह द्वारा विरोध करने पर युवक और उसके पिता ने गाली-गलौज करते हुए किसान के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच युवक ने बलकटी से वीर सिंह के सिर पर हमला कर उसे घायल कर दिया।हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार किया गया। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में मारपीट की तहरीर मिली है। जांच कर कर कार्रवाई की जाएगी।

# मुरादाबाद में 'रोटरी क्लब ऑफ मुरादाबाद मेडिको' का शुभारंभ

## होटल ड्राइव इन 24 में आयोजित प्रथम बैठक में रोटरी गवर्नर सीए नितिन अग्रवाल रहे मुख्य अतिथि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** शहर में सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता को नई दिशा देने के उद्देश्य से 21 मई 2026 को होटल ड्राइव इन 24 में "रोटरी क्लब ऑफ मुरादाबाद मेडिको" का भव्य शुभारंभ एवं प्रथम बैठक आयोजित की गई। यह क्लब अपने आप में खास माना जा रहा है, क्योंकि इसमें शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक और मेडिकल प्रोफेशनल्स सदस्य के रूप में जुड़े हैं।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटेरियन सीए नितिन अग्रवाल (रोटरी गवर्नर) एवं प्रीति अग्रवाल रहीं। उनके कर-कमलों द्वारा क्लब की औपचारिक शुरुआत और बोर्ड गठन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में मुरादाबाद के विभिन्न रोटरी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। नवगठित क्लब के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रोटरी इंटरनेशनल विश्व की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं में शामिल है, जो मानव सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। "रोटरी क्लब ऑफ मुरादाबाद मेडिको" की स्थापना भी इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है, ताकि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ समाज के जरूरतमंद लोगों तक बेहतर सेवाएं पहुंचा सकें। क्लब के संस्थापक सदस्यों में डॉ. गिरजेश कैन (डायरेक्टर, ओरेकल आई हॉस्पिटल), डॉ. कार्तिक गुप्ता सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों की अहम भूमिका रही। वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर और रोटरी क्लब हमेशा समाजहित में कार्य करते आए हैं। पोलियो उन्मूलन अभियान में रोटरी की वैश्विक भूमिका का उदाहरण देते हुए कहा गया कि संस्था ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, निशुल्क चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर, नेत्र परीक्षण शिविर और अन्य सामाजिक सेवा कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंद और गरीब वर्ग के लोगों को सीधे लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## कार की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास के पास शुक्रवार दोपहर एक अज्ञात कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एक्सप्रेसवे की एम्बुलेंस से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया।नगर के मोहल्ला लालबाग रेतिया निवासी हाजी बाबू और उनका बेटा कमरुद्दीन रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार में स्थित एक होटल के संचालक हैं। दोपहर में दोनों बाइक से अपने होटल जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उन्हें रौंद दिया। अस्पताल के डॉक्टरों ने पुत्र कमरुद्दीन की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार फिलहाल मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है।



# मुंडन की खुशियां मातम में बदलीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बाटूपुरा फतेहपुर में एक मासूम बच्ची के मुंडन की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब गंगा स्नान के दौरान परिवार का इकलौता चिराग गहरे पानी में समा गया। लेकिन डूबने के आधे घंटे बाद ही गोताखोरों की टीम ने डूबे मासूम छात्र के शव को बरामद कर लिया।


मासूम का फाइल फोटो।

कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर बाटुपुरा निवासी शिवराज अपनी पांच वर्षीय बेटी के मुंडन संस्कार के लिए सपरिवार सहित बृजघाट गंगा तट पर गए थे। इसी दौरान गंगा स्नान के दौरान शिवराज का 12 वर्षीय पुत्र सोनू गंगा में स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते तेज बहाव में डूब गया। मृतक सोनू माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके डूबने की खबर मिलते ही घाट पर चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद स्थानीय गोताखोरों और रेस्क्यू टीम ने गंगा में सोनू की काफी खोजबीन करने के आधे घंटे बाद में मृतक छात्र सोनू के शव को बरामद किया। मां कलावती का रो-रोकर बुरा हाल है और वह बार-बार बेहोश हो रही हैं। मृतक गांव के ही जूनियर हाई स्कूल में कक्षा छः का छात्र था।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** जिलाधिकारी डॉ-नितिन गौड़ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण करते हुए ओपीडी सेवायें, एनबीएसयू, आईपीडी, फार्मेसी, औषधि वितरण कक्ष, लैबर रूम एवं नर्सिंग स्टाफ का जायजा लिया। डीएम ने स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा बनवाया जा रहे महिला पिंक शौचालय का भी निरीक्षण किया।



शुक्रवार को डीएम सीएचसी पहुंचे। निर्माणाधीन पिंक शौचालयों के सम्बन्ध में उन्होनें अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये कि यहां जो 05 सीट का शौचालय बनाये जा रहे है, उसके स्थान पर 04 शौचालयो और 01 स्नानघर को निर्माण कराये ताकि मरीज के साथ रूकने वाले तीमारदारों को स्नान करने की सुविधा हो। इसके बाद उन्होनें परिसर में संचालित दीदी प्रेरणा कैन्टीन संचालक को निर्देश दिये, कि जो डस्टबिन रखे है वह ढ़के होने चाहिये। डीएम ने दवा लेने आई महिला का पर्चा देखकर अस्पताल से मिली दवाईयों का मिलान किया और उससे जानकारी ली। बच्चे को कमजोर देखकर जिलाधिकारी ने उस बच्चो को एनआरसी में भर्ती करने के निर्देश दिये। डीएम ने सीएचसी परिसर में नगर पालिका परिषद को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में फन्डामेंटल पौधों के गमले रखवायें जैसे-मनी प्लान्टस आदि ताकि सुन्दरता के साथ मरीजो को अच्छी अनुभूति प्राप्त हो सके। उन्होनें स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि खिड़कियो पर पर्दे लगे होने चाहिये और अच्छी प्रकार साफ सफाई होनी चाहिये। डीएम ने वार्ड में कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए साथ ही डॉक्टर्स को निर्देश दिये अपनी-अपनी आईडी बैज अवश्य लगाएं। उन्होंने एंटी रेबीज और एंटी वेनम के इंजेक्शन की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। जिस पर फार्मासिस्ट द्वारा पर्याप्त मात्र में उक्त इंजेक्शन उपलब्ध होने के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने एंटी रेबीज और एंटी वेनम के इन्जेक्शन के फ्रिज का तापमान 13 डिग्री से0 होने पर सम्बन्धित को निर्देश दिये कि फ्रिज को टेक्निशियन द्वार ठीक करा ले ताकि एंटी रेबीज और एंटी वेनम इन्जेक्शन खराब न हो। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 योगेन्द्र सिंह, डॉ-दीपाली गंगवार, डॉ-अजित, एसडीएम धनौरा सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## तेंदुए ने बछिया को निवाला बनाया

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव में तेंदुए ने बछिया को अपना शिकार बना लिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से जाल आदि लगवाकर तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है। वहीं तेंदुए के डर से लोगों ने अकेले खेतों पर जाना छोड़ दिया है। मामला थाना क्षेत्र के गाँव मझौला का है। यहाँ निवासी ग्रामीण शूरवीर ने एक बछिया पाल रखी है। बताते हैं कि बीती रात एक तेंदुए ने बछिया को अपना शिकार बना लिया और वह मृतावस्था में मिली। आसपास में पंजो के निशान भी मिले। घटना का पता चलते ही शूरवीर के घर पर ग्रामीणों की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी। ग्रामीणों ने वन विभाग से जाल आदि लगवाकर तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है।

# डीएम को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरोला।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ राजीव शुक्ला के नेतृत्व में महासभा का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी नितिन गौड़ से मिला और उन्हें पुष्प गुच्छ सौंप कर उनका स्वागत किया ।



दरअसल शुक्रवार को अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिला पदाधिकारी एकत्र होकर जिला मुख्यालय पर पहुंचे । वहां उपस्थित जिलाधिकारी नितिन गौड़ से प्रथम मुलाकात करते हुए महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ राजीव शुक्ला के साथ अन्य पदाधिकारीयों ने जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ सौंप कर उनका स्वागत किया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी 24 तारीख को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक जनपद में पधार रहे हैं महासभा का एक प्रतिनिधि मंडल उनसे भी मिलेगा और ब्राह्मण समाज के उत्थान और सम्मान के लिए राज्य सरकार से बिंदुवार मांग करेगा । उन्होंने कहा कि संपूर्ण हिंदू समाज का नेतृत्व करने वाला ब्राह्मण समाज ही है । इस अवसर पर महासभा के जिला महामंत्री पं० मनु शर्मा, पं० कपिल शर्मा, जिला मंत्री पवन शर्मा, जिला संगठन मंत्री पवन कौशिक, विधिक सलाहकार डॉ.रविंद्र शुक्ला एडवोकेट, आलोक शर्मा, राजीव शर्मा, अखिलेश वशिष्ठ आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मानवाधिकार परिषद की समीक्षा बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम आर टी आई परिषद की मासिक समीक्षा बैठक अनुपम त्यागी प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष यदुवंशी दीनदयाल यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में तथा संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता टेकचंद सिंह एड में हुई,राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अनुपम त्यागी को प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के पद पर मनोनयन किया गया,राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश तथा सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से मीडिया के माध्यम से बताया कि आपने जनता से पेट्रोल डीजल गैस कम खर्च करने और सोना कम खरीदने की अपील की है मै राष्ट्रीय अध्यक्ष यदुवंशी दीनदयाल यादव एडवोकेट अपील करता हूं कि आपको पेंशन वेतन मुफ्त सुविधाएं और 9000 हजार रुपए महीना का मोबाइल रिचार्ज बंद करने और इलेक्ट्रॉनिक कार जन प्रतिनिधियों को खरीदने तथा सहयोगियों को इलेक्ट्रॉनिक कार चलाने आदि से देश आर्थिक संकट से उभर जाएगा जिससे देश में भ्रष्टाचार भी कम हो जाएगा। बैठक में प्रमोद कुमार शर्मा, अरुण कुमार त्यागी,विजय परछा, देवेंद्र शर्मा, नीटू नागर, मोहित त्यागी, शंकर सिंह, राहुल परछा, नन्हे सिंह सैनी, कविता सैनी, राधा अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, मनोज गोयल, सचिन गुप्ता, हरिश्चंद सिंह, देवेंद्र सिंह, टी पी सिंह, प्रमोद कुमार अग्रवाल, गोविंद कौशिक, राजकुमार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

## वन भूमि पर भू माफियाओं का कब्जा

**हसनपुर।** थाना क्षेत्र के हैदरपुर वन ब्लॉक में भू-माफिया द्वारा करीब 500 बीघा सरकारी वन भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव पथरा निवासी नानक सिंह और ओम प्रकाश सहित दर्जनों ग्रामीणों ने उप वन संरक्षक, बरेली को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों के अनुसार, भू-माफिया ने सिद्ध बाबा घर के सामने जंगल उजाड़कर जमीन कब्जाई थी। शिकायत के बाद प्रशासन ने 300 बीघा जमीन तो मुक्त करा ली, लेकिन 200 बीघा भूमि पर अब भी फसल खड़ी है। ग्रामीणों ने शेष भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराने, बाउंड्री वॉल बनवाने और वहाँ पुनः वृक्षारोपण कराने की मांग की है।

# मील अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के पदाधिकारी ढोल नगाड़ों के साथ तहसील पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौपकर चीनी मिल में हुए घोटाले में मिल अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें पद से हटाने की मांग की।


भाकियू बीआर अंबेडकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। -जागरण मोर्चा

इसी के साथ उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तो किसान भूख हड़ताल करने को मजबूर होंगे।शुक्रवार को गांव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में किसान एकत्र हुए और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय को सोपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि काला खेड़ा चीनी मिल मैं करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया है। घौटाला उजागर होने पर चीनी मिल प्रशासन द्वारा किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। जबकि घोटाले के मुख्य आरोपी मिल के जीएम एवं सीसीओ के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं हुई किसानों की मांग है कि दोनों अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें पद से हटाया जाए एवं एक उच्च स्तरीय टीम गठित कर इस पूरे घोटाले की निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि किसानों को न्याय मिल सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी ने कहा कि अगर आठ दिन में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो किसान भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होगा।ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी, सोनू गुर्जर, रुम सिंह खड़गवंशी, अभिषेक त्यागी, धर्मपाल यादव, रिहान चौधरी, गौतम गुर्जर, जफर ,कुलदीप ,महेंद्र, पवन, मेवाराम आदि मौजूद रहे।

**चीनी मिल अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो किसान भूख हड़ताल पर बैठेंगे**

# सपना चौधरी केस में अंतिम बहस पूरी, अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** हरियाणवी डांसर सपना चौधरी से जुड़े वर्ष 2019 के चर्चित मामले में बुधवार को अदालत में अंतिम बहस पूरी हो गई।


सपना चौधरी।

एसीजेएम कोर्ट संख्या-5 में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। अब इस बहुचर्चित मामले में आगामी 17 जून 2026 को आदेश सुनाया जाएगा। यह मामला 11 जून 2019 का है, जब मुरादाबाद के रेलवे स्टेडियम में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान सपना चौधरी ने अश्लील डांस प्रस्तुत किया, जिससे वहाँ मौजूद भीड़ बेकाबू हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था, जिसमें कई दर्शक घायल हो गए थे। वादकर्ता और अपना दल (कमेरावादी) के मंडल अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा के अनुसार, कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए देर रात तक डीजे बजाया गया था। इसके अलावा सरकारी धन के दुरुपयोग और शहर में भीषण जाम लगाने के भी आरोप हैं। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने अधिवक्ता वैभव अग्रवाल के माध्यम से कोर्ट में वाद दायर किया था, जिस पर अब फैसला आना बाकी है।

# दबंगों ने किसान परिवार को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दबंगों के हौसले बुलंद खेत में बनाए गए पक्के ठियो को दबंगों ने तोडा फसल भी जोती। कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बिझलपुर निवासी पीड़ित किसान हरवंश पुत्र डालचन्द ने आरोप लगाया कि उपजिलाधिकारी के आदेश पर खेत गाटा संख्या 657 में लगवाए गए सरकारी पक्के ठियों को गांव के ही दबंगों ने उखाड़ फेंका। बुधवार सुबह करीब 6 बजे आरोपियों ने लाठी-डंडों के बल पर किसान की खड़ी फसल ट्रैक्टर से जोत दी।



कोतवाली गेट पर प्रदर्शन करते हुए पीड़ित। -जागरण मोर्चा

विरोध करने पर दबंगों ने किसान व उसके परिवार को बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का आरोप है कि सूचना के बाद भी डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित किसान के द्वारा आरोपियों के खिलाफ घटना के दिन ही कोतवाली में तहरीर दी गई लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही न होने से नाराज परिजन शुक्रवार को कोतवाली पहुंचे और पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवार ने जान-माल की सुरक्षा व आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और फसल के हर्जाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में हरवंश, सुनहरी, प्रेम, पूरन, बुद्धसेन, प्रमोद, किरन, पायल, माया, चंद्रा आदि मौजूद रहे।

## महंगाई पर शिवसेना का पैदल मार्च

**मुरादाबाद।** शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा और महानगर प्रमुख कमल सिंह राव के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने महंगाई, बेरोजगारी और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जैन मंदिर से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल जुलूस निकाला और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।विरोध जताने के लिए शिवसैनिकों ने वाहनों का त्याग कर पैदल मार्च किया। शिवसेना नेताओं का आरोप है कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता त्रस्त है। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मुंडन संस्कार के दौरान बज रहे डीजे पर मारपीट एक घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में मुंडन संस्कार के दौरान बज रहे डीजे पर गाली देने को लेकर मारपीट एक घायल। कोतवाली क्षेत्र के गांव जवाली खालसा निवासी कविंद्र पुत्र जिले सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा है कि शुक्रवार की दोपहर गांवमें मुंडन संस्कार के दौरान घर पर बज रहे डीजे के दौरान मेरे भाई कोशिंदर को गांव के ही तीन दबंग युवकों ने गाली देना शुरू कर दिया।गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी इसी दौरान मेरे द्वारा बीच वचाव किया गया तो आरोपियों ने लाठी डंडे लेकर मेरे सिर पर वार कर मुझे घायल कर दिया। घायल हालत में पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी।पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया। जहां उसका उपचार किया गया।

### मारपीट में तीन घायल, मुकदमा दर्ज

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के तीन गांवों में मारपीट की घटनाओं में महिला समेत तीन घायल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव बिजौरा में शराफत अली की पत्नी नरमे जहाँ की छह बीघा तुरई की फसल को इस्तकार, जुल्फकार व जानी ने ट्रैक्टर से जोत दिया। जब नरमे जहाँ ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करके घायल कर दिया। इधर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद में प्रकाश सिंह अपना खेत जोतने गया था, जहां पर तीन भाई रतन, हरपाल और विपिन ने लाठी-डंडों से मारपीट करके घायल कर दिया। वहीं थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर में परमानद के पुत्र सूरज के साथ गांव निवासी दो भाई दीपांशु और हिमांशु ने मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने सभी घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संपादकीय

## प्रधानमंत्री 'गद्दार' नहीं

राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। दूसरा सबसे महत्वपूर्ण और संवैधानिक पद..! प्रोटोकॉल और राजनीति के लिहाज से नेता प्रतिपक्ष को 'छाया प्रधानमंत्री' माना जाता है। प्रधानमंत्री के बाद नेता विपक्ष के संसदीय दल के पक्ष में ही सर्वाधिक जनादेश होता है, लिहाजा इस सम्मान, प्रतिष्ठा की गरिमा रखी जानी चाहिए, लेकिन देश के तीसरी बार निर्वाचित प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को सार्वजनिक तौर पर 'गद्दार' कहकर राहुल गांधी ने 'लाल लकीर' पार कर दी है। जब प्रधानमंत्री मोदी विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हों और नेता प्रतिपक्ष उन्हें 'गद्दार' करार दें, तो भारत भी अपमानित हुआ है। प्रधानमंत्री कभी भी 'गद्दार' नहीं हो सकते, क्योंकि उन्हें जनादेश हासिल है, बेशक आप उनका नीतिपरक विरोध कर सकते हैं। राहुल के 'गद्दार' अपशब्द से देश की 147 करोड़ से अधिक आबादी भी अपमानित हुई है। यकीनन यह निंदनीय, शर्मनाक, असंसदीय, असंवैधानिक और अमर्यादित अपशब्द है। हम भी मानते हैं और बराबर विश्लेषण कर रहे हैं कि देश में आर्थिक, तेल, खाद के संकट हैं, किल्लत है, लेकिन कोई 'आर्थिक तूफान' आ रहा है, इससे हम सहमत नहीं हैं। यदि विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी के भीतर गुस्सा, आक्रोश है, किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर, छोटे व्यापारी वाकई रो रहे हैं, तो प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और आरएसएस को 'गद्दार' की गाली देने के बजाय उन्हें जन-आंदोलन खड़ा करने का आह्वान करना चाहिए था। विपक्षी नेता राहुल गांधी 'वैकल्पिक आर्थिक हालात' का प्रारूप देश के सामने पेश कर सकते थे, लेकिन वह 'तू-तड़ाक' की भाषा पर उतर आए। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक भाषा में कहा- 'एक दिन प्रधानमंत्री टीवी पर आएगा और फिर रोयेगा। जिस तरह कोविड में रोया था, उसी तरह फिर रोयेगा और देश से माफी मांगेगा।' यह एक राष्ट्रीय, लोकतांत्रिक नेता की भाषा नहीं है, बल्कि राहुल की सामंतवादी सोच ऐसा बुलवा रही है। इसी सोच के मद्देनजर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए 'चौकीदार चोर है' जुमला 2019 में उछाला था। उस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस किस रसातल तक लुढक़ आई थी, राहुल गांधी को आज भी याद होगा। देश के युवा प्रधानमंत्री मोदी को डंडे मारेंगे, यह भी सार्वजनिक बयान दिया था। राहुल ने प्रधानमंत्री को 'पनौती' और सैनिकों के 'खून की दलाली' करने वाला भी कहा था। राहुल की यह जुबान लगातार चुनाव हारने की कुंठा और हताशा हो सकती है, लेकिन नियंत्रण खुद राहुल गांधी को करना है। आज वह नेता प्रतिपक्ष हैं। कल ऐसे राजनीतिक समीकरण बन सकते हैं कि समूचा विपक्ष उन्हें 'प्रधानमंत्री का उम्मीदवार' घोषित कर दे, लिहाजा उन्हें 'आदतन अपशब्दों' के आचरण से बचना होगा और अपने व्यक्तित्व, बयानों, आह्वानों को गंभीर, तार्किक, देशहित में करना होगा। देश तभी उन्हें 'वैकल्पिक प्रधानमंत्री' के रूप में देखना शुरू कर सकता है। सिर्फ मोदी-विरोध की नफरती सियासत से वह कभी भी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते, यह हमारा मूल्यांकन और विश्लेषण है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने भी प्रधानमंत्री के लिए 'जहरीला सांप' और '100 सिर वाला रावण' अपशब्दों के इस्तेमाल किए थे। ऐसा कांग्रेस और उसके नेताओं के लिए 'आदतन' नहीं है, दरअसल वे प्रधानमंत्री मोदी से नफरत करते हैं और 12 साल की सत्ता के बावजूद 'आपका प्रधानमंत्री' करार देते हैं। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि यदि संघ के लोग आपके पास आएं और मोदी-शाह की बात करें, तो उनसे कहिए कि आपके प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और संगठन 'गद्दार' हैं। उन्होंने हिंदुस्तान बेचा है। हमारे संविधान, अंबेडकर जी, गांधी जी पर हमले किए हैं। देश और संविधान किसे बेचा है? देश आज भी मौजूद है और उसकी लोकसभा में राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं। कांग्रेस के भीतर एक जमात ऐसी भी है, जिसके कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए 'नीच', 'दानव', 'यमदूत', 'भस्मासुर', 'बिच्छू', 'सांप', 'अनपढ़', 'बंदर', 'राक्षस' सरीखे अपशब्दों का प्रयोग किया है। इनसे उन्हें और पार्टी को तो कोई राजनीतिक फायदा नहीं हुआ। दरअसल राहुल गांधी 22 लंबे सालों से सांसद होने के बावजूद यह सामान्य-सी बात समझ नहीं पाए हैं कि राजनीति की अपनी भाषा होती है, आलोचना-निंदा के ये मायने नहीं होते कि गालियां दी जाएं। उन्होंने अपने लिए एक आवरण बना रखा है, एक मिथ गढ़ रखा है, उसी के भीतर वह आचरण करते रहे हैं। किसी को गद्दार कहने से देश का भला होने वाला नहीं है। इसके बजाय राहुल को महंगाई और बेरोजगारी जैसे मसले उठाने चाहिएं तथा समस्याओं के समाधान पेश करने चाहिए।

# नई वैश्विक शक्ति की धुरी बनता चीन



यह पहली बार होगा, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अन्य चार स्थायी सदस्यों के नेताओं ने, महज़ छह महीने के भीतर चीन का दौरा किया होगा। फ़्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 3 से 5 दिसंबर, 2025 तक चीन की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा की थी, जिसके बाद जनवरी में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर वहां पहुंचे थे।

चीन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 25वीं यात्रा के लिए 'रेड कार्पेट' बिछाया है। यह राष्ट्राध्यक्षों के बीच कूटनीति की उस आवृत्ति को रेखांकित करता है, जो अमेरिका के साथ उसके संबंधों से कहीं ज़्यादा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा के कुछ ही दिनों बाद इस यात्रा का मुख्य मकसद कुछ जोखिमों को संभालना था। इस मुलाक़ात में दोनों नेताओं ने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए, और आपसी सहयोग को और गहरा करने का संकल्प लिया। ट्रंप के बाद पुतिन का आना अंतर्राष्ट्रीय राजनय के नुक्ते-नज़र से चीन की दो बड़ी ताकतों के साथ संबंधों को संभालने की क्षमता को उजागर किया है। क्या पुतिन और ट्रंप की यात्राएं चीन के साथ 'त्रिपक्षीय समन्वय' का रास्ता खोल सकती हैं? लेकिन सवाल है, भारत ऐसी गठजोड़ से क्यों दूर होता चला गया है?

पिछले हफ़्ते, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन पहुंचे थे। उनका मकसद वैसी ही ज़बरदस्त व्यापारिक डील्स पक्की करना था, जिनकी वकालत उन्होंने नौ साल पहले की थी—इन डील्स में सोयाबीन से लेकर विमान और ऊर्जा तक, सब कुछ शामिल था। पुतिन भी चीन में एक 'गंभीर' क़िस्म की नई ऊर्जा डील के लिए ज़ोर लगा रहे हैं। बुधवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शिखर सम्मेलन के बाद जारी एक संयुक्त बयान में, दोनों देशों ने अमेरिका पर आरोप लगाया, कि वह अपनी 'गोल्डन डोम' परियोजना के ज़रिए 'रणनीतिक स्थिरता के लिए एक स्पष्ट ख़तरा' पैदा कर रहा है। 'गोल्डन डोम' अमेरिका की एक महत्वाकांक्षी और बहु-स्तरीय मिसाइल रक्षा प्रणाली है, जिसे अमेरिकी क्षेत्र को बैलिस्टिक, हाइपरसोनिक और क्रूज़ मिसाइलों से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इन सालों में, उनके आपसी तालमेल की पहचान सिर्फ़ शिखर सम्मेलनों और राजकीय दौरों से ही नहीं, बल्कि खाने-पीने, जन्मदिन मनाने, खेल आयोजनों, नाव की सवारी और झील के किनारे चाय पीने जैसे बेहद निजी रिवाजों की बढ़ती हुई सूची से भी बनी है। बड़ी सावधानी से बनाई गई दोस्ती मंगल और बुध को फिर से सुर्खियों में आई। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। पेइचिंग, मॉस्को और वॉशिंगटन के बीच रिश्ते और भी ज़्यादा पेचीदा होते जा रहे हैं, जबकि ईरान के साथ अमेरिका-इस्राइल युद्ध को खत्म करने की बातचीत अभी भी रुकी हुई है, और यूक्रेन में रूस का संघर्ष लंबा खिंचता जा रहा है।

शी और पुतिन के बीच यह प्रगाढ़ सम्बन्ध रातों-रात नहीं बने। इस भरोसे को जीतने में काफी वक्त लगा है। 2013 में आधिकारिक तौर पर पद संभालने के बाद से, शी पुतिन से 40 से ज़्यादा बार मिल चुके हैं, जो पश्चिमी नेताओं के साथ उनकी मुलाक़ातों से कहीं ज़्यादा है। जब अक्तूबर, 2013 को बाली में एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशन शिखर सम्मेलन पुतिन के 61वें जन्मदिन के साथ पड़ा, तो शी ने उन्हें एक केक दिया, दोनों नेताओं ने सॉसेज और वोडका के साथ मिलकर जश्न मनाया। जून, 2018 में चीन की पुतिन की राजकीय यात्रा की एक खास बात यह थी कि रूसी नेता ने थियानचिन के मशहूर 'चियान पिंग कुओज़ी' (तले हुए आटे की डंडियों में लिपटे पैनकेक) बनाने में अपना हाथ आज़माया, जिसे उन्होंने एक दावत के दौरान अपने मेज़बान को परोसा।

लगभग तीन महीने बाद, सितंबर 2018 में, दोनों नेताओं ने एक बार फिर अपने खाना पकाने के हुनर का प्रदर्शन किया– इस बार रूस में। उन्होंने कुछ पारंपरिक रूसी पैनकेक बनाए, जिन्हें 'ब्लिनी' कहा जाता है; उन्होंने इन पैनकेक के ऊपर 'कैवियार' (मछली के अंडे) डाले और साथ में 'वोदका शॉट्स' का भी आनंद लिया। पुतिन पर जिस पैमाने पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगे हैं, वह अलग-थलग पड़ गए दिखते हैं, और उन पर पश्चिमी देशों द्वारा युद्ध अपराधों के आरोप लगाए जा रहे हैं।

यह पहली बार ऐसा भी होगा, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अन्य चार स्थायी सदस्यों के नेताओं ने, महज़ छह महीने के भीतर चीन का दौरा किया होगा। फ़्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 3 से 5 दिसंबर, 2025 तक चीन की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा की थी, जिसके बाद जनवरी में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर वहां पहुंचे थे। 20 मई को, बीजिंग में चीन-रूस रिश्तों के विकास में एक और अहम पल देखने को मिला। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ़ द पीपल में दौरे पर आए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत की, जिसमें दोनों पक्ष चीन-रूस ट्रीटी ऑफ़ गुड-नेबरलिनेस एंड फ्रेंडली कोऑपरेशन को और बढ़ाने पर सहमत हुए।

बातचीत के बाद राष्ट्रपति पुतिन के साथ एक ज्वाइंट प्रेस मीटिंग में, राष्ट्रपति शी ने चीन-रूस रिश्तों के चार पहलुओं में बेहतर क्वालिटी के विकास को बढ़ावा देने की कोशिशों की बात कही : पहला, शी ने बेहतर क्वालिटी के राजनीतिक आपसी भरोसे को मज़बूत करने और एक-दूसरे के लिए स्ट्रेटेजिक सपोर्ट को मज़बूत करने की कोशिशों की बात कही; दूसरा, शी ने चीन और रूस को बेहतर क्वालिटी के आपसी फ़ायदे वाले सहयोग को मज़बूत करने और मिलकर अपने-अपने विकास और फिर से ज़िंदा होने को बढ़ावा देने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया; तीसरा, शी ने बेहतर क्वालिटी के लोगों के बीच लेन-देन को बढ़ावा देने और दोनों लोगों के बीच पीढ़ियों तक चलने वाली दोस्ती की नींव को मज़बूत करने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया; और चौथा, शी ने चीन और रूस से बेहतर क्वालिटी के इंटरनेशनल तालमेल को आगे बढ़ाने और ग्लोबल गवर्नेंस में सुधार और उसे बेहतर बनाने के लिए मिलकर काम करने की बात कही। ये चार पहलू साफ़ तौर पर चीन-रूस रिश्तों के बेहतर विकास के लिए एक नई शुरुआत का रास्ता दिखाते हैं।

# सनातन आस्था की धारा संग अनवरत बहती धार्मिक परंपराएं




उत्तराखंड की पावन नगरी हरिद्वार धार्मिक पर्यटन का बड़ा ठिकाना है। यह गंगा के दाएं किनारे पर बसा है। गंगोत्री में अवतरित हुई गंगा झर-झर बहती जब मैदानों को छूती है, तो पहले ऋषिकेश और फिर हरिद्वार से गुजरती है। हरिद्वार का अर्थ ही गंगा है, इसलिए हिन्दुओं का महातीर्थ है। यह उत्तरांचल ही नहीं, देश के पवित्रतम शहरों में सबसे ऊपर है। मायापुरी, हरद्वार, गंगा द्वार और मोक्षधाम भी इसी के नाम हैं। यहां हर 12 साल बाद कुम्भ मेले का विशाल आयोजन किया जाता है। हरिद्वार का समूचा माहौल ही धर्म-कर्म से लिपटा है। कहीं घाट पर बहती गंगा में स्नान करते भक्त हैं तो कहीं माथे पर चंदन का तिलक लगाए पूजा करते साधु-संत। और उधर अंतिम क्रिया-कर्म करते परिवार और इधर देवों की अर्चना में लीन पंडित। हर घंटे और हर पहर शहर की छटा और ताल बदल जाती है। सुबह-सवेरे त्रिवेणी घाट पर गंगा को दूध चढ़ाते हैं। फिर दोपहर तक भजन-कीर्तन में रम जाता है हरिद्वार। और आखिरी पड़ाव में, सूरज ढलते- ढलते गंगा आरती।

हरिद्वार का दिल है हर की पौड़ी। यहीं गंगा में स्नान करते-करते 'हर हर गंगे' के जयकारे निरन्तर गूंजते रहते हैं। खासतौर से माना जाता है कि यहां गंगा में डुबकी लगाने से पाप धुल जाते हैं। रोज शाम 7 बजे असंख्य भक्त दीपदान करते हैं और पत्तों पर रखे दीप अंधेरे में गंगा की धारा पर थिरक उठते हैं। गंगा की आभा दीपों के प्रकाशपुंज से दमक उठती है। और सारा वातावरण गंगा मैया की आरती के भक्तिरस से भर उठता है।

हर की पौड़ी ही ब्रह्मकुंड भी कहलाती है। एक पौराणिक कथा है कि राजा भागीरथ मृत्युलोक में, गंगा को लाने पर राजा श्वेत ने यहीं ब्रह्मा जी की आराधना की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर, ब्रह्मा ने वर मांगने को कहा। राजा ने आग्रह किया कि यह स्थान आप के नाम से जाना जाए, आप यहां भगवान विष्णु और महेश के संग निवास करें और यहां समस्थ तीर्थों का फल मिले। ब्रह्मा जी ने आश्वासन दिया कि आज से यह कुंड हमारे नाम से विख्यात होगा और यहां गंगा में डुबकी लगाने वाला अपने पापों से मुक्त हो जाएगा।

हर की पौढ़ी में गंगा के उस पार नील पर्वत है और बहती गंगा नीलधारा कहलाती है। नीलधारा और नहर वाली गंगा जहां मिलती हैं, उसे कनखल कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि सभी तीर्थों पर भटकने के बाद यहां स्नान करने से शर्तिया मुक्ति मिलती है। कुशार्वत घाट पर पितरों के पिंड दान करने की प्रथा है। और फिर, हरिद्वार में गंगा में अस्थियां प्रवाह करने से पित्तरों का उद्धार ही नहीं होता, बल्कि मोक्ष भी प्राप्त होता है।

हरिद्वार में यहां-वहां मंदिर ही मंदिर हैं। चंडी देवी मंदिर, दक्षा महादेव मंदिर और कटरा, जम्मू वाले वैष्णो देवी भवन के मिनीएचर रूप का वैष्णो देवी मंदिर तो खास हैं। धर्मशालाएं भी अनगिनत हैं। पंडों के पास तो परिवारों की सात-सात पीढ़ियों का लेखा-जोखा मिलता है। और है शिवालिक पर्वत की चोटी पर मनसा देवी का प्राचीन मंदिर। रोप-वे ट्रॉली से भी पहुंच सकते हैं और एक किलोमीटर पैदल चढ़ाई भी ज्यादा थकावट भरी कहां है? मनसा देवी मंदिर में 'जय माता दी' के जयकारे गूंजते रहते हैं। यह भगवती के 108 सिद्ध पीठों में से एक है। त्रिकोण में एक-एक मन्दिर है—मनसा, चण्डी देवी और माया देवी का। मनसा देवी की प्रतिमा तीन सिर और पांच भुजाओं वाली है।

प्रांगण में ही 'मन्नत' का कक्ष है। यहीं मनोकामना की पूर्ति के लिए एक वृक्ष पर मौली बांधने की परम्परा है। वहीं बैठे महंत भक्तों को मौली देते हैं और भक्त अपनी-अपनी इच्छा मन ही मन सोचते-सोचते पावन वृक्ष पर मौली बांधते हैं। तने पर ढेर सारी मौलियां हमेशा बंधी रहती हैं।

# फिर कैसे मिले सुर मेरा-तुम्हारा



विधानसभा चुनावों में बड़े विपक्षी चेहरों की बड़ी नाकामी से विपक्षी खेमे में खलबली मच गई है। बंगाल की शेरनी कही जाने वाली ममता बनर्जी की हार ने विपक्षी खेमे के उन दलों के माथे पर पसीने की बूंदें उभर आई हैं, जो इन चुनावों से बेपरवाह थे। केरल की गठबंधन सरकार में वापसी की वजह से कांग्रेस थोड़ी राहत में भले ही हो, लेकिन ज्यादातर क्षेत्रीय दलों को अपने अस्तित्व पर खतरा नजर आने लगा है। तमिलनाडु में सत्ता की चाहत में विपक्षी गठबंधन टूट भी चुका है। कांग्रेस के हाथ ने डीएमके का बरसों पुराना साथ छोड़ नवेली टीवीके का दामन थाम लिया है। दूसरी तरफ धांधली का आरोप लगाने के साथ ही ममता बनर्जी को विपक्षी एकता, खासकर इंडिया ब्लॉक की याद आने लगी है। अब उन्हें विपक्षी एकता मजबूत करने की याद भी आने लगी हैं।

दिलचस्प यह है कि अतीत में इंडिया ब्लॉक की एकता से बेपरवाह रहीं ममता को अब उसी की बहुत याद आने लगी है। वैसे विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस की ओर से भी कम गलतियां नहीं हुई हैं। राहुल गांधी का पश्चिम बंगाल में बीजेपी की बढ़त के लिए ममता को खुलेआम जिम्मेदार ठहराना एक तरह से तृणमूल की ताबूत का कील ही साबित हुआ। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि विपक्षी एकता का विचार सिरे से परवान चढ़ सकता है ? अतीत में एकता को लेकर जिस तरह विपक्षी खेमे में एक-दूसरे को शह और मात देने का खेल चला है, उससे क्या मुकम्मल एकता की उम्मीद बचती है? 2024 के आम चुनावों के पहले विपक्षी राजनीति को एक मंच पर लाने और भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की कोशिश तो हुई, लेकिन आपसी टकराव और वर्चस्व के चलते यह हकीकत नहीं बन पाया। 23 जून 2023 को पटना में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुआई में विपक्षी क्षत्रपों की बैठक में इंडिया ब्लॉक बनाने का फैसला तो हुआ,लेकिन नेतृत्व के मुद्दे पर एक राय नहीं बन पाई। नीतीश कुमार ने खुलकर भले ही कभी नहीं कहा, लेकिन उनकी चाहत थी कि विपक्षी गठबंधन का संयोजक उन्हें बनाया जाय। लेकिन कांग्रेसी आलाकमान की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। दरअसल कांग्रेस विपक्षी राजनीति की लगाम खुद के हाथ में ही रखना चाहती है। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और एमके स्टालिन का साथ तो उसे चाहिए, लेकिन इनमें से किसी का भी नेतृत्व उसे गवारा नहीं।

# एक आपबीती सत्यकथा

हमारी माली हालत बिल्कुल ठीक नहीं थी। बच्चे को किसी प्रकार दुःख-तकलीफें पाकर बीए करवाया था। आगे पढ़ाने की सामथ्र्य थी नहीं और वैसे भी पढ़ाने से होता क्या है? यही चिन्ता रात-दिन खाए जा रही थी कि बच्चे को छोटा-बड़ा जैसा भी काम मिल जाए तो, लडख़ड़ाती गृहस्थी को थोड़ा सम्बल मिल जाए। बच्चा भी सामान्य है, जैसा मिल गया खा लिया और पहन लिया। इससे ज्यादा हम उसके लिए कुछ कर भी नहीं पाते थे। बच्चा बड़ा होने से उसकी बेकारी से परेशान थे। वहीं उसकी शादी-ब्याह की भी चिन्ता स्वाभाविक तौर पर सामने थी। सरकारी नौकरी का तो सपना देखना भी हमारे लिए निषिद्ध था। एक बार अकस्मात् एक कम्पनी की तरफ से अखबारों में विज्ञापन आया कि उन्हें सेल्स एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। दूसरे दिन तो कम्पनी के दरवाजे पर बेरोजगारों का मेला लग गया। मुझे भी लगा तकदीर ने मेरे बच्चे के लिए भी दस्तक दी है, अतः मैंने उसे साक्षात्कार के लिए भेजा। तीन दिन तक बसों में धक्का-मुक्की खाने के बाद तो साक्षात्कार का नम्बर आया और नम्बर आया तो हमें लगा कि बीए कराने का फायदा क्या है? उससे साक्षात्कार में जो प्रश्न पूछे गए उन पर गौर फरमाइये, पहले, बच्चे ने बीए की प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अंकतालिका दिखाने का भरपूर प्रयास किया, जिसकी अनदेखी कर साक्षात्कार लेने वाले ने कहा- 'यह आपने शर्ट पैंट के अन्दर क्यों नहीं दी? क्या तुम्हें नहीं लगता कि इससे तुम्हारा व्यक्तित्व दब सा गया है?' बच्चा बोला- 'वह तो सर मैं अब अन्दर डाल लूंगा, मुझसे भूल हो गई।' 'भाई तुम्हारी यह भूल तो यदि हमने तुम्हें चुन लिया तो हमारी कम्पनी की साख को मिट्टी में मिलाने को पर्याप्त है। खैर फिर तुम टाई लगाकर क्यों नहीं आए?' साक्षात्कारकर्ता बोला। 'सर मैंने कभी टाई नहीं लगाई। वैसे मेरे पास टाई है भी नहीं। यदि मेरा चयन हो गया तो मैं टाई खरीद लूंगा।' बच्चे का जवाब था। साक्षात्कारकर्ता बोला- 'नहीं भाई तुम्हें साक्षात्कार में भी टाई लगाकर आना चाहिए था। हम व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का आकलन इसी समय तो करेंगे। तुम्हारे पास अपना स्कूटर तो होगा?' बच्चे ने कहा- 'सर हमारे पास स्कूटर कहां से आया। स्कूटर तो अब कमाएंगे तब लाएंगे। यों भी पिताजी अकेले कमाने वाले हैं, वे क्या-क्या लाएंगे? हां पिताजी की पुरानी खटारा बाइसिकल जरूर है। मैं उसके माध्यम से आपकी कम्पनी का कार्य बखूबी कर सकता हूं।' साक्षात्कारकर्ता ने अपनी टाई को कसा, सूट के कंधे झाड़े और कहा- 'भैया आखिर यह सेल्स एक्जीक्यूटिव का इंटरव्यू है। कोरियर डाक सर्विस का इंटरव्यू थोड़े ही है। स्कूटर नहीं है तो तुम हमारी कम्पनी के लिए क्या कर पाओगे? हमारे प्रॉडक्ट दिखाने जाओगे तो लोग तुम्हारी छकड़ा साईकिल देखकर हमारे प्रॉडक्ट की खिल्ली नहीं उड़ाएंगे। अब तुम्हारा चयन तो हर दृष्टि से नकारात्मक है। बताओ तुम्हारे पास स्नातक पास होने के अलावा और क्या है? वैसे भी तुम्हारी शक्ल और हेयर-स्टाइल एकदम 'बोडम' है। बातचीत का 'स्किल' भी मुझे दिखाई नहीं दे रहा। बाइ दी वे तुम्हारे पास ठीक-ठाक ड्रेसें कितनी हैं?' बच्चा संकोच में आ गया, फिर भी वह बोला- 'सबसे अच्छी ड्रेस तो यही है, जो मैं पहनकर आया हूं। बाकी एक और है। अब कमाएंगे तो इस ओर भी ध्यान देंगे।' 'अरे भाई तुम कमाओगे क्या खाक। जितनी योग्यता की हमको आवश्यकता है, उसमें से कोई भी पूरी नहीं करते।'

# ढूंढना होगा आभूषण निर्यात में आयी कमी का हल



भारत जिन वस्तुओं का बड़े पैमाने पर निर्यात करता है, उनमें स्वर्णाभूषण और तराशे हुए हीरे का बड़ा स्थान है। ये देश के कुल निर्यात में लगभग 10 से 12 प्रतिशत का योगदान देते हैं। इतना ही नहीं, हमारी जीडीपी में यह उद्योग लगभग सात प्रतिशत का हिस्सेदार है। यानी इसका महत्व इतना अधिक है कि इसमें किसी तरह का व्यवधान जीडीपी को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। और इस समय यही हो रहा है।

ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण आभूषण और हीरे सहित रत्नों के निर्यात में गिरावट आ गयी है, जिससे एक नया खतरा पैदा हो गया है। ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी काउंसिल और जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इनके कुल निर्यात में नौ प्रतिशत, यानी 2 ।33 अरब डॉलर की उल्लेखनीय गिरावट आयी है। अप्रैल महीने के लिए जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस गिरावट के पीछे मुख्य कारण वर्तमान युद्ध ही है, जिससे इनके कंसाइनमेंट भेजे जाने में व्यवधान आया है।

जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की मानें, तो पश्चिम एशिया में जारी तनाव की वजह से दुनियाभर में आपूर्ति और कारोबार प्रभावित हुआ है, जिसका असर भारतीय निर्यात पर भी पड़ा है। इसके अतिरिक्त, अमेरिका में, जो भारत के जेम्स और ज्वेलरी सेक्टर का बड़ा बाजार है, टैरिफ को लेकर अब भी स्थिति साफ नहीं होने से निर्यात प्रभावित हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, कट और पॉलिश किये गये हीरों का निर्यात अप्रैल में करीब 20 प्रतिशत गिरकर 89 करोड़, 91 लाख डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 1 ।10 अरब डॉलर से अधिक था।

वहीं, लैब में तैयार किये पॉलिश्ड डायमंड का निर्यात भी करीब 15 ।5 प्रतिशत घटकर नौ करोड़, 32 लाख डॉलर रह गया। यह तथ्य ध्यान देने योग्य है कि किसी समय दुनिया में अपनी चमक बिखेरने वाले भारतीय हीरे अब खदानों से निकलने बंद हो गये हैं और हम लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर हो गये हैं। हीरे का आयात करने के बाद भारत में इसकी कटिंग और पॉलिशिंग होती है। गुजरात का सूरत शहर इसके लिए विश्व विख्यात है। जहां तक स्वर्णाभूषणों की बात है, तो बंगाल से लेकर गुजरात तक और कश्मीर से लेकर केरल तक इन्हें गढ़ा जाता है। अमेरिका लंबे समय से भारतीय स्वर्णाभूषण का सबसे बड़ा आयातक देश रहा है, पर ट्रंप सरकार की बेतुकी नीतियों के कारण इसके निर्यात को चोट पहुंची है। अप्रैल में सोने के गहनों का निर्यात करीब 22 प्रतिशत घटकर 84 करोड़, 15 लाख डॉलर रहा।

## एक नजर

### उक्रांद कार्यकर्ताओं ने सात सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजा

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल जिला इकाई खटीमा द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सात सूत्रीय मांग पत्र भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उचित कार्रवाई नहीं होने पर जन आंदोलन की चेतावनी दी है। उपजिला अधिकारी तुषार सैनी के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में पेपर लीक मामले में नकल माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, नशा एवं शराब माफिया के विरुद्ध कार्रवाई। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य एवं कर्ज माफ करने, भ्रष्टाचार पर पूर्ण अंकुश लगाने, पहाड़ के पानी जंगल और जमीन की रक्षा करने, नौसर पटिया में हो रहे भूकटाव रोकने की मांग की। ज्ञापन में अविलंब कार्यवाही नहीं होने पर जन आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद, शिव शंकर भाटिया, आनंद सिंह बोरा, शिवलाल रस्तोगी, हरिश्चंद्र फुलेरा, धन बहादुर चंद, पूनम अग्रवाल, रमा अग्रवाल, पार्वती विश्वास, संतोष मल्होत्रा, धीरज चंद्र गहतोड़ी, कैलाश भट्ट, शहाबुद्दीन, त्रिभुवन सिंह त्रिपोला, राजकुमार, मूली देवी आदि सम्मिलित थे।

### एकेटीयू में बीटेक छठे सेमेस्टर का पेपर वायरल, विवि ने बैठाई जांच

**लखनऊ।** एकेटीयू में बीटेक छठे सेमेस्टर की परीक्षा का प्रश्नपत्र परीक्षा के दौरान व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल होने का मामला सामने आया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। संबंधित परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और कंप्यूटर सिस्टम सील कर दिए गए हैं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में बीटेक छठे सेमेस्टर की परीक्षा का पेपर वायरल होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार को दूसरी पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान ही प्रश्नपत्र व्हाट्सएप ग्रुप पर पहुंच गया।

# पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी: योगी बोले-कांग्रेस के कुसंस्कार उजागर

## पंकज चौधरी ने कहा-माफी मांगें कांग्रेस नेता

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विषय में की गई अभद्र, असंसदीय और अक्षम्य टिप्पणी कांग्रेस के राजनीतिक कुसंस्कारों को उजागर करती है।

सीएम ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की भाषा और व्यवहार लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं को चोट पहुंचाने वाला रहा है। इससे पहले कांग्रेस के युवराज भी अपनी टिप्पणियों के जरिए अपने कुसंस्कारों का परिचय दे चुके हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हताशा, निराशा, कुंठा और मानसिक दिवालियेपन के शीर्ष स्तर पर पहुंच चुकी है। जनता का समर्थन लगातार घटने के कारण कांग्रेस के नेताओं में राजनीतिक संयम और शालीनता भी समाप्त होती जा रही है। जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कांग्रेस नेताओं द्वारा किया जा रहा है, वह भारतीय लोकतंत्र की गरिमा के अनुरूप नहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने पीएम मोदी को लेकर अभद्र टिप्पणी करने पर कांग्रेस नेताओं से माफी मांगने को कहा। उन्होंने शुक्रवार को जारी अपने बयान में कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा पीएम मोदी के बारे में की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और कांग्रेस पार्टी की हताश मानसिकता को प्रदर्शित करती है।

कांग्रेस आज राजनीतिक रूप से पूरी तरह दिशाहीन और जनसमर्थन विहीन हो चुकी है। उनके नेता व्यक्तिगत टिप्पणियों और अपमानजनक भाषा का सहारा लेकर अपनी कुंठा को उजागर कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अजय राय के अस्वस्थ होने पर सार्वजनिक रूप से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की थी, आज वही प्रधानमंत्री के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं।

# खूनी संघर्ष में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, मां की हालत नाज़ुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

- आक्रोशित परिजनों तथा जनता ने घेरी कोतवाली, लगाई न्याय की गुहार
- प्रशासन ने आरोपियों के द्वारा किया गया अतिक्रमण किया ध्वस्त

**खटीमा।** नगर की पंजाबी कॉलोनी में पांच दिन पूर्व हुए जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान बरेली के निजी अस्पताल में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। आक्रोशित लोग खटीमा कोतवाली पहुंचे और आरोपी परिवार के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा न्याय की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन मौके पर पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 14 पंजाबी कॉलोनी निवासी सीता पत्नी दीनदयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि क्षेत्र के ही सचिन रघुवंशी और संदीप रघुवंशी पुत्र सतीश रघुवंशी ने एक राय होकर उनके देवर विवेक कुमार, सास ललिता देवी और पुत्री दीपिका पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था। घटना में विवेक कुमार और ललिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया था। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इधर बरेली के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान बुधवार को विवेक कुमार की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि दोनों परिवारों के बीच रास्ते और अतिक्रमण को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना के बाद प्रशासन की मौजूदगी में आरोपी परिवार के घर के आगे किए गए अतिक्रमण को भी ध्वस्त किया गया। मृतक विवेक कुमार खटीमा स्टांप वेंडर एवं अरायजनवीस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष भी थे। उनकी पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन से अपने दो छोटे बेटों के पालन-पोषण के लिए सहायता की मार्मिक अपील की है। घटना की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी भी कोतवाली पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। विधायक ने पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। वहीं पुलिस प्रशासन ने परिजनों को हत्या की धारा बढ़ाकर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पूरे घटनाक्रम के दौरान कोतवाली और घटना स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात रहा ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

# सात दिवसीय कथक डांस कार्यशाला का भव्य शुभारम्भ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** एस.के. पब्लिक स्कूल में समर कैम्प के अंतर्गत भारतीय शास्त्रीय नृत्य कला को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से सात दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का भव्य शुभारम्भ किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यशाला में विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली।कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक जगजीत सिंह, प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

इस दौरान विद्यालय परिसर सांस्कृतिक एवं भक्तिमय वातावरण से सराबोर दिखाई दिया। विद्यालय के प्रबंधक जगजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कथक भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली शास्त्रीय नृत्य विधाओं में से एक है। यह केवल नृत्य कला नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संगीत, भाव एवं आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम है। कार्यशाला में विशेष रूप से आशीष सिंह को आमंत्रित किया गया है, जो काशी वाराणसी के युवा कोरियोग्राफर एवं प्रसिद्ध कथक कलाकार हैं।

कार्यशाला के दौरान आशीष सिंह ने विद्यार्थियों को कथक नृत्य की मूल मुद्राएँ, ताल, भाव एवं अभिव्यक्ति की बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं एवं संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश भी दिया।विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह एवं प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी ने कार्यशाला के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास के साथ-साथ उनके सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। समर कैम्प के अंतर्गत आयोजित इस सात दिवसीय कथक कार्यशाला को लेकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के भीतर भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान, रुचि एवं आत्मविश्वास को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

# हिंद पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, ब्लू पैंथर बना चैंपियन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** हिंद पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों—रेड ड्रैगन, येलो ईगल, ग्रीन मैमथ और ब्लू पैंथर—के खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना, अनुशासन और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लू पैंथर हाउस ने ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता के दौरान खो-खो, वॉलीबॉल एवं रस्साकशी जैसी खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के परिणाम खो-खो (बालिका वर्ग) प्रथम – ब्लू पैंथर हाउस, द्वितीय – येलो ईगल हाउस, तृतीय – रेड ड्रैगन हाउस, वॉलीबॉल (बालक वर्ग) कक्षा 9 एवं 10 वर्ग, प्रथम – रेड ड्रैगन हाउस, द्वितीय – ब्लू पैंथर हाउस, तृतीय – येलो ईगल हाउस, कक्षा 11 एवं 12 वर्ग, प्रथम – रेड ड्रैगन हाउस, द्वितीय – ग्रीन मैमथ हाउस, तृतीय – येलो ईगल हाउस, रस्साकशी (बालक वर्ग), प्रथम – ब्लू पैंथर हाउस, द्वितीय – ग्रीन मैमथ हाउस, तृतीय – रेड ड्रैगन हाउस, रस्साकशी (बालिका वर्ग), प्रथम – ग्रीन मैमथ हाउस, द्वितीय – ब्लू पैंथर हाउस, तृतीय – येलो ईगल हाउस प्रतियोगिता को सफल एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराने में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रंजीत मेहरा एवं खेल शिक्षिका मिस कविता बिष्ट की विशेष भूमिका रही। उनके निष्पक्ष रेफरी निर्णयों की सभी ने सराहना की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज कुमार ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करते हैं तथा विद्यालय भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देता रहेगा।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, उपप्रधानाचार्या पूजा जोशी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दीदी की लाइब्रेरी का ब्लॉक प्रमुख एवं ज्येष्ठ उप प्रमुख ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** ब्लॉक कैंपस में दीदी की लाइब्रेरी निर्माण के अंतिम चरण के कार्य का ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा एवं ज्येष्ठ उप प्रमुख भागीरथी राणा ने निरीक्षण किया। उन्होंने लाइब्रेरी के विभिन्न कक्षाओं का जायजा लिया और हाईटेक लाइब्रेरी में उपलब्ध कम्पटिशन प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधित पुस्तकों की जानकारी दी। ब्लॉक परिसर के एक छोर पर लगभग तैयार हाईटेक दीदी की लाइब्रेरी की क्षमता 50 विद्यार्थियों की बताई गई।

लाइब्रेरी को भव्य आकर्षक बनाने का वखूबी प्रयास चल रहा है। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी ने बताया कि भव्य एवं आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देश है। दीदी की लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा अन्य प्रशासनिक सेवा में भागीदारी संबंधित कंपटीशन संबंधित पुस्तक उपलब्ध रहेंगी। ज्येष्ठ प्रमुख भागीरथी राणा ने क्षेत्र समिति अध्यक्ष एवं खंड विकास अधिकारी गांधी से अपेक्षा की कि जिस तरह विकास खंड को भव्य एवं आकर्षक बनाया गया है। उसी तर्ज पर विकासखंड क्षेत्र के बीडीसी एवं ग्रामपंचायतों का भी कायाकल्प हो तभी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गृह क्षेत्र एक मिसाल हि नहीं अनुकरणीय बनकर उभरेगा। इस अवसर पर पवन गीहार, शरद राणा आदि मौजूद रहे।

# खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय बोले-गरीबों के राशन पर डाका डालने वाले जाएंगे जेल

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने राशन कालाबाजारी, घटतौली और अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों के हक पर डाका डालने वालों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। प्रदेश में खाद्य वितरण व्यवस्था को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने कालाबाजारी, घटतौली, जमाखोरी और अवैध वसूली के खिलाफ कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों के राशन पर डाका डालने वाले, तौल में चोरी करने वाले और सरकारी व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज कराए जाएंगे।

खाद्य मंत्री ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर जेल भेजने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश में खाद्य एवं रसद व्यवस्था को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि तेल कंपनियां तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करें। बैकलॉग ज्यादा दिनों का न रहे।

# बिजली को लेकर पांच उपकेंद्रों में बवाल-हंगामा, सड़क पर उतरे लोग

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** लखनऊ में लगातार बिजली कटौती और फॉल्ट से नाराज लोगों ने कई उपकेंद्रों पर हंगामा, घेराव और सड़क जाम किया। फॉल्ट ठीक करने के दौरान तीन संविदा कर्मचारी झुलस गए, जिनमें एक की हालत गंभीर है। कई इलाकों में घंटों बिजली बाधित रही और पुलिस को स्थिति संभालनी पड़ी।

राजधानी में बीते बृहस्पतिवार रात छह घंटे के भीतर पांच उपकेंद्रों सेक्टर 25 इंदिरानगर, न्यू कैम्पस, विक्टोरिया, बनी, गहरू पर रात 11:30 से 3:30 बजे तक बिजली को लेकर खूब हंगामा- बवाल हुआ। नाराज लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इस बीच इलाके में फॉल्ट को सही करने के दौरान तीन संविदा कर्मचारी झुलस गए, जिसमें एक की हालत नाजुक बनी है। इनमें न्यू कैम्पस उपकेंद्र के लाइनमैन कमलेश, गुड्डू व नीबू पार्क घंटाघर उपकेंद्र के अनूप शामिल हैं।

वृहस्पतिवार रात करीब 11:30 बजे सेक्टर 25 इंदिरानगर व विक्टोरिया चौक उपकेंद्र के बड़े हिस्से में अंधेरा हो गया। इससे विक्टोरिया उपकेंद्र पर 250 व सेक्टर 25 में 500 से ज्यादा लोगों ने घेराव कर लिया। विक्टोरिया में सरगा पार्क फीडर की ट्राली फट गई थी। सेक्टर 25 उपकेंद्र की 33 हजार की आपूर्ति ठप हो गई थी। इससे इंदिरानगर के सेक्टर 18, 19, 20 21, 25, बस्तौली, समुददीपुर, रिंग रोड सहित आसपास के करीब 15 हजार घरों की रात 11 बजे से अंधेरा हो गया। हालांकि, इन इलाकों में शाम 7 बजे से बिजली संकट बना था। रात 12 बजे भीड़ ने उपकेंद्र पर धावा बोल दिया। कर्मियों ने अंदर से गेट में तालाबंदी करके पीछे के रास्ते भाग गए। पुलिस पहुंची, मगर जनता बिजली चालू करने की मांग पर अड़ी थी। नाराज लोगों ने रिंग रोड पर सड़क भी जाम कर दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाया।

# राहुल गांधी के गद्दार बयान पर भाजपाइयों में आक्रोश कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** यूपी के रायबरेली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस को गद्दार कहने पर सांसद राहुल गांधी के खिलाफ शुक्रवार को सदर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। भाजपाइयों ने कहा कि राहुल की टिप्पणी से हमारी और देश के नागरिकों की भावनाएं आहत हुई हैं। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

दरअसल, बीती 19 और 20 मई को राहुल गांधी रायबरेली और अमेठी के दौरे पर थे। 20 मई को लोधवारी गांव में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और आरसएस को गद्दार कहा था। इसके बाद से भाजपाइयों में नाराजगी है। वह कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को शाम 3.00 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी की अगुवाई में भाजपाइयों का प्रतिनिधिमंडल सदर कोतवाली पहुंचा। उन्होंने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देकर सांसद राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में भाजपाइयों ने कहा है कि राहुल की टिप्पणी से हमारी, देश के करोड़ों नागरिकों की भावनाएं आहत हुई हैं। यह किसी एक या दो व्यक्तियों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी ही नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता के खिलाफ किया गया गंभीर अमर्यादित आचरण है। सदर कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि जांच बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# "किच्छा की जनता को जाम से मुक्ति दिलाना हमारी प्राथमिकता- अंडरपास निर्माण की प्रक्रिया शुरू होना बड़ी उपलब्धि" : बेहड़

जागरण मोर्चा कार्यालय



**उधम सिंह नगर (उत्तराखंड)।** किच्छा नगर में रेलवे फाटक पर वर्षों से लगने वाले भीषण जाम और आमजन को हो रही भारी परेशानियों को लेकर विधायक तिलक राज बेहड़ लगातार आवाज उठाते रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 04 जून 2025 को विधायक बेहड़ ने स्वयं पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र का निरीक्षण कर अंडरपास निर्माण की संभावनाओं का जायजा लिया था तथा को जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर को विस्तृत पत्र भेजकर किच्छा रेलवे फाटक क्षेत्र में अंडरपास निर्माण की मांग उठाई थी।

अब इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर बड़ी प्रगति सामने आई है। उपजिलाधिकारी किच्छा द्वारा दिनांक15-5-2026 को पत्रांक संख्या 152 के तहत भेजे गए पत्र में अवगत कराया गया है कि दिनांक 02 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी नितिन भदौरिया की अध्यक्षता में रेलवे विभाग से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें किच्छा में अंडरपास निर्माण को लेकर आवश्यक कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया।

बैठक में रेलवे विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि अंडरपास निर्माण हेतु जिलाधिकारी कार्यालय से अनुमति प्राप्त हो चुकी है तथा वर्तमान में ड्राइंग एवं एस्टीमेट तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। बेहड़ ने कहा कि किच्छा रेलवे फाटक के कारण शहर की जनता, व्यापारियों, विद्यार्थियों, किसानों और राहगीरों को वर्षों से भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। फाटक बंद होने पर शहर में लंबा जाम लग जाता है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होने के साथ-साथ एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं तथा दिनभर में लगभग 15 ट्रेने रेलवे लाइन से होकर गुजरती हैं. किच्छा नगर पालिका क्षेत्र में कुल 20 वार्ड है यह वार्ड रेलवे के दोनों तरफ बनें हुए हैं. लगभग 40 वर्षों पूर्व से किच्छा का साप्ताहिक हाट बाजार भी प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को फाटक के पूरब में ही लगता है जिसमें हजारों की तादात में लोगो को क्रासिंग पार करके पूरब की तरफ जाना पड़ता है इन दोनों ही दिन में पूरे शहर में जाम की स्थिति अनियंत्रित रहती है। किच्छा नगर पालिका द्वारा भी फाटक के पूरब की तरफ ही 6 एकड़ भूमि में ट्रचिंग ग्राउंड तथा गौशाला प्रस्तावित है तथा पालिका द्वारा भूमि खरीद ली गयी है गौर पालिका प्रशासन को पूरब के वार्डो का कूड़ा एकत्रित करने गाड़ियाँ भेजने में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है गाडियाँ अक्सर जाम में फंस जाती है।

उन्होंने कहा कि किच्छा की जनता को जाम से स्थायी राहत दिलाने और शहर के सुनियोजित विकास के लिए अंडरपास निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा और जनता की इस बहुप्रतीक्षित मांग को जल्द धरातल पर उतारने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक बेहड़ ने प्रशासन एवं रेलवे विभाग द्वारा प्रक्रिया को आगे बढ़ाए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह किच्छा के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका लाभ आने वाले समय में पूरे क्षेत्र की जनता को मिलेगा।

# बिजली संकट से जूझ रहा है आम आदमी सरकार को ध्यान देना चाहिए : मायावती

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** मायावती ने प्रदेश में बढ़ते बिजली संकट और कटौती पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में गरीब, किसान, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से बिजली आपूर्ति सुधारने और नए पावर प्लांट स्थापित कर स्थायी समाधान करने की मांग की।

मायावती ने बिजली संकट पर एक्स अकाउंट से पोस्ट की। उन्होंने लिखा- उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम अपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों व उसको लेकर विशेषकर गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारियों व अन्य करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदायी बना हुआ है तथा इसको लेकर लोग विभिन्न रूपों में अपना आक्रोश भी प्रकट कर रहे हैं, जिसकी चर्चा मीडिया में भी काफी व निरन्तर रहती है। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम अपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों व उसको लेकर विशेषकर ग़रीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारियों व अन्य करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदायी बना हुआ है तथा इसको लेकर लोग विभिन्न रूपों में अतः सरकार से अपील है कि वह बिजली आपूर्ति सम्बंधी लोगों के कष्ट व परेशानियों को ध्यान में रखते हुये जरूरी उपाय तत्काल सुनिश्चित करे।

# विद्युत में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी

## व्यापार मंडल ने बिजली घर पहुंच कर दिया अल्टीमेटम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर की बिजली व्यवस्था बदहाल है। शुक्रवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और नगर के व्यापारियों ने बिजली घर पहुंच कर बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता की, और जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई।

व्यापारियों ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय के भीतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो व्यापार मंडल आंदोलन करने को बाध्य होगा। व्यापारियों ने कहा कि नगर में अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और बार-बार फाल्ट होने की समस्या से आमजन के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। भीषण गर्मी के बीच खराब विद्युत व्यवस्था के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दुकानों और प्रतिष्ठानों पर कामकाज प्रभावित होने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने अधिकारियों से कहा कि नगर में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, दिन और रात में कई बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। व्यापारियों ने मांग की कि जर्जर लाइनों को दुरुस्त कराया जाए और फाल्ट की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए। बिजली विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्याओं का समाधान कराया जाएगा और विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान हंसराज गुलाटी, मोहम्मद जाहिद खान, नवीन अग्रवाल, विजयपाल विक्की, दीपक अग्रवाल, अनुज खंडेलवाल, संजय गुप्ता, आशीष रस्तोगी, बलजीत सिंह खैरा, राजा गुप्ता, सलमान खान सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।



बिजली अधिकारियों से मिलने के दौरान व्यापारी।

### बिजली कटौती से आधी रात को हंगामा कर प्रदर्शन

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के शेरपुरकला गांव में गुरुवार रात बिजली कटौती को लेकर लोगों ने जमकर हंगामा कर विरोध प्रदर्शन किया। अनियमित बिजली आपूर्ति और बार–बार होने वाली कटौती से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। देर रात जैसे ही लगातार बिजली कटने का सिलसिला बढ़ा, ग्रामीण घरों से निकलकर सड़क पर आ गए और हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। रात के समय कई–कई घंटे तक बिजली गायब रहती है। जिससे भीषण गर्मी और उमस में लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि बार–बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के कारण पूरा गांव अंधेरे में रहने को मजबूर है। हंगामे के दौरान ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था तुरंत दुरुस्त करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सूचना मिलने पर संबंधित विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने जल्द आपूर्ति सामान्य करने और समस्या की जांच का आश्वासन दिया। जिसके बाद स्थिति शांत हुई। हालांकि ग्रामीणों में अब भी रोष बना हुआ है और लोगों का कहना है कि केवल आश्वासन नहीं, बल्कि स्थायी समाधान की जरूरत है। इस दौरान जाहिद, शोएब, हबीब, अरशद, सरताज सहित कई मौजूद रहे।


क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेताओं को पुरस्कृत करते राजकुमार 'राजू'।

## सोंधा क्रिकेट टूर्नामेंट में खेला युवाओं का जोश, राजकुमार "राजू" ने किया उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोंधा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार "राजू" ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर ग्रामीणों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

मुख्य अतिथि राजकुमार "राजू" ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, संघर्ष, एकता और सकारात्मक सोच का सबसे बड़ा मंच हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले ऐसे खेल प्रतियोगिताएं छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर प्रदान करती हैं और युवाओं को नशे एवं सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा देती हैं। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में अमर सिंह, सतीश वर्मा, ओम शर्मा, इंद्रपाल, रवि मिश्रा, अवधेश भारती, मोहित वर्मा, महेश कुमार सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, खेल प्रेमी, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पुलिस के सामने दबंगों ने की मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** दबंगों द्वारा खुलेआम दबंगई का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद कुछ लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट की, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

नगर के मोहल्ला कायस्थान वार्ड नंबर दो निवासी अजीत गुप्ता का पडोस के रहने वाले कुछ लोग रंजिश रखते है। जिससे आए दिन गाली गलौज कर परेशान करते है। 21 मई को सुवह पडोसियों ने उसके दरवाजे पर पानी डाल दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो गाली गलौज शुरू कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने की गाली गलौज होती रही। देखते देखते ही मारपीट शुरु हो गई। आरोप है कि पुलिस की मौके पर मौजूदगी थी। उसके वावजूद उसको पडोसियों ने मारा पीटा। जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वीडियो में कथित रूप से कुछ लोग एक युवक को घेरकर मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। जबकि मौके पर पुलिस मौजूद होने का भी दावा किया जा रहा है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब पुलिस की मौजूदगी में इस तरह की घटना हो सकती है तो आम जनता की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। वायरल वीडियो के बाद पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने वताया मामले की तहरीर मिली है। जिसकी जांच शुरू कर दी गई है।


वायरल वीडीओ में मारपीट करते दबंग। -जागरण मोर्चा

## भीषण गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सीएमओ ने जारी की एडवाइजरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में लगातार बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार ने नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए हीट वेव और अत्यधिक तापमान से बचाव के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है।

सीएमओ ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार वर्ष 2026 में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है। आगामी दिनों में उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक तथा कुछ क्षेत्रों में 5 से 8 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया जा सकता है। ऐसे में लू और गर्म हवाएं लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती हैं। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी शरीर में पानी की कमी, रक्त संचार में गड़बड़ी, थकान, चक्कर, उल्टी और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। इसलिए लोग बिना प्यास लगे भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। ओआरएस, छाछ, लस्सी, नींबू पानी और चावल के माड़ जैसे पेय पदार्थों का सेवन लाभदायक रहेगा। डॉ0 आलोक कुमार ने सलाह दी कि लोग हल्के रंग के सूती और ढीले कपड़े पहनें तथा धूप में निकलते समय छाता, टोपी और चश्मे का उपयोग करें। खुले में काम करने वाले मजदूर एवं श्रमिक चेहरे और शरीर को गीले कपड़ों से ढककर रखें तथा बीच-बीच में आराम करते रहें।

# पूरनपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर में कोतवाली रोड पर स्थित महेन्द्रा बैंकट हॉल में भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। भाजपा विधायक वावूराम पासबान व भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्या ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी वूथ अध्यक्षों को घडी वितरण की गई। जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने वूथ अध्यक्षों को अपना वूथ मजबूत करने पर बल दिया, संगठन की रीति-नीति, जनसंपर्क अभियान और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। भाजपा विधायक वावूराम पासवान ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत उसका बूथ स्तर होता है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क अभियान, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा आगामी चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर लोगों से संपर्क स्थापित करें और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने सभी से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। मजबूत बनाने और बूथ स्तर पर अधिक प्रभावी कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री, माहदेव गाईन, नितिन दीक्षित, हर्ष प्रधान, संजीव त्रिवेदी, रितुराज पासबान, अनूप वाल्मीकि. सहित कई मौजूद रहे।



## पति ने मांगा खाना तो पत्नी ने कर दी पिटाई

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा में खाना मांगने के विवाद में एक महिला ने अपने ही पति की बेरहमी से पिटाई कर दी। घायल पीड़ित धर्मपाल ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।धर्मपाल के मुताबिक, वह 21 मई को अपनी पत्नी को मायके से विदा कराकर घर लाया था। शाम को जब उसने खाना मांगा, तो पत्नी गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर पत्नी ने उसे जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसों व डंडों से मारकर घायल कर दिया। शोर सुनकर आए परिजनों ने उसे बचाया। पीड़ित का आरोप है कि पत्नी एक अन्य ग्रामीण के उकसावे पर विवाद करती है और उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पूर्णागिरी धाम रवाना हुआ डोला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा में माता रानी का डोला भव्य रूप से विधि-विधान के साथ पूर्णागिरी धाम के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में धार्मिक और भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

डोला यात्रा शुरू होने से पहले गांव के मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच माता रानी की आरती उतारी गई और श्रद्धालुओं ने परिवार एवं गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद "जय माता दी" के गगनभेदी जयकारों के बीच डोले को गांव से विदा किया गया। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए डोले के साथ आगे बढ़ते रहे। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने डोले का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई, ग्रामीणों ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है, डोला यात्रा पूर्ण श्रद्धा और उल्लास के साथ अपने अगले पड़ाव के लिए पूर्णागिरी धाम की ओर प्रस्थान कर गई। इस दौरान कई लोग व महिलाएं मौजूद रहीं। माता रानी के जयकारे से बातावरण भक्तीमय हो गया।


मातारानी के दर्शन के लिए जाता जत्था। -जागरण मोर्चा

- विशेष पूजा–अर्चना और गगनभेदी जयकारों के साथ विदा हुआ डोला
- सुख–समृद्धि की कामना के साथ वर्षों से निरंतर जारी है आयोजन

# आकांक्षी ब्लॉक पूरनपुर में बड़ा भ्रष्टाचार विस्फोट: शेरपुर कलां प्रधान के अधिकार सीज, सचिव पर गिरी गाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरपुर कलां।** आकांक्षी ब्लॉक पूरनपुर की चर्चित और दूसरी सबसे बड़ी इस ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं का बड़ा मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने कड़ा एक्शन लिया है। विकास कार्यों में धांधली और पंचायत निधि के दुरुपयोग की पुष्टि होते ही जिला प्रशासन ने ग्राम प्रधान जानें आलम के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार तत्काल प्रभाव से सीज कर दिए हैं, जबकि पंचायत सचिव विजय कुमार के खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी गई है।

इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। पंचायत की सत्ता के केंद्र में मानी जाने वाली शेरपुर कलां में हुए इस बड़े प्रशासनिक फैसले को लेकर राजनीतिक गलियारों से लेकर गांव की चौपालों तक चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक गांव के कई लोगों ने विकास कार्यों में भारी गड़बड़ी, फर्जी भुगतान और सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि होने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने यह बड़ी कार्रवाई की। प्रधान के अधिकार सीज होने का मतलब है कि अब वह पंचायत निधि से कोई भुगतान नहीं कर सकेंगे और न ही वित्तीय फैसले ले पाएंगे। वहीं सचिव विजय कुमार पर निगरानी में लापरवाही और अनियमितताओं में संलिप्तता के आरोप लगे हैं। विभागीय जांच में आरोप सिद्ध होने पर निलंबन से लेकर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई हो सकती है। गौरतलब है कि नीति आयोग द्वारा पूरनपुर को आकांक्षी ब्लॉक घोषित किया गया है, जहां विकास योजनाओं पर विशेष फोकस रखा जा रहा है। ऐसे में इतनी बड़ी ग्राम पंचायत में वित्तीय गड़बड़ी सामने आना प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। सरकार जहां पारदर्शिता और जवाबदेही की बात कर रही है, वहीं शेरपुर कलां का मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है। बताया जा रहा है कि प्रधान का कार्यकाल समाप्त होने में अभी 26 मई तक का समय बाकी है, लेकिन उससे पहले हुई यह कार्रवाई राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से बेहद अहम मानी जा रही है। फिलहाल यह भी रहस्य बना हुआ है कि आखिर वे लोग कौन थे जिन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत की। अब प्रशासन पंचायत के कामकाज के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तैयार करने में जुट गया है। संभावना जताई जा रही है कि पंचायत संचालन के लिए प्रशासक नियुक्त किया जा सकता है या समिति गठित की जा सकती है। साथ ही अनियमितताओं से जुड़ी रकम की रिकवरी और आगे की जांच भी तेज कर दी गई है। शेरपुर कलां में हुई इस कार्रवाई ने साफ संदेश दे दिया है कि सरकारी धन में गड़बड़ी करने वालों पर अब प्रशासन सख्त रुख अपनाने के मूड में है।




### सास पर बहू को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**पूरनपुर।** मोहल्ला कायस्थान में शुक्रवार को घरेलू विवाद के दौरान एक बहू ने अपनी सास पर मारपीट कर घर से निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। महिला के अनुसार, कहासुनी के बाद सास ने उसके साथ अभद्रता और मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




**उद्घाटन** प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मिलता है अवसर : गुरभाग

# पिपरिया दुलई में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया दुलई में जिला पंचायत अध्यक्ष पति व भाजपा नेता गुरभाग सिंह मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे। जंहा उन्होंने ने आयोजित डायमंड क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ फीता काटकर किया गया।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन कर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजनों से छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है तथा युवा नशे एवं अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होते हैं। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना देखते ही बन रही थी। टूर्नामेंट के शुभारंभ के साथ ही दर्शकों में भी विशेष उत्साह दिखाई दिया। टूर्नामेंट में क्षेत्र की विभिन्न ग्रामों की टीमों द्वारा सहभागिता की जा रही है। प्रतियोगिता के शुरुआती मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में मौजूद रहे। उद्घाटन मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता कई दिनों तक चलेगी, जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।



# राधा माधव संकीर्तन मंडल के वार्षिक उत्सव में उमड़े श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर में राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

उत्सव में नगर सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भक्ति रस में सराबोर होकर कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना एवं भगवान राधा-कृष्ण की आरती से किया गया। इसके बाद संकीर्तन मंडल के कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे, पूरे आयोजन स्थल पर "राधे-राधे" और "हरे कृष्ण" के जयकारों से भक्तिमय माहौल बना रहा। उत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने देर रात तक भजन संध्या का आनंद लिया। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि वार्षिक उत्सव का उद्देश्य समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना तथा लोगों को भक्ति के माध्यम से जोड़ना है। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों की विशेष भागीदारी देखने को मिली। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं अन्य व्यवस्थाएं भी की गईं। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# बिजली अघोषित कटौती से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, जेई नदारद मिले तो किया हाइवे जाम

## करीब एक घंटे तक ग्रामीणों ने जमकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर किया शांत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** विगत एक माह सेअधिक समय से बिजली कटौती का सामना कर रहे ग्राम महेरा के लोगों का गुस्सा आखिरकार शुक्रवार को फूट ही पड़ा, गुस्साए ग्रामीणों ने उपकेंद्र का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। उपकेंद्र पर जेई के मौजूद न होने पर ग्रामीणों के साथ आईं महिलाओं ने एमएफ हाईवे जाम कर दिया। हाईवे जाम होने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई, जिससे लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।


जमा लगाकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।


प्रदर्शन करते ग्रामीण।

नगर सहित समूचे ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की जबर्दस्त कटौती की जा रही है, भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोगों का बुरा हाल हो गया है, किसानों की फसलें सूख रही हैं। विगत दो दिन पूर्व भी कटौती से आजिज ग्रामीणों ने बिजलीघर का घेराव किया था, शुक्रवार को ग्राम महेरा के दर्जनों लोगों ने महिलाओं सहित आकर बिजली घर का घेराव कर जमकर नारेवाजी की। गुस्साए लोगों का आरोप है कि विगत एक माह से भी अधिक समय से जमकर कटौती की जा रही है, किसानों की फसल मक्का पानी के अभाव में सूख रही है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया कहा कि विगत तीन वर्ष पूर्व गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण के दौरान डम्पर ने 14 पोल तोड़ दिए थे एक ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हुआ था, जिसका ठेकेदार द्वारा विभाग को हर्जाना भी दिया गया था मगर उसके बाद भी न तो टूटे हुए पोल ही लगे हैं न ही ट्रांसफार्मर रखा गया है, गांव में लगे दूसरे ट्रांसफार्मर पर ही पूरे गांव का लोड डाल दिया गया जिसकी वजह से ओवरलोड होने से ट्रिपिंग के कारण आपूर्ति नही मिल पाती है, ऊपर से कटौती ने हाल वेहाल कर रखा है। ग्रामीणों के हंगामे के चलते जेई रामस्वरूप मौका देखकर चुपचाप खिसक लिए, जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे जाम कर दिया, काफी देर तक जाम लगने से वाहनों की लम्बी लाइन लग गई, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर किसी तरह जाम खुलवाया।

### बिजली कटौती को लेकर बिसौली में भी प्रदर्शन

**बिसौली।** पिछले कुछ दिनों से अघोषित विद्युत कटौती के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित विद्युत कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बल्कि इसका असर खेती और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर भी साफ देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली की अघोषित कटौती के चलते उनकी फसलों का सूखने का खतरा मंडरा रहा है। इधर भीषण गर्मी के बीच लगातार अघोषित विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। बिजली संकट से त्रस्त ग्रामीणों ने विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के आला अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उसके बाद तहसील परिसर में पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि फसलें सूख रही है साथ ही बच्चों की पढ़ाई और घरेलू ज़रूरतें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। एसडीएम श्री साई आश्रित शाख मुरी ने ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया और भरोसा दिलाया कि जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

## दत्तक ग्रहण इकाई का निरीक्षण

**बदायूं।** एडीएम प्रशासन अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण समिति ने शहर की दो प्रमुख दत्तक ग्रहण इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। समिति ने नेकपुर में संचालित दलित ग्रामीण विकास संस्थान और महिला अस्पताल परिसर के राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण में रह रहे अनाथ बच्चों की आवास, खान-पान और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को परखा।निरीक्षण के दौरान संस्था सचिव अनूप सक्सेना और राजकीय प्रबंधक ने बताया कि दोनों गृहों में वर्तमान में कुल 6 बच्चे रह रहे हैं। सभी बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनकी कानूनी (लीगल) प्रक्रिया चल रही है। एडीएम अरुण कुमार ने सुरक्षा के मद्देनजर संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, साफ-सफाई दुरुस्त रखने और आगंतुक रजिस्टर में आने-जाने वालों की पूरी जानकारी दर्ज करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार को शासनादेश के मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा। इस मौके पर डॉ. तहसीन, प्रमिला गुप्ता और सविता मालपाणी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



# एआरटीओ की गाड़ी को टक्कर मार कर भागा डंपर चालक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** मुरादाबाद -फर्रुखाबाद हाईवे पर शुक्रवार को को एक डंपर चालक ने फिल्मी अंदाज में पुलिस और आरटीओ टीम को खूब छकाया। बताया जा रहा है कि आरटीओ टीम ने ओवरलोड डंपर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने पहले डंपर की नंबर प्लेट हटाई और कनेक्टर उतारने के बाद तेज रफ्तार में वाहन दौड़ा दिया।

सूत्रों के अनुसार डंपर चालक ने आरटीओ की गाड़ी में टक्कर भी मार दी, जिसके बाद वह मौके से डंपर लेकर भागने लगा। सूचना मिलते ही रहेड़िया पुलिस चौकी पर बैरियर लगाया गया, लेकिन चालक बैरियर तोड़ते हुए डंपर लेकर निकल गया। पुलिस,



आरटीओ और अन्य अधिकारियों की करीब पांच गाड़ियों ने डंपर का पीछा किया। काफी देर पीछा करने के बाद चालक ने बगरैन रोड पर डंपर रोक दिया और पास के मक्का के खेत में कूदकर फरार हो गया। अधिकारियों और पुलिस ने काफी तलाश की, लेकिन चालक का कोई सुराग नहीं लग सका। बाद में आरटीओ अधिकारियों ने डंपर को कब्जे में लेकर बगरैन पुलिस चौकी पर खड़ा करा दिया। मामले की जांच की जा रही है।

# खेल प्रतिभा का उभार : अक्षत ने स्पोर्ट्स स्कूल प्रवेश परीक्षा में मारी बाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल राई में चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर**

**बिसौली।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदनजुडी के कक्षा 5 में अध्ययनरत छात्र अक्षत ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अक्षत ने हरियाणा के प्रतिष्ठित मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल, राई (सोनीपत) की प्रवेश परीक्षा सत्र 2026-27 में सफलता प्राप्त कर कक्षा 5 में अपना प्रवेश सुनिश्चित किया है। इस सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।


अक्षत।

बताया जाता है कि अक्षत पिछले कुछ समय से इस प्रवेश परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए थे। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी विशेष रुचि दिखाई, जिसका परिणाम आज सामने आया। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन के बल पर बड़े संस्थानों में जगह बना सकते हैं। अक्षत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है, जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया। वहीं, उनके पिता हेमंत सिंह ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुज शर्मा को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया और कहा कि शिक्षकों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं हो पाता। विद्यालय परिवार ने भी अक्षत की इस उपलब्धि पर गर्व जताया है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्षेत्र के लोगों ने भी इस सफलता को प्रेरणादायक बताते हुए अन्य बच्चों को भी इससे सीख लेने की बात कही है।

# पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का हुआ भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सपा के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रज़ा लगातार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए का प्रचार पूरे जिले में कर रहे हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार को पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने 116 शेखुपुर विधानसभा के ग्राम चंद्पुरा, अलई नगला, झझरऊ, अजरऊ में पीडीए के प्रचार के लिए जनसभा की। आबिद रज़ा की जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी तथा हार फूलों से ग्रामवासियों ने आबिद रज़ा का स्वागत किया। चंद्पुरा जाते समय ककराला में माजिद खां सभासद



ने अपने लगभग 300 साथियों के साथ पूर्व मंत्री का फूल माला डालकर भव्य स्वागत किया सभी गांव की जनता ने आबिद रज़ा से शेखुपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने का अनुरोध किया और कहा जब से समाजवादी पार्टी बनी है, हमने हमेशा सपा को साईकिल को वोट दिया है। चार बार सपा की सरकार बन चुकी लेकिन हमारे गांव की सड़कों में अभी भी गड्ढे है। हमारे गांव में कोई विकास नहीं हुआ है। ग्राम बिरिया डांडा से अलई नगला तक का रोड आज भी कच्चा है। अपने विधायक से हम कहते कहते थक गए लेकिन आज तक पक्का रोड विधायक जी नहीं बनवा सके। हम गांव वाले एक तरफा 95 प्रतिशत साईकिल को वोट देते हैं। लेकिन विधायक बनने के बाद हमारे गांव में विकास के बारे में कोई नहीं सोचता। ग्रामवासियों ने एक राय होकर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा से कहा हमने सुना भी है और देखा भी है कि आप जब बदायूं के विधायक थे तब आपने बदायूं का बहुत विकास कराया था। आप काम करने वाले व्यक्ति है, आप अपने लोगों की लड़ाई भी मजबूती से लड़ते है। हमें आप जैसा नेता ही चाहिए। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा हम पूरे जिले में पीडीए का प्रचार करने निकले हैं। 2027 में हर हाल में अखिलेश को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। रही बात आपकी टूटी सड़कों की 2027 के बाद आपके इलाके में ऐतिहासिक विकास होगा। कोई सड़क टूटी नहीं रहेगी। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा के साथ दलवीर यादव, बदन सिंह यादव,, अमन यादव, हर्षित यादव, सुनील यादव, मेघ सिंह शाक्य, लाल सिह शाक्य, फौजी शाक्य, शाहिद, साबिर, शमशाद, अफरोज,अशफाक, बन्टी, मुख्तियार, किशवर, आज़ाद खान, तसब्बर सहित मौजूद रहें।

# वर्कशॉप में खड़ी स्कूल बस में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उझानी रोड स्थित एक वर्कशॉप में मरम्मत के लिए खड़ी स्कूल बस में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बस धूं-धूं कर जलने लगी। गनीमत रही कि घटना के समय बस में कोई बच्चा मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।मदर्स पब्लिक स्कूल की बस में तकनीकी खराबी आने के कारण उसे उझानी रोड स्थित वर्कशॉप पर लाया गया था। मैकेनिक जब बस की जांच कर रहा था, तभी अचानक उसके भीतर से धुआं उठने लगा और कुछ ही पलों में लपटें भड़क उठीं। आग लगते



ही वर्कशॉप कर्मचारियों और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन वह तेजी से फैल गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक बस का अधिकांश हिस्सा जलकर खाक हो चुका था। प्राथमिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# मंदिर के ऊपर से गुजरी एचटी लाइन, बड़ा हादसा संभव

**शिकायतों के बावजूद नहीं जागा विभाग, ग्रामीणों में रोष**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरेन।** क्षेत्र के ग्राम गरगईया में बिजली विभाग और संबंधित कंपनी की लापरवाही से एक बड़ा हादसा होने का खतरा लगातार बना हुआ है। गांव के प्रवेश पर स्थित प्राचीन मंदिर के ऊपर से हाईटेंशन (एचटी) लाइन गुजारी गई है, जो सीधे मंदिर के शिखर पर लगे त्रिशूल को छूती हुई नजर आ रही है। इस स्थिति ने न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को आहत किया है, बल्कि उनकी जान को भी खतरे में डाल दिया है।



ग्रामीणों के अनुसार, मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। खासकर सुबह और शाम के समय यहां श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। ऐसे में मंदिर के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन और त्रिशूल के बीच हो रहा संपर्क कभी भी गंभीर हादसे को जन्म दे सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश या तेज हवा के दौरान यह खतरा और अधिक बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार बिजली विभाग और वोल्टास कंपनी के अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक किसी ने भी इस ओर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी मामले को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिससे गांव में आक्रोश व्याप्त है।र गांव के बुजुर्गों का कहना है कि मंदिर आस्था का केंद्र है और इस तरह की लापरवाही न केवल श्रद्धालुओं के जीवन को जोखिम में डालती है, बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द एचटी लाइन को मंदिर परिसर से हटाया जाए या सुरक्षित दूरी पर शिफ्ट किया जाए। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और कंपनी की होगी। फिलहाल ग्रामीणों को एक अनहोनी का डर सताए जा रहा है और वे प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# देवरहा बाबा पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** श्री देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रस्तुतियों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को समापन अवसर पर स्कूल के निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने बच्चों से संवाद कर उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन पर खुशी जताते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य मीनू बत्रा ने बताया कि कैंप के दौरान बच्चों को व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, टीम भावना और सामाजिक मूल्यों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में शामिल कराया गया। साथ ही रचनात्मक और मनोरंजक कार्यक्रमों के जरिए बच्चों को नई चीजें सीखने का अवसर भी मिला। इस मौके पर अन्य भट्ट, आराध्या, अदिति मिश्रा, अक्षम, अमन मौर्य, अंकु यादव, आर्यंस पाल, बादल, भोला शर्मा, धर्मेश, गोविंद, हिमांशु, जयकुमार चौहान, मंशा, मोहम्मद साद, नव्या वार्ष्णेय, निकोलस, परिणीति, रमन सिंह, राशि, रुद्र प्रताप शर्मा, शौर्य प्रताप सिंह, अनमोल कुमार, विशाल पाल, युवंश, अवनी, वंशिका, नैंसी, शिवांगी उपाध्याय, सोनू यादव, वंश बाबू, आयुष सागर, जॉनी, सागर आराध्या, अक्षय सक्सेना, आशीष सिंह, अभय यादव, दक्ष ठाकुर, ध्रुव शर्मा आदि रहे।

**भव्य शोभायात्रा** आकर्षण का केंद्र रहीं भगवान परशुराम, राम दरबार और काली मैया की भव्य झाँकियाँ

# धूमधाम से निकल गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जय परशुराम के उद्घोष के साथ ब्रह्म बंधुओं ने शोभायात्रा का ब्रह्म कुंज से शुभारम्भ किया। भगवान परशुराम, हनुमान जी महाराज, राम दरबार की झाँकियों ने मनमोह लिया। राधा और कृष्ण स्वरूप कलाक़ारों ने नृत्य किया। काली के अखाड़े ने धूम मचा दी।



नगर के दबतोरी रोड स्थित ब्रह्म कुंज से निकली भव्य शोभायात्रा में भाजपा नेता शारदेंदु पाठक, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माधव मिश्र, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक, भाजपा नेता हरिओम पाराशरी, युवा ब्राह्मण हिमाँशु उपाध्याय, प्रमोद उपाध्याय, सभासद दीपक पाठक, विपनेश मिश्र, वरुण शर्मा, केके उपाध्याय, ओमप्रकाश शर्मा, रामाधार मिश्र, वनवारीलाल पाठक ने भगवान परशुराम का तिलक किया और आरती की। वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण को एकजुट रहने की जरूरत है। उन्होंने आयोजकों की प्रशंसा की। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की झाँकी, रामदरबार, गणेश जी महाराज, हनुमान जी।महाराज, राधाकृष्ण, काली मैया आदि भव्य झाँकियां थीं। यह शोभायात्रा दबतोरी रोड, पिंदारा रोड, हाइवे वे, मुहल्ला सराय, साहूकारा, बुधबाजार होते हुए ब्रह्मकुंज पर जाकर सम्पन्न हुई। राधाकृष्ण स्वरूप में कलाक़ारों ने नृत्य कर सभी का मनमोह लिया। काली की तलवारबाजी का बच्चों ने भरपुर आनंद लिया। शोभायात्रा का नगर में जगह जगह भव्य स्वागत हुआ। युवा ब्राह्मणों में गजब का जोश था। इस शोभायात्रा में चंद्रपाल पाठक, अखिलेश मिश्र, अमन मयंक शर्मा, हिमाँशु उपाध्याय, दीपक पाठक, अभीक्ष पाठक, दया मिश्र, सत्यनारायन शर्मा, आकाश मिश्रा, वरुण शर्मा, लखन शर्मा, सुधीर शर्मा, जय प्रकाश मिश्र, सोनू पंडित, अभिषेक शर्मा, नितिन मिश्र, मनु शर्मा, सभासद तरुण शर्मा, सारांश वशिष्ठ, जय प्रकाश शर्मा, नरेंद्र पाठक, नारायन हरी, सुधाँशु पाठक, विपिन शर्मा, आशुतोष पाठक, प्रभाकर शर्मा, गजेंद्र शर्मा, अजय पाराशरी, अवधेश दीक्षित, अंकुर पाराशरी, जगदीश पाठक आदि ब्राह्मण वंधु मौजूद रहे।

## जहानाबाद के जंगल में शव मिलने से सनसनी

**बदायूं।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के अंतर्गत जहानाबाद गांव के जंगल में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीण जब जंगल की तरफ गए, तो उन्होंने झाड़ियों में शव देखकर पुलिस को सूचित किया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 40 से 50 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास के थानों में गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# हिफ्ज ए कुरआन की डिग्री से नवाजे गए आमिर



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा में जलसा ए दस्तारबंदी व फातिहा का आयोजन मदरसे के प्रिंसिपल मो. इफ्तेखार अशरफी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मदरसे से फारिग होने वाले मो. आमिर रजा को हिफ्ज ए कुरआन की डिग्री से नवाजा गया।

आखिर में मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई। जलसे का आगाज कारी अब्दुल गफ्फार साहब ने कलाम ए पाक की तिलावत से किया। मुख्य अतिथि कादरी मस्जिद के इमाम मौलाना अफलाक रजा उवैसी ने कहा कि तालीम मौजूदा वक्त में सभी की जरूरत है। तालीम हासिल करने के लिए हमें कहीं भी जाना पड़े तो इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। बड़ी मस्ज़िद के इमाम मौलाना मो. बिलाल रजा ने अपनी तकरीर में कहा कि आज वक्त की जरूरत है कि हम दीनी व दुनियावी दोनों तालीम हासिल करें। मस्ज़िद बिलाल के इमाम हाफिज शादाब रजा उवैसी ने नमाज और अल्लाह का जिक्र करने की नसीहत करते हुए सभी से दिन के रास्ते पर चलने की दरखास्त की। जलसे की सरपरस्ती हाफिज शरीफ जामी ने की। आखिर में मदरसे के प्रिंसिपल मो. इफ्तेखार अशरफी ने आए हुए मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर मौलाना मो. असलम रजा, मो. इसहाक सैफी, मो. मुबीन आदि मौजूद रहे।

# हैदराबाद का स्कोर दो विकेट पर 110 के पार



**हैदराबाद** । आज आईपीएल 2026 का 67वां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच हैदराबाद में खेला जा रहा है। इस मैच में आरसीबी की नजरें खुद को शीर्ष पर बरकरार रखने पर हैं। वहीं, हैदराबाद भी जीत के साथ शीर्ष-दो में एंट्री करना चाहेगी।

सुयश शर्मा ने अभिषेक शर्मा को आउट कर सनराइजर्स हैदराबाद को दूसरा झटका दिया है। अभिषेक 22 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए।

अभिषेक शर्मा अर्धशतक लगाकर क्रीज पर मौजूद हैं। उन्होंने खुद को मिले जीवनदान का बखूबी फायदा उठाया है। अभिषेक और ईशान किशन के बीच दूसरे विकेट के लिए साझेदारी पनप रही है। पावरप्ले समाप्त हो चुका है और हैदराबाद ने एक विकेट पर 63 रन बना लिए हैं। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन क्रीज पर मौजूद हैं।

हैदराबाद को पहला झटका रसिख सलाम डार ने दिया। उन्होंने ट्रेविस हेड को बोल्ड किया। वह 16 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अब अभिषेक का साथ देने ईशान किशन आए हैं।

हैदराबाद की पारी शुरू हो चुकी है। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड क्रीज पर मौजूद हैं। आरसीबी शुरुआत से ही दबाव बनाना चाहेगी। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। कप्तान पैट कमिंस ने बताया कि उन्होंने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं, आरसीबी के खेमे में जैकब बेथेल की जगह रजत पाटीदार आए हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), क्रुणाल पांड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा, रसिख सलाम डार।

**इम्पैक्ट खिलाड़ी :** टिम डेविड, कनिष्क चौहान, स्वप्निल सिंह, अभिनंदन सिंह, जॉर्डन कॉक्स।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन, सलिल अरोड़ा, स्मरण रविचंद्रन, नीतीश कुमार रेड्डी, पैट कमिंस (कप्तान), शिवांग कुमार, ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन।

**इम्पैक्ट खिलाड़ी :** प्रफुल्ल हिंगे, अनिकेत वर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, हर्ष दुबे, हर्षल पटेल।

# मलेशिया मास्टर्स में समाप्त हुआ अश्मिता चालिहा का सफर, क्वार्टर फाइनल में मिली हार



**कुआलालंपुर।** भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स में शानदार अभियान क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। अश्मिता को महिला एकल वर्ग में लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के हाथों शिकस्त मिली।

भारत की अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में शानदार सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हार के साथ थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरुआती गेम जीता, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाईं और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21, 18-21, 11-21 से हार गईं। चालिहा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। लाइन इसके बाद वापसी करके 19-18 से आगे हो गईं, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें चालिहा ने एक बार फिर 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 13-13 से बराबरी कर ली। इसके बाद लाइन ने मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। अंतिम गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा क्योंकि लाइन ने शुरुआत में ही 8-4 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम कर लिया और चालिहा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

# आईपीएल को प्राथमिकता नहीं मानते सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान कमिंस, बोले- टेस्ट क्रिकेट है जरूरी



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने फ्रेंचाइजी को तीन सीजन में दूसरी बार प्लेऑफ तक पहुंचाया है। कमिंस के नेतृत्व में सनराइजर्स ने टी20 क्रिकेट में अपनी छवि पूरी तरह से बदल दी है और आईपीएल में अधिक आक्रामक शैली अपनाई है। हालांकि, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच से पहले कमिंस ने एक बार फिर संकेत दिया है कि आईपीएल और एसआरएच उनके करियर की सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं है और न ही निकट भविष्य में होगी।

कमिंस ने स्पष्ट रूप से कहा कि अगले 18 महीनों में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट, विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट, उनकी प्राथमिकता बनी रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इसी वजह से उन्होंने आईपीएल सीजन के दौरान चोट से उबरने के लिए लंबा ब्रेक लिया था। पिछले साल लगी पीठ की चोट से उबरने के दौरान कमिंस हैदराबाद के लिए आईपीएल सीजन के लगभग आधे यानी सात मैच नहीं खेल पाए। उन्होंने दिसंबर और जनवरी में एक एशेज टेस्ट मैच खेला, जिसके बाद उन्होंने फिर से लंबे समय तक आराम किया। टेस्ट और वनडे मैचों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए कमिंस ने कहा कि वह निकट भविष्य में एक भी टेस्ट मैच नहीं छोड़ना चाहते।

कमिंस ने कहा, मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला है। मेरी प्राथमिकता ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट है, नंबर 1, खासकर टेस्ट क्रिकेट। टेस्ट कप्तान के तौर पर मैं कोई भी टेस्ट क्रिकेट मैच मिस नहीं करना चाहता और ऑस्ट्रेलिया के लिए जितने ज्यादा मैच हो सकें, उनमें खेलने के लिए खुद को उपलब्ध कराता हूं।

# 'वैभव सूर्यवंशी को अगला सचिन तेंदुलकर न कहें' दिनेश कार्तिक ने की बोझ नहीं डालने की अपील

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अपनी बल्लेबाजी से धूम मचा रहे हैं। वैभव को त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीम में जगह मिल गई है। कई फैंस उनकी तुलना महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से करने लगे हैं। लेकिन पूर्व भारतीय बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने लोगों से ऐसा नहीं करने की अपील की है। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर आईपीएल 2026 में धूम मचा रहे 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की तुलना महान सचिन तेंदुलकर से कर उन पर बोझ न डाला जाए। कार्तिक ने कहा कि इस युवा खिलाड़ी के सामने आने वाली चुनौतियां बिल्कुल अलग होंगी। कार्तिक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं।



दिनेश कार्तिक ने एक पॉडकास्ट में कहा, वैभव जो कर रहा है, वह बहुत खास है। लेकिन मैं लोगों से यह नहीं चाहता कि वे उसे अगला सचिन' कहना शुरू कर दें। वह अभी सिर्फ 15 साल का है और इस उम्र में ऐसा शानदार प्रदर्शन कर रहा है। मेरा मानना है कि सचिन ने जो किया था, वह असाधारण था। वैभव के सामने आने वाली चुनौतियां बिल्कुल अलग होंगी। सचिन के सामने जितनी चुनौतियां मैदान पर थीं, उतनी ही मैदान के बाहर भी थीं। वैभव के सामने आने वाली चुनौतियां निश्चित रूप से मैदान के बाहर ज्यादा होंगी। उसके पास क्रिकेट के हुनर की कोई कमी नहीं है। उसे तो खेल के बाहर की चीजों से निपटना सीखना होगा।

2008 से लेकर 2026 तक आईपीएल में हुए बदलावों पर चर्चा करते हुए कार्तिक ने कहा, आईपीएल अपनी शुरुआत से लेकर आज जिस मुकाम पर है, वह पूरी तरह से एक अलग ही रूप ले चुका है। इस खेल ने तेजी से विकास किया है। इसमें बहुत कुछ बदल गया है। यह अब तक का सबसे तेजी से बढ़ने वाला फॉर्मेट है। यह बहुत से लोगों के लिए एक बेहतर जीवनशैली का जरिया बन गया है। साथ ही, यह उन सभी युवा लड़कों और लड़कियों के लिए एक बहुत ही मजबूत करियर विकल्प के तौर पर उभरा है, जो इस खेल को अपनाना चाहते हैं। बहुत ही कम समय में यह दुनिया के दूसरे खेल टूर्नामेंट्स को कड़ी टक्कर दे रहा है।

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अपने प्रदर्शन से दुनियाभर के क्रिकेट फैंस को हैरान और रोमांचित किया है। सूर्यवंशी ने 13 मैचों में 579 रन बनाए हैं। राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेल रहे इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने सीजन में एक शतक और तीन अर्धशतक लगाए हैं। इतना ही नहीं, वैभव आईपीएल के एक सीजन में 50+ छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं।

# महंगाई के बीच बढ़ सकती हैं ब्याज दरें, जून से महंगा हो सकता है लोन

**नई दिल्ली।** लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल के बाद अब ब्याज दरें भी आपकी जेब ढीली करने वाली हैं। आरबीआई जून यानी अगले महीने से ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर रहा है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड के अर्थशास्त्रियों ने बृहस्पतिवार को नोट में कहा, ईरान संकट के कारण कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई पर बढ़ते जोखिम को देखते हुए आरबीआई जून से ही ब्याज दरें बढ़ाना शुरू कर सकता है। इसके बाद अगस्त में भी एक बढ़ोतरी होगी। अर्थशास्त्री अनुभूति सहाय और सौरभ आनंद ने कहा, वैश्विक बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और अन्य एशियाई केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरें बढ़ाने से आरबीआई पर भी दबाव बढ़ रहा है। दोनों अर्थशास्त्रियों ने कहा, मौजूदा हालात को देखते हुए आरबीआई रेपो दर में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी कर सकता है, जिसे जून और अगस्त के बीच बराबर बांटा जाएगा। हालांकि, अगर 3 जून से होने वाली आरबीआई की तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर में वृद्धि नहीं हुई, तो अगस्त में एक साथ 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी की जा सकती है। अगर ऐसा हुआ, तो आपके कार, होम और पर्सनल लोन की ईएमआई बढ़ जाएगी।




# बांग्लादेश के खिलाफ मिली करारी हार के बाद भी कप्तानी जारी रखना चाहते हैं मसूद, PCB होगा संतुष्ट?

**कराची।** बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली करारी हार के बाद भी शान मसूद पाकिस्तान टेस्ट टीम की कमान जारी रखना चाहते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मसूद फिलहाल कप्तानी छोड़ने के बारे में नहीं सोच रहे हैं।



पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में मिली करारी हार के बाद भी शान मसूद टीम की कप्तानी आगे भी जारी रखना चाहते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्रों से संकेत मिले हैं कि मसूद टेस्ट टीम की कमान जारी रखने के मूड में हैं। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी फिलहाल मध्य पूर्व संघर्ष में संघीय गृह मंत्री के रूप में अपनी भूमिका में व्यस्त हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि इसी वजह से पीसीबी प्रमुख के रूप में उन्हें क्रिकेट मामलों पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करने के लिए बहुत कम समय मिल रहा है।

मसूद के एक करीबी सूत्र ने बताया कि वह कप्तानी आगे जारी रखने चाहते हैं, लेकिन टेस्ट टीम के चयन में कुछ संरचनात्मक परिवर्तन चाहते हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट में प्रभावी लॉबी का मसूद को समर्थन प्राप्त है और वह मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र तक कप्तान बने रहना चाहते हैं। एक सूत्र ने कहा, शान ने बोर्ड को बताया है कि कोचिंग पदों और टीम प्रबंधन में लगातार बदलाव उनके लिए कप्तान के रूप में और एक मजबूत टेस्ट टीम बनाने के उनके प्रयासों के लिए मददगार साबित नहीं हुए हैं।

एक अन्य विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि कप्तानी को लेकर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया सीरीज के बाद और वेस्टइंडीज के टेस्ट दौरे से पहले कप्तानी और मसूद के भविष्य पर निर्णय लेने के लिए एक उच्च स्तरीय बोर्ड बैठक आयोजित की जाएगी।

बांग्लादेश दौरे पर गई पाकिस्तान टीम को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। ढाका टेस्ट 104 रन से गंवाने के बाद पाकिस्तान सिलहट टेस्ट भी 78 रन से हार गई थी। सिलहट टेस्ट में बांग्लादेश ने पहली पारी में 278 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान की टीम 232 रन पर सिमट गई। पहली पारी में बढ़त लेने के बाद बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 390 रन बनाए और पाकिस्तान को 437 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान 358 रन पर ऑलआउट हो गई और 78 रन से मैच हार गई।

विश्वकप से पहले कंगाली में पाकिस्तान हॉकी टीम

# खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा पैसा 1000 रुपये भत्ते पर मचा बवाल

**नई दिल्ली।** विश्व कप से पहले पाकिस्तान हॉकी टीम आर्थिक संकट में फंस गई है। खिलाड़ियों ने बकाया भुगतान न मिलने और ट्रेनिंग भत्ता 3000 से घटाकर 1000 रुपये किए जाने पर पीएचएफ के खिलाफ नाराजगी जताई है।



एक तरफ पाकिस्तान हॉकी टीम एफआईएच विश्व कप और प्रो लीग की तैयारियों में जुटी है, वहीं दूसरी तरफ खिलाड़ियों की आर्थिक बदहाली ने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) की पोल खोलकर रख दी है। हालात इतने खराब हैं कि राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी अपने ही बोर्ड से बकाया रकम और दैनिक भत्ते की गुहार लगा रहे हैं। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने विदेशी दौरों के लिए खिलाड़ियों और अधिकारियों को 110 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन देने का एलान तो कर दिया, लेकिन खिलाड़ियों का कहना है कि उन्हें अब तक पुराने बकाये तक नहीं मिले हैं। ऊपर से ट्रेनिंग कैंप का दैनिक भत्ता 3000 पाकिस्तानी रुपये से घटाकर सिर्फ 1000 रुपये कर दिया गया है।

पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 1000 रुपये रोजाना में एक खिलाड़ी क्या तैयारी करेगा। खिलाड़ियों के मुताबिक यह रकम राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सीधा अपमान है।

# भारतीय दवा उद्योग पर बड़ा संकट, बढ़ सकती हैं पैरासिटामोल और एंटीबायोटिक्स की कीमतें

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध से भारत के 50 अरब डॉलर के दवा उद्योग पर भारी संकट आ गया है। 'होर्मुज' जलडमरूमध्य और खाड़ी क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने से दवा का कच्चा माल (एपीआई) पहुंचने में दिक्कत हो रही है।



ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध और खाड़ी क्षेत्र में बढ़ती अस्थिरता का बुरा असर अब आम इंसान की सेहत और जेब पर पड़ने वाला है। दुनिया भर में सबसे ज्यादा सस्ती (जेनेरिक) दवाएं भेजने वाले भारत के दवा उद्योग पर एक बहुत बड़ा संकट मंडरा रहा है। इस युद्ध के कारण दवा बनाने के लिए जरूरी कच्चे माल की कमी हो सकती है, माल ढुलाई का खर्च बढ़ सकता है और सप्लाई चेन टूट सकती है। इसका सीधा मतलब यह है कि आने वाले दिनों में पैरासिटामोल, एंटीबायोटिक्स और डायबिटीज जैसी आम बीमारियों की दवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं और इनकी कमी भी हो सकती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।